e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

वर्ष 10, अंक 72

सुविचार

माहोल से ज्यादा व्यक्ति के भीतर ही बदलाव की जरूरत होती है।

# प्रभात मंत्र

गुरुवार

16.03.2023

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 । मूल्य 3 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23



# झारखंड में खनिज संपदाओं की मची है लूट रोके सरकार : भुनेश्वर मेहता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** स्थानीय परिसदन भवन में बुधवार को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के हजारीबाग के पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, राज्य सचिव महेंद्र पाठक जिला सचिव रुचिर कुमार तिवारी, वरिष्ठ वामपंथी नेता सूर्यपत सिंह ने प्रेस वार्ता किया। मौके पर नेताओं ने कहा कि पूरे झारखंड में खनिज संपदाओं की लूट मची हुई है। जिसमें पलामू जिला सबसे एक नंबर में है। यहां पत्थर खनन का लूट मचा हुआ है जिसमें सरकारी भूमि वन विभाग की भूमि , गैरमजरूआ भूमि, गरीबों की खतीनानी भूमि को भी बिना ग्रामसभा किए लीज पर दिया जा रहा पलामू जिला के नौडीहा बाजार अंचल के ग्राम कुहकू कला में खतियानी रैयत के भूमि पर लीज दे दिया है जिस पर अभी मुकदमा भी चल रहा है तीन घरों को ध्वस्त कर दिया गया और घर के अंदर ही सारा सामान दब गया फिर भी अभी तक उन लोगों पर मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। यहां तक की लीज के जमीन के पास ही दो -दो जलाशय योजना भी सरकार के द्वारा बना हुआ है फिर भी लीज मिल जाना सरकारी तंत्र और बड़े पदाधिकारियों की मिलीभगत है। पूरे पलामू जिला में नौडीहा बाजार, छतरपुर, हरिहरगंज रामगढ़ चैनपुर इलाकों में लूट मचा हुआ है लीज धारण करने के लिए ग्राम सभा करने के बाद 80 प्रतिशत ग्रामीणों की होना सहमति होना आवश्यक है लेकिन ऐसा कहीं भी नहीं हुआ। माननीय हाईकोर्ट पलामू जिला में अवैध लीज पर खनन की जांच करने के लिए सरकार के पदाधिकारियों को प्रतिनिधि बनाया है हम माननीय हाईकोर्ट का सम्मान करते हैं जांच करें और उत्खनन को रद्द कर दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई करें लेकिन साथ ही साथ यह मांग करते हैं कि इसकी जांच हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज सेवानिवृत्त पदाधिकारी से करनी चाहिए। क्योंकि कहीं न कहीं इस सब में सरकारी तंत्र की भी मिलीभगत है और ऐसी स्थिति में यह जांच भी संदेह के घेरे में होगा। और उसी के तहत पैसा का खेल मचा हुआ है, झारखंड मैं बालू का भी लूट मचा हुआ है। बालू को टेंडर सरकार अभिलंब करें या ग्रामसभा को उसकी जिम्मेदारी दे पलामू एसपी नौडीहा बाजार मामले में अभिलंब लीजधारक अपराधियों पर एफ आई आर दर्ज कर परिवार को उचित मुआवजा प्रदान करें। और उपायुक्त पलामू अवैध तरीके से लिया गया लीज को रद्द करे अन्यथा 18 तारीख के बाद उपायुक्त पलामू के समक्ष आमरण अनशन पर बैठेंगे। और 14 अप्रैल से पूरे झारखंड में भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी गांव गांव घूम घूम कर लोगों को गोलबंद कर आंदोलन को तेज किया जाएगा। मौके पर राज्य कार्यकारिणी सदस्य जितेंद्र सिंह, नगर सचिव सुरेश ठाकुर, नौजवान संघ के उपाध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी, नसीम राइन, सोनू अहमद, बिजय कुमार ठाकुर, आदि मौजूद थे।



# एसपी के आदेश पर सड़क दुर्घटना की रोकथाम हेतु लगाया गया डिवाइडर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू एसपी चंदन सिन्हा के निर्देशानुसार ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह के नेतृत्व में रांची रोड डीएवी स्कूल, रेड़मा ओवर ब्रिज और रिलायंस पेट्रोल पंप के पास वाहन की गति सीमा को कंट्रोल करने के लिए ड्रम डिवाइडर लगाया गया। ड्रम डिवाइडर लगाने के पश्चात उसमें रिफ्लेक्टर स्टीकर भी चिपकाया गया।ताकि रात्रि में भी वाहन चालकों को डिवाइडर आसानी से दिख सके। मौके पर उपस्थित ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह ने वाहन चालको से आग्रह करते हुए कहा है कि भीड़ भाड़ और रास्ते में वाहन चलाते समय लोग स्पीड पर कंट्रोल रखें। उन्होंने कहा कि आए दिन तेज गति की वजह से लोग सड़क दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं, इसके बाद भी लोग वाहन चलाते समय स्पीड पर कंट्रोल नहीं कर रहे हैं। उन्होंने लोगों से अपील किया है कि वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग जरूर करें, दुर्घटना होने के बाद भी आप सुरक्षित रह सके। उन्होंने कहा कि आए दिन रांची रोड में सड़क दुर्घटना की संख्या बढ़ती जा रही है। इसी के मद्देनजर पलामू एसपी के निर्देशानुसार रांची रोड में ड्रम डिवाइडर लगाया गया है ताकि लोग सड़क दुर्घटना से बच सके। ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह ने कहा एसपी के आदेश पर डाल्टेनगंज छह मुहान चौक से लेकर रांची रोड,पांकी रोड रेड़मा ओवर ब्रिज सहित अन्य जगहों पर डिवाइडर लगाया गया है ताकि दुर्घटना ना हो।



# जिले में मैट्रिक व इंटर की परीक्षा शुरू, उपायुक्त ने किया औचक निरीक्षण

## कदाचारमुक्त व शांतिपूर्ण परीक्षा करायें संचालन : उपायुक्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** झारखंड अधिविध परीक्षा परिषद (जैक) की ओर से वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा-2023 की विधिवत परीक्षा आज से शुरू हो गई है। कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण परीक्षा संचालन को लेकर उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने गिरीवर प्लस टू उच्च विद्यालय, मेदिनीनगर स्थित परीक्षा केन्द्र का औचक निरीक्षण कर परीक्षा संचालन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उपायुक्त ने केन्द्राधीक्षक एवं वीक्षकों को शांतिपूर्ण परीक्षा संचालन का निदेश दिया। उपायुक्त ने पलामू जिले के सभी परीक्षा केन्द्रों के केन्द्राधीक्षक एवं वीक्षकों को कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा संपन्न कराने का सख्त निदेश दिया है। उन्होंने कहा है कि परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षार्थियों के प्रवेश के दौरान ही प्रवेश पत्र की जांच सख्ती से करना सुनिश्चित करें। मैट्रिक के विद्यार्थियों के लिए वाणिज्य एवं गृहविज्ञान की परीक्षा प्रथम पाली में आज की परीक्षा 18 परीक्षा केन्द्रों पर संपन्न हुई। मैट्रिक परीक्षा के लिए 1359 आवंटित परीक्षार्थियों में से 1341 उपस्थित हुए, जबकि 18 अनुपस्थित रहे।वहीं इंटरमीडिएट में अनिवार्य मूल विषय मातृभाषा, हिन्दी-ए, बी एवं अंग्रेजी-ए की परीक्षा दूसरे पाली में आज की परीक्षा 35 परीक्षा केन्द्रों पर संपन्न हुई। इसमें कुल आवंटित 14088 परीक्षार्थियों में से 13730 परीक्षार्थी उपस्थित हुए, जबकि 358 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय से प्राप्त खैरियत रिपोर्ट के अनुसार किसी भी परीक्षा केन्द्रों पर निष्कासन की सूचना नहीं प्राप्त हुई है। जिलेभर में परीक्षा कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई।



# पुलिस ने अवैध विदेशी शराब भरी कंटेनर ट्रक को किया जब्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नावा बाजार :** पड़वा औरंगाबाद एनएच 139 मुख्य पथ पर कंडाघाट में, पलामू आफकारी विभाग के इंस्पेक्टर संजय कुमार पुलिस बल के साथ अवैध इंग्लिश शराब भारी कंटेनर लोड एमपी से पंजाब के जाने दौरान किया गया जप्त कंटेनर में ट्रक से भारी हजारों पेटी इंग्लिश शराब बंद है जोकि करोड़ों की लागत बताई जा रही है। कंटेनर ट्रक चालक और उप चालक फरार हैं। सूचना मिलते ही नवा बाजार प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहम्मद अमीर हमजा एवं नवा बाजार अंचल अधिकारी राकेश कुमार श्रीवास्तव घटनास्थल पर पहुंचकर जानकारी लिए और करवाई करने का निर्देश दिया गया। मौके पर उपस्थित अवर निरीक्षक नंद किशोर दास एवं कुणाल राजा अपने सहयोगी पुलिस के साथ मौजूद रहे।



# नाबालिग को भगाने के आरोप में लड़का गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर :** थाना क्षेत्र के चटीपार गांव से एक नाबालिक लड़की को शादी के नियत से भगाकर ले जाने के क्रम में सूचना मिलने के बाद चैनपुर पुलिस ने आरोपी लड़का को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया है। इस मामले में प्रभारी थाना प्रभारी भगवान सिंह ने बताया कि लड़की के मां के द्वारा कंकारी गांव निवासी 18 वर्षीय सोनू पाल पर मामला दर्ज कराया गया है इसी आलोक में कार्रवाई करते हुए सोनू पाल को जेल भेजा गया है ।उन्होंने बताया कि काफी दिनों से 14 वर्षीय नाबालिक लड़की के साथ सोनू पाल का प्रेम प्रसंग चल रहा था 10 दिन पहले मामला बिगड़ते देख पंचायती कर मामला को सुलझा दिया गया था लेकिन मंगलवार को फिर सोनू पाल लड़की के घर पहुंचकर लड़की को लेकर शादी की नियत से भाग रहा था उसे डाल्टनगंज में पकड़ लिया गया है।लड़की को फिलहाल चाइल्ड हेल्पलाइन भेजा गया है।

# जगुआर के जवान ने ट्रेनिंग के दौरान की आत्महत्या, जैप-8 में चल रहा है प्रशिक्षण शिविर



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू नक्सल विरोधी अभियान में तैनात जगुआर के एक जवान ने ट्रेनिंग के दौरान आत्महत्या कर ली है। जवान अनीश वर्मा पलामू के लेस्लीगंज स्थित जैप-8 के मुख्यालय में स्पेशल ट्रेनिंग कोर्स कर रहा था। अनिश वर्मा पिछले कुछ दिनों से जैप 8 के मुख्यालय में ही ट्रेनिंग ले रहा था। जवान अनीश वर्मा को ट्रेनिंग के लिए उठाने गए तो वहां संदिग्ध हालत में उसका शव मिला. साथी जवान अनीश वर्मा को एमएमसीएच ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. घटना की जानकारी मिलने के बाद जैप 8 और पुलिस के वरीय अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। पूरे मामले में छानबीन की जा रही है।जवानों ने जैप 8 के डीएसपी पर गंभीर आरोप लगाया है। घटना के बाद जवानों में आक्रोश है. जैप-8 के मुख्यालय में करीब 400 जवान ट्रेनिंग ले रहे हैं. सभी जवानों को 27 जनवरी से ट्रेनिंग दी जा रही है. अनीश वर्मा मूल रूप से जमशेदपुर के बागबेड़ा के बीडी रोड के रहने वाले हैं. वे 2015 से जगुआर में तैनात हुए थे. जगुआर में तैनात होने के बाद अनीश वर्मा बूढ़ापहाड़, सारंडा समेत कई बड़े नक्सल अभियान में शामिल रहे. घटना की जानकारी परिजनों को दे दी गई है। परिजन जमशेदपुर से पलामू के लिए रवाना हो गए हैं। अनीश वर्मा के शव को एमएमसीएच में रखा गया है. दंडाधिकारी की तैनाती में शव का पंचनामा और पोस्टमार्टम किया जाएगा। जवानों ने जैप मुख्यालय में तैनात एक डीएसपी पर जवान को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। जवानों ने बताया कि डीएसपी ने कुछ दिनों पहले जवान को काफी प्रताड़ित की थी, जिस कारण जवान तनाव में था। जवानों ने बताया कि मुख्यालय में प्रशिक्षण देने वाले कई लोग स्थानीय हैं और वे शाम को चले जाते हैं और बाहरी लोगों को तंग किया जाता है. परिजनों के पलामू पहुंचने के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी. शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया जाएगा. आत्महत्या मामले की जांच के लिए जैप में एक कमेटी का भी गठन किया जा है. घटनास्थल पलामू के लेस्लीगंज का थाना क्षेत्र का है।

# विश्वकर्मा कल्याण बोर्ड की गठन की घोषणा के बाद विश्वकर्मा वंशजों ने जताया आभार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पांडू :** मध्य प्रदेश सरकार के द्वारा विश्वकर्मा बोर्ड की घोषणा मंगलवार के दिन कर दी गई है. जिसके बाद देश भर के विश्वकर्मा वंशजों में खुशी का माहौल है.इन दिनों झारखण्ड के पलामू में भी मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री आदरणीय शिवराज सिंह चौहान के कार्यों की सराहना की जा रही है. हलाकि झारखण्ड में भी विश्वकर्मा कल्याण बोर्ड गठन को लेकर झारखण्ड के पक्ष विपक्ष के कई नेताओ को भी ज्ञापन सौंपा गया है। मौके पर उपस्थित लव विश्वकर्मा ने कहा कि मध्य प्रदेश के तर्ज पर झारखंड में भी विश्वकर्मा बोर्ड की गठन कर विश्वकर्मा वंशजों को हर सुविधा उपलब्ध करना चाहिए. मौके पर मनोज विश्वकर्मा, राधेश्याम विश्वकर्मा, धर्मेंद्र विश्वकर्मा, अनिल शर्मा, हरसू शर्मा, राधेश्याम विश्वकर्मा, सुनील विश्वकर्मा, के साथ-साथ अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

# भगत तेंदुआ स्थित गोदाम से 30 बोरी चावल की चोरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** थाना क्षेत्र के भगत तेंदुआ गांव के समीप एनएच 98 किनारे स्थित शहर के प्रसिद्ध व्यवसायी भोला प्रसाद गुप्ता के गोदाम का मंगलवार की रात ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने 30 बोरी चावल की चोरी कर ली । बुधवार की सुबह गोदाम खोलने आए मुनीब अनिल साव ने गोदाम के बाहर दो बोरी चावल गिरा हुआ पाया। बाद में देखा कि गोदाम का मेन गेट का ताला टूटा हुआ है इसकी जानकारी उसने गोदाम मालिक को दी। वहीं सूचना के बाद प्रभारी थाना प्रभारी निर्भय कुमार, एसआई शिवशंकर उरांव तथा एएसआई संजय कुमार सिंह दलबल के साथ पहुंचकर गोदाम का निरीक्षण कर पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। इस संबंध में प्रभारी थाना प्रभारी निर्भय कुमार ने बताया कि पुलिस गहनता से छानबीन कर चोरी की घटना को अंजाम देने वाले चोर की पता करने में जुटी हुई है।

# वार्ड सदस्यों ने रोजगार सेवक को पंचायत से हटाने के लिए बीडीओ को दिया आवेदन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखण्ड के हुलहुला खुर्द पंचायत के सभी वार्ड सदस्यों ने प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को आवेदन देकर ग्राम रोजगार सेवक श्रवण राम पर हर काम के लिये पैसे मांगने का आरोप लगाते हुये रोजगार सेवक को पंचायत से हटाने की मांग किया है। आवेदन में कहा गया है कि रोजगार सेवक श्रवण राम हर काम के लिये पैसे की मांग करते हैं। वार्ड सदस्यों की बात भी नही सुनते हैं। इसलिये ऐसे रोजगार सेवक को अविलंब पंचायत से हटाते हुये दूसरे रोजगार सेवक को पंचायत में भेजने की मांग किया है। आवेदन पर हस्ताक्षर करने वालो में पंचायत समिति सदस्य राधा देवी, उपमुखिया प्रदीप राम, बसंत प्रसाद, फूलकुमारी देवी, मुन्ना मेहता, गयासुद्दीन अंसारी, सविता देवी, मंजू देवी के नाम शामिल है।

# पांच दिनों से लापता है 14 वर्षीय बालक गुलशन



**हरिहरगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीमावर्ती बिहार के औरंगाबाद जिला अंतर्गत माली थाना क्षेत्र के बिसाई गांव निवासी दुर्गा यादव का 14 वर्षीय पुत्र गुलशन कुमार पिछले पांच दिनों से लापता है। परिजन उसे आस पास के सभी रिश्तेदारों के यहां तलाश करते हुए हरिहरगंज के कुलहिया पंचायत के फुलवरिया गांव पहुंचे। इस संबंध में छात्र राजद प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार यादव ने बताया कि गुलशन कुमार गत 11 मार्च को करीब दस बजे दिन में सीएसपी जाने की बात कह कर अपने घर से निकला था परंतु वह वापस नहीं लौटा।

# हरादाग कला के उप मुखिया को मिला मुखिया का प्रभार

**रमना (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड के हारादाग कला पंचायत के उप मुखिया सहदेव चौधरी को मुखिया का प्रभार दे दिया गया है। इस आशय का पत्र मंगलवार को जारी कर दिया गया। उपायुक्त गढ़वा की ओर से निर्गत पत्र में कहा गया गया है कि हारादाग कला पंचायत की मुखिया प्रमिला देवी को 25 हजार रिश्वत लेते हुए एसीबी पलामू की टीम की ओर से गिरफ्तार किये जाने के फलस्वरूप उन्हें निलम्बित करते हुए मुखिया के सभी शक्तियों, कार्यो एवं कर्तव्यों के निर्वहन के लिए उप मुखिया सहदेव चौधरी कोअधिकृत किया जाता है।

# बजरंगबली की कृपा और राम भक्तों की सेवा से ऐतिहासिक होगा रामनवमी : जुगल किशोर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पूरे देश की तरह पलामू जिला में भी रामनवमी पर्व मनाया जा रहा है। इस अवसर पर पलामू जिला में श्री महावीर नवयुवक दल जनरल पूरी तैयारी के साथ रामनवमी पर्व को ऐतिहासिक बनाने के लिए लगी हुई है। रामनवमी पर्व का इस वर्ष आगाज हो चुका है। जिसकी शुरुआत प्रथम मंगलवारी से शोभा यात्रा निकालकर किया गया। पूरे धूम धाम के साथ पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर के शिवाला घाट की स्थित शिव मंदिर के प्रांगण से रामनवमी पर्व के अवसर पर निकलने वाले मंगलवारी जुलूस का आगाज किया गया। इस अवसर पर मेदिनीनगर के कई रामनवमी समितियों ने भव्य एवं आकर्षक शोभायात्रा निकाला। मौके पर श्री महावीर नवयुवक दल जनरल के अध्यक्ष जुगल किशोर के अलावा काफी संख्या में श्री महावीर नव युवकदल जनरल के पदाधिकारी व सदस्य और सैकड़ों की संख्या में राम भक्तों उपस्थित थे। ढोल नगाड़े, बैंड बाजा, तरसा, लाइट साउंड एवं गाजे-बाजे के साथ आकर्षक तरीके से मंगलवारी जुलूस निकाला गया।जिसका नेतृत्व श्री महावीर नवाकदल जनरल के अध्यक्ष जुगल किशोर चंद्रवंशी ने किया। इस अवसर पर जुगल किशोर चंद्रवंशी ने कहा कि पलामू हर बार रामनवमी पर्व के अवसर पर मिसाल कायम किया है। इस वर्ष भी कुछ ऐसा ही यहां के राम भक्त राम भक्तों के सहयोग से कर दिखाया जाएगा। जिससे लोग बरसो बरसो तक याद रखेंगे। मंगलवारी जुलूस मेदिनीनगर शहर के विभिन्न मार्गो से गुजरता हुआ मेदिनीनगर बाजार स्थित महावीर मंदिर के पास पहुंच कर वहां पर पूजा अर्चना के साथ समाप्त किया गया। पूरे शोभा यात्रा के दौरान जय श्री राम, बजरंगबली के उद्घोष से पूरा आसमान गूंजता रहा।इस अवसर पर विजय ओझा, दुर्गा जौहरी, बबलू गुप्ता, प्रभात उदयपुरी, नागेंद्र प्रसाद नागिन, संजय सिंह उमेश, सोमेश सिंह, प्रभात कुमार अग्रवाल सुरेश कुमार टाम, अजीत सिन्हा, मुकेश अग्रवाल, राजू चंद्रवंशी, कमल गुप्ता, श्याम जी चौधरी, आशीष भारद्वाज, कुंवर अग्रवाल, अरविंद अग्रवाल, अमन कुमार, पंकज शर्मा, राजकुमार बर्मन, गुड्डु बर्मन, संजय बर्मन, अमृत अग्रवाल, अरविंद गुप्ता, चंद्रभूषण चंद्रवंशी, श्वेतांग गर्ग सत्यवान तिवारी अमित आनंद छोटू त्रिपाठी , शंभू अग्रवाल, मुन्ना कुमार लल्लू श्रावण अग्रवाल, अमित कुमार टूटू, निकू सिंह, एवं काफी संख्या में राम भक्त मौजूद थे।

# जान देंगे लेकिन जमीन नहीं देंगे, भू माफिया के खिलाफ भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने किया प्रदर्शन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के गढ़वा जिला परिषद ने बुधवार को गढ़वा के रमुना वन विभाग के मैदान में आम सभा किया गया इससे पहले सुनील मुखर्जी नगर से जुलुस निकाला गया।सभा की अध्यक्षता गणेश सिंह ने किया सभा में मुख्य रूप से हजारीबाग के पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, राज्य सचिव महेंद्र पाठक, वरिष्ठ नेता सूर्यपत सिंह, राज्य परिषद सदस्य सुरेश ठाकुर और पलामू जिला सचिव उपस्थित थे। मौके पर गढ़वा जिला सचिव राजकुमार राम, रामेश्वर प्रसाद अकेला सहित सभी साथियों ने भूमि माफिया के खिलाफ रोष व्यक्त किया। आम सभा को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद भुनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि पार्टी ने इलाका में जमींदारों से जमीन छीनकर गरीब भूमिहीन और दलितों के बीच में बांटा था आज भूमाफिया की नजर उस पर पड़ी है और यह सरकार और पदाधिकारियों की मिलीभगत के कारण है किसी भी कीमत पर बसे हुए लोगों को उजड़ने नहीं दिया जाएगा जमीन पर उनको उनका मालिकाना हक कम्युनिस्ट पार्टी दिलवा कर रहेगी राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने कहा कि हम ने नारा दिया है कि जमीन बचाओ खेती बचाओ गांव बचाओ उसी के तहत 14 अप्रैल से पूरे झारखंड के गांव गांव का दौरा होगा और गरीब मजदूरों को गोलबंद किया जाएगा। मौके पर जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने कहा कि आज गढ़वा जिला में जमीन माफियाओं की लूट मची हुई जमीन माफिया फुल जमींदार परिवार और पुलिस प्रशासन की सांठगांठ बनी हुई है और उसी के तहत 40 वर्ष से बसे दलित एवं गरीब परिवार को गढ़वा के सुनील मुखर्जी नगर से उजाड़ने का प्रयास किया जा रहा है उनके इस रूप में भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी कभी पूरा नहीं होने देगी। यहां के स्थानीय विधायक भानु प्रताप शाही अपना वेतन बढ़ाने के लिए मंगहाई का हवाला देकर विधानसभा में गुहार लगा रहे वहीं दूसरी ओर केंद्र के मोदी सरकार महंगाई बढ़ाकर आराम के लिए दो जून का रोटी भी खाना दुर्लभ कर दिया। नई शिक्षा नीति लाकर देश के नौजवानों छात्र नौजवानों को पढ़ाई करने से भी वंचित रखा जा रहा है आज अमीरों की संपत्ति बढ़ती जा रही है और गरीबों की कम होती जा रही है इसका कारण भाजपा की कॉर्पोरेट पक्षी नीति है। रोजगार देने के नाम पर केंद्र और राज्य दोनों की सरकार साबित हो रही है आज पूरे देश में बेरोजगारों की लंबी फौज खड़ी हो गई है ऐसी परिस्थिति में जल जंगल जमीन की रक्षा के लिए संपूर्ण संकल्प होकर उलगुलान करना होगा। और किसी भी कीमत में जान देंगे परंतु जमीन नहीं देंगे के नारा के साथ संघर्ष को तेज करेंगें।

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 10, अंक 72
सुविचार
माहोल से ज्यादा व्यक्ति के भीतर ही बदलाव की जरूरत होती है।
# प्रभात मंत्र
गुरुवार
16.03.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23





## बजट के मुख्य बिंदु

### कृषि
- झारखण्ड कृषि ऋण माफी योजना अंतर्गत 4.5 लाख से अधिक किसानों के ₹1,727 करोड़ के ऋण माफ
- सुखाड़ राहत हेतु 13 लाख किसानों के खाते में ₹461 करोड़ हस्तांतरित। शेष को शीघ्र राहत
- 5 एकड़ से कम क्षेत्र वाले तालाबों का गाद हटाने एवं डीप बोरिंग हेतु ₹500 करोड़
- मुख्यमंत्री पशुधन योजना से जुड़ेंगे लाखों किसान। ₹300 करोड़ का बजटीय उपबंध
- गिरिडीह और जमशेदपुर में नया डेयरी प्लांट तथा रांची में मिल्क प्रोडक्ट प्लांट की होगी स्थापना
- लाखों दुग्ध उत्पादकों को अब ₹3 प्रति लीटर की दर से मिलेगी प्रोत्साहन राशि
- मिलेट उत्पादन के प्रोत्साहन हेतु झारखण्ड राज्य मिलेट मिशन होगा शुरु

### ग्रामीण विकास
- बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन मिशन अंतर्गत 1 लाख किसानों की व्यक्तिगत भूमि पर सिंचाई कूप का निर्माण
- पीएम आवास – ग्रामीण इलाकों में घरों के निर्माण हेतु ₹3,542 करोड़ प्रस्तावित

### ग्रामीण कार्य
- पीएम ग्राम सड़क अंतर्गत 3,100 किमी सड़क तथा 143 पुल निर्माण की योजना
- सीएम ग्राम सड़क अंतर्गत सभी स्वास्थ्य उपकेंद्र, बाजार-हाट, पंचायत कार्यालय, मध्य/उच्च विद्यालय, पोस्ट ऑफिस/बैंक को पक्की सड़क से जोड़ने की योजना
- पुरानी सड़कों को चरणबद्ध तरीके से जीर्णोद्धार करने हेतु सतह नवीकरण-सह-विशेष मरम्मती योजना होगी शुरु

### स्कूली शिक्षा एवं उच्च शिक्षा
- 80 उत्कृष्ट विद्यालय तथा 325 प्रखंड स्तरीय लीडर स्कूलों के साथ-साथ 4,091 ग्राम पंचायत स्तरीय आदर्श विद्यालयों पर कार्य जारी
- नेतरहाट स्कूल की तर्ज पर चाईबासा, दुमका तथा बोकारो में आवासीय विद्यालय का होगा निर्माण
- गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री शिक्षा प्रोत्साहन योजना एवं एकलव्य प्रशिक्षण योजना अंतर्गत करीब 37,000 छात्र-छात्राओं को लाभ देने का लक्ष्य

### श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विभाग
- मुख्यमंत्री सारथी योजना अंतर्गत 1,40,000 युवक-युवतियों को मिलेगा कौशल प्रशिक्षण। प्रशिक्षण उपरांत रोजगार न मिलने पर 6 माह तक पुरुषों को ₹1,000 तथा महिलाओं और दिव्यांगजनों को ₹1,500 प्रतिमाह दिया जायेगा

### अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण
- वित्तीय वर्ष 2022-23 में प्री मैट्रिक छात्रवृति के तहत 22 लाख से अधिक विद्यार्थियों को ₹462 करोड़ से अधिक भुगतान
- मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना (CMEGP) अंतर्गत 5,600 युवाओं को अब तक मिला लाभ। 2023-24 में योजना अंतर्गत 2 लाख युवाओं को लाभ देने का लक्ष्य
- सभी छात्रावासों में छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क भोजन एवं हॉस्टल में रसोईया तथा अन्य कर्मी होंगे उपलब्ध
- हॉस्टल में मॉडल लाइब्रेरी की स्थापना का लक्ष्य
- जनजातीय संस्कृति एवं कला केंद्रों में पारंपरिक वाद्य यंत्रों की आपूर्ति का प्रस्ताव
- मानकी, मुंडा, डकुआ आदि को न्यायिक, प्रशासनिक एवं वित्तीय कार्य हेतु दोपहिया वाहन सुलभ कराने का प्रस्ताव

### स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण
- बोकारो एवं रांची में मेडिकल कॉलेज की होगी स्थापना
- पलामू, चाईबासा एवं दुमका में मनोचिकित्सा केंद्र की स्थापना प्रस्तावित
- मोबाइल ग्राम क्लिनिक का होगा संचालन और प्रबंधन
- नए नर्सिंग और फार्मेसी कॉलेज की होगी स्थापना

### महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा
- सर्वजन पेन्शन योजना हेतु ₹2,131 करोड़ प्रस्तावित
- महिला एवं किशोरी कल्याण योजना होगी शुरु
- 800 नए आंगनबाड़ी भवन का होगा निर्माण

### जल संसाधन
- पटमदा तथा पलामू में मेगा लिफ्ट सिंचाई परियोजनाएं प्रस्तावित। दुमका में मसलिया-रानेश्वर तथा देवघर-जामताड़ा में सिकटिया में मेगा लिफ्ट सिंचाई परियोजना पर चल रहा काम

### पथ निर्माण
- रांची में सिरमटोली चौक से राजेंद्र चौक तक फ्लाईओवर, कांटाटोली फ्लाईओवर तथा विकास विद्यालय से नामकुम तक फोरलेन पर काम जारी
- सड़कें बनेंगी फोरलेन
  1. साहेबगंज-बरहेट-जामताड़ा- दुमका-गोविंदपुर सड़क
  2. कोडरमा-जमुआ-गिरिडीह-टुंडी-गोविंदपुर (SH-13) सड़क
  3. सतसंग-भिरखीबाद सड़क

### ऊर्जा
- 100 यूनिट नि:शुल्क बिजली योजना का 18 लाख उपभोक्ताओं को मिल रहा लाभ। वित्तीय वर्ष 2023-24 में योजना हेतु ₹2,300 करोड़ का बजट

### पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य
- खेलकूद को बढ़ावा देने हेतु ग्रास रूट ट्रेनिंग सेंटर एवं सिद्धो-कान्हू युवा क्लब की होगी स्थापना

### नगर विकास एवं आवास
- रामगढ़ एवं सिमडेगा शहरी जलापूर्ति तथा 45 तालाबों का होगा जीर्णोद्धार
- झुमरीतिलैया तथा मेदिनीनगर शहरी जलापूर्ति योजना एवं राँची इन्टेक वर्क्स का होगा निर्माण
- Jharkhand Municipal Development Project (JMDP) अंतर्गत लोहरदगा, गुमला एवं कपाली नगर निकायों में शहरी जलापूर्ति योजनाओं का निर्माण कार्य होगा प्रारंभ

### वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन
- लघु वन उत्पादों की प्रसंस्करण इकाइयाँ होंगी प्रोत्साहित
- जंगल के बीच अवस्थित गांव, जहां अबतक पक्की सड़क नहीं बनी, उन सभी गांवों को पक्की सड़क से जोड़ने का लक्ष्य

PR NO-292713 (IPRD) 22-23
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

# सीसीएल प्रबंधन के आश्वाशन के बाद रैयतों का अनिश्चित कालीन धरना स्थगित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** घेरा डालो डेरा डालो आंदोलन के तहत चुरी के रैयतों ने नौकरी की मांग को लेकर 15 मार्च की सुबह छः बजे से देश के दूसरी सबसे बड़ी भूमिगत खदान को बंद कर दिया गया. रैयतों के द्वारा चुरी खदान काम काज सिर्फ तीन घण्टा बंद होते ही, एनके सीसीएल अधिकारी हरकत में आ गये. सीसीएल की जितनी पॉवर व फोर्स थी, पूरे ताम झाम लगाकर अथवा डराने हेतु सीआईएसएफ के छावनी पूरे चुरी परियोजना में लगा दिया. रैयतों की अनिश्चित कालीन बंदी व सब्र के बांध टूट जाने के बाद सीसीएल का छलावा वाला पेपर एक बार फिर से ग्रामीण रैयतों को दिखा कर समझा दिया गया, कि सीसीएल को 6 महीने का समय दिया जाय. छः माह के अंदर सीसीएल चुरी के रैयतों को नौकरी दे दिया जायेगा. बताया गया कि 20 रैयतों की नौकरी के लिये सीसीएल मुख्यालय पहले ही भेजा गया था. जिनमे से सिर्फ 05 रैयतों की नौकरी लगी है. बाकी रैयतों की नौकरी के लिए छः माह का समय मांग लिया गया. धरना में रैयत ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों में से रतिया गांझू , राजेश महतो ,अशोक महतो , प्रकाश पर्जापति,अशोक प्रजपति , नागेसर महतो ,तरुण महतो, विजय मुंडा राय मुखिया ,बीरेंद्र महतो, कालेश्वर महतो, विजय महतो, संकर महतो,सुनील महतो, रूपेश महतो, सुलेंदर महतो , बालेश्वर महतो, सुमन देवी ,किरण देवी,मानती देवी, गायत्री देवी, रूदानिया देवी, संगीता देवी सहित अन्य उपस्थित थे.

# यूनाइटेड कोल वर्कर यूनियन के अध्यक्ष बने कृष्णा चौहान, नौनिया समाज के लोगो ने दी बधाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** यूनाइटेड कोल वर्कर यूनियन(एटक) के उत्तरीकरपुरा क्षेत्र के अध्यक्ष बनने पर कृष्णा चौहान (मुखिया जी) को मोहन नगर में नोनिया चौहान एकता मंच एन के पिपरवार की ओर से फूल माला पहनाकर एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया. इस दौरान मोहन नगर के नौनिया समाज के लोगो ने श्री चौहान को आशीर्वाद व बधाई दिया गया. तथा यूनियन के मार्गदर्शन व समाज के अंतिम व्यक्ति जो पिछड़ा है उसे सहारा और गड़ी हुई मुद्दे को जन जन तक पहुँचने का आवाज बनने की कामना किया. श्री चौहान को सम्मानित करने वालो में नंदलाल चौहान,बुटन चौहान,रामबली चौहान, अभिषेक चौहान,रमेश चौहान,अजय चौहान, शिवनारायण चौहान, कैलाश चौहान,सुधीर चौहान,हरकेश चौहान,रमेश चौहान(राय) कुंदन चौहान, कमलेश प्रसाद,प्रवीण कुमार, राजकुमार महतो,महेंद्र चौहान,बिगन चौहान(बचरा),अजय चौहान (चुरी),सतीश चौहान,पंकज चौहान,राहुल,सहित समाज के कई लोगो ने सम्मानित किया.


## उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग
(सामाजिक सुरक्षा कोषांग)
(Email Id:-socialsechzb@gmail.com, Landline No:-06546-262869)

### आम सूचना

निदेशक, सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड रॉची के पत्रांक–91 दिनांक–21.02.2023 एवं विभागीय संकल्प के मार्ग निदेश के आलोक में पेंशन योजनाओं के लाभुकों का वार्षिक भौतिक सत्यापन करने का निदेश प्राप्त है।

उक्त के आलोक में पेंशन के लाभुकों का भौतिक सत्यापन हेतू पंचायत स्तरीय अंकेक्षण दल का गठन किया जायेगा जिसके लिए निम्न प्रकार से कार्यक्रम निर्धारित किया जाता है:–

| दिनांक | कार्यक्रम |
|---|---|
| 03.04.2023 | अकेक्षण दल का गठन |
| 05.04.2023 | प्रखण्ड स्तर पर अंकेक्षण दल का प्रशिक्षण एवं भौतिक सत्यापन सामग्री उपलब्ध करना। |
| 06.04.2023 से 13.04.2023 तक | पंचायत के सभी लाभुको का भौतिक सत्यापन करना। |
| 17.04.2023 | सभी पंचायत के प्रतिवेदन का समेकन एवं संबंधित लाभुकों को नोटिस निर्गत करना। |
| 18.04.2023 | मृत, अयोग्य एवं अनुपस्थित लाभुको की सूची उक्त वर्णित कार्यालय में चिपकाना। |
| 03.05.2023 | प्राप्त आपत्ति का निराकरण एवं भौतिक सत्यापन के पश्चात् मृत, अयोग्य एवं अनुपस्थित लाभुक का प्रतिवेदन विहित प्रपत्र में जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग कार्यालय, हजारीबाग को भेजना। |
| 04.05.2023 से 20.05.2023 तक | मृत, अयोग्य एवं अनुपस्थित लाभुकों का नाम आपत्ति का निराकरण करते हुए NSAP Portal से विलोपित करना। |

भौतिक सत्यापन के दौरान निम्न कार्य भी किया जाना है:–

1. पेंशन एवं राष्ट्रीय पारिवारिक हित लाभ योजना का आवेदन प्राप्त करना।
2. सभी लाभुकों का मोबाइल नम्बर प्राप्त करना।
3. पेंशन भुगतान में आ रही त्रुटि का निराकरण करना।
4. लाभुकों का आधार प्राप्त करना।
5. विधवा पेंशन के लाभुकों का विधवा रहने संबंधित स्वघोषणा प्रमाण पत्र प्राप्त करना।
6- UDID कार्ड हेतु आवेदन प्राप्त करना।

सभी पेंशनधारियों से अपील की जाती है कि भौतिक सत्यापन के दौरान सहयोग करेंगें ताकि योग्य लाभुकों को पेंशन का भुगतान नियमित रूप से किया जा सके।

विश्वासभाजन
ह0/–
उपायुक्त, हजारीबाग।

PR 292678 (Social Welfare,Women and Child Development) 22-23 (D)


# सीसीएल के सीएमडी से की मुलाकात, सौंपा ज्ञापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** कोल माइंस वर्कर्स यूनियन बरका-सयाल के क्षेत्रीय सचिव सह ऑल झारखंड रैयत विस्थापित प्रभावित मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार के नेतृत्व में प्रतिनिधियों ने सीसीएल के सीएमडी पीएम प्रसाद से मुलाकात की। इस दौरान सीसीएल द्वारा दिये गये उत्पादन लक्ष्य की प्राप्ति पर सीएमडी को बधाई भी दी। साथ ही भुरकुंडा कोलियरी भूमिगत खदान को चालू करने को ले यूनियन की ओर से ज्ञापन सौंपा। मौके पर सीसीएल के सीएमडी पीएम प्रसाद ने आश्वासन दिया कि जल्द ही भुरकुंडा भूमिगत खदान को चालू किया जाएगा। मुलाकात के दौरान डॉ आशीष कुमार ने सीएमडी को बलकुदरा लोकल सेल चालू कराने को ले भी ध्यान आकृष्ट कराया। इस बीच सीएमडी व डॉ. आशीष कुमार के बीच कई बिन्दुओं पर सकारात्मक वार्ता भी हुई। मुलाकात करने वालो में डॉ आशीष कुमार के साथ यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष नकुल प्रसाद, श्याम महतो शामिल थें।

# एससी, एसटी, ओबीसी एकता मंच ने कांशीराम साहब की जयंती मनाया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** एससी एसटी ओबीसी एकता मंच के द्वारा डकरा अम्बेडकर पार्क में कांशीराम साहब की जयंती सादे समारोह के साथ मनाया गया. समारोह में सर्व प्रथम कांशीराम साहब की तस्वीर पर माल्यार्पण करते हुए नमन एवं श्रद्धांजलि दिया गया. इस दौरान गणमान्य सदस्यों ने काशीराम साहब की जीवनी पर प्रकाश डाला एवं उनके विचारों को रखा. मौके पर भजो राम सतनामी, कन्हाई पासी, भावेश वर्मा, सुखराम सेठ, रामू सतनामी, रंजीत रजक, विजय विश्वकर्मा, बरतु मुंडा , अमरलाल सतनामी, जगदीश गंझू सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे.

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर डकरा में हुआ वार्षिक परीक्षा फल प्रकाशित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर डकरा में बुधवार को विद्यालय प्रागंण में सत्र 2022-23 के वार्षिक परीक्षाफल कक्षा नर्सरी से लेकर नौवीं एवं ग्यारहवीं तक के प्रकाशित किया गया. परीक्षाफल वितरण करने से पूर्व मुख्य अतिथि समाजसेवी रघुवंश नारायण सिंह, अवधेश सिंह, अरविंद सिंह एवं अभिभावकों के द्वारा सर्वप्रथम भारत माता, ओम् एवं सरस्वती माता के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर वंदना सभा को शोभित किये. उनके स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापन में विद्यालय के प्रधानाचार्य गोपाल मिस्त्री विश्वकर्मा ने अपने वचनों में विद्यालय की उपलब्धियों एवं विद्यालय के शैक्षणिक गतिविधियों का जिक्र किया. साथ ही साथ कहा कि 16 मार्च दिन गुरुवार से नये सत्र के लिए विद्यार्थियों का आगमन शुरू हो जायेगा एवं सत्र 2023-24 के लिए नवीन नामांकन टेस्ट तिथि 19 मार्च, दिन रविवार को विद्यालय में रखा गया है. परीक्षा विभाग प्रमुख मनोरंजन ओझा, वीरेंद्र पाठक के सहयोग से राजेंद्र कामत ने मंच संचालन करते हुए प्रगति पत्र को वितरण करवाया. इस वर्ष प्रत्येक कक्षा के दो-दो खण्डों को मिलाकर संयुक्त रूप से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आने वाले विद्यार्थियों को वार्षिक प्रगति पत्र मुख्य अतिथियों, अभिभावकों, आचार्यों एवं अन्य लोगों से प्रदान करवाया गया. बाकी रहें सभी विद्यार्थियों को प्रगति पत्र कक्षाचार्यो के द्वारा उनके कक्षाओं में दिया गया. समाज सेवी रघुवंश जी ने कहा कि ये परीक्षा परिणाम उनके गणितीय अंक को दर्शाता है, विद्यार्थियों का मुख्य अंक उनके जीवन में होने वाले परिवर्तनों को बतायेगा. वर्ष भर से अपने जीवन में उसने कितना आगे बढ़ना है उसका परिणाम है. विद्यार्थियों को वर्तमान समय में वर्तमान चुनौतियों का सामना करना है। इस प्रकार से सभी अतिथिगण, अभिभावकगण, विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षकेत्तर एवं कर्मचारियों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की.

# कुजू में शांतिपूर्ण कदाचार मुक्त हुई परीक्षा

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कड़ी सुरक्षा के बीच बुधवार को क्षेत्र के बालिका उच्च विद्यालय, कुजू में मैट्रिक एग्जाम परीक्षार्थियों की पहली पाली शुरू हुई. जिसमें 10 कॉमर्स परीक्षार्थियों शामिल हुए. पहली पाली प्रातः 9॰45? से दोपहर 1॰05 तक चली. बालिका उच्च विद्यालय, कुजू में दूसरी पाली में इंटरमीडिएट की हिंदी, इंग्लिश, कंपलसरी कोर लैंग्वेज पेपर की परीक्षा दोपहर 2.00 से 5॰20 तक संपन्न हुई. जिसमें कुल 102 परीक्षार्थियों परीक्षा दिया. परीक्षा शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त तरीके से संपन्न हुई. उक्त मौके पर विद्यालय सचिव अनीष कुमार गुप्ता, विद्यालय प्रधानाध्यापक कुलदीप प्रसाद, एएसआई कुजू ओपी हीरालाल मुंडू, मजिस्ट्रेट संजय कुमार, वीक्षक तेतर तुरी उपस्थित थे .

# नगर निगम ने 14 सैरातो की बंदोबस्ती की

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगर निगम के कार्यपालक अभियंता के कायार्लय कक्ष में तथा उनकी अध्यक्षता में 14 सैरातो की बंदोबस्ती खुले डाक के माध्यम से की गई। इस बंदोबस्ती में नगर प्रबंधक फरहत अनिसी, कनीय अभियंता संजय सिंह ,सहायक राजीव कुशवहा उपस्थित थे।

प्राईवेट टैक्सी स्टैंड की नीलामी 8,62,000 रुपए में पुरुषोत्तम लाल सरोज को ,सदर थाना के सामने दो पहिया वाहन पड़ाव की निलामी4,07,000 रुपए में मो सदमान को, मालवीय मार्ग दक्षिण मुख्य नाला स्लैब पर टैम्पू वाहन पड़ाव की निलामी 2,16,000 रुपए में टीपू सुल्तान को, खीर गांव डंपिंग ग्राउंड में स्थित वाहन पड़ाव की निलामी 4,74,000 रुपए में मो शौकत को, गुरु गोविंद सिंह पार्क के सामने दोनों तरफ वाहन पड़ाव की निलामी 1,31,000 रुपए में श्री सरफराज आलम को,इन्द्रपुरी चौक से कल्लू चौक तक ट्रैक्टर वाहन पड़ाव की निलामी 7,85,000 रुपए में टीपू सुल्तान को, सरकारी बस स्टैंड की निलामी 4,72,000 रुपए में पुरुषोत्तम लाल सरोज को, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया मुख्य शाखा के सामने वाहन पड़ाव की निलामी 1,79,000 रुपए में श्री उमेश कुमार पाण्डेय को, कचहरी रोड़ में वाहन पड़ाव की निलामी 2,79,000 रुपए में श्री पप्पु सोनकर को, आनंदा कॉलेज गेट से गिरधारी साव के घर तक वाहन पड़ाव निलामी 2,80,000 रुपए में श्री वसीम अकरम को, बैंक ऑफ इंडिया के समीप वाहन पड़ाव की निलामी 69,000 रुपए में उमेश कुमार पांडेय को,गुरु गोविंद सिंह रोड उर्दू स्कुल के सामने दो पहिया एवं टैम्पू वाहन पड़ाव की निलामी 5,78,000 रुपए में टीपू सुल्तान को, पोस्ट ऑफिस के सामने दो पहिया वाहन पड़ाव की निलामी 62,500 रुपए में शैली उस्मानी को तथा बैंक ऑफ बरोदा के सामने दो पहिया वाहन पड़ाव की निलामी 75,000 रुपए में मो नवाज को आवंटित की गई।


## Govt. of Jharkhand
## Office of the Executive Engineer
## Soil Investigation Division, Advance Planning, Road Construction Department, Ranchi.
Nirupan Bhawan, 3rd Floor, Room No. 413, Doranda, Ranchi-834002.
Email- eercdapsid-jhr@nic.in

### e-Procurement Very Short Term Notice
### e-Tender Ref No: RCD/SID/AP/RAN/30/2022-23 Dated-14.03.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name Of Work | Invitation of Proposals for Consultancy Services for Preparation of Detailed Project Report (DPR) for the following Bridge over Khajuriya Nala near Devdarh village under Vishrampur Vidhansabha , (District-Daltonganj) in the state of Jharkhand. (Tentative Length-16m) from the consultants empanelled with RCD under category- I vide letter No. 3063 (S) dated- 22.08.2022. |
| 2 | Tentative Length of Work | 16 m |
| 3 | Period of Completion of Work | 90 Days |
| 4 | Date/Time of Publication of Tender on Official Website | 20.03.2023, 05:00 PM |
| 5 | Last Date/Time of Bid Submission | 27.03.2023, 11:30 AM |
| 6 | Last Date/Time of Submission of Tender Fee & EMD | 27.03.2023, 11:30 AM |
| 7 | Date and Time of Bid opening | 28.03.2023, 12:30 PM |
| 8 | Tender Inviting Authority | E.E, S.I.D, A.P., RCD, Ranchi, Ph.- 0651-2490406 |
| 9 | Bid Submission Address | Chief Engineer (Communication),Road Construction Department,1st Floor, Engineer Hostel No.-2, Dhurwa, Ranchi-834004 |
| 10 | Mode of Bid Submission | e-tendering(http://jharkhandtenders.gov.in) |

For further information please go through the website e-tendering (http://jharkhandtenders.gov.in)

Sd/-Executive Engineer
Soil Investigation Division,
Advance Planning,R.C.D, Ranchi.

PR 292699 (Road)22-23*D


# विद्यालय के शिक्षकों की मिली भगत से शीशम की लकड़ी का गबन करने का आरोप



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** प्लस टू उच्च विद्यालय डिमरा,गोला में प्रबंधन समिति के अध्यक्ष के द्वारा बहुत बड़े मामले का खुलासा किया गया और रंगे हाथ पकड़ा गया ग्राम डीमरा में वर्षो पहले बुजुर्गो द्वारा शीशम का पेड़ लगाया गया था जिसे विद्यालय के शिक्षकों द्वारा शीशम के लाखो रूपये की किमती पेड़ को कटवा कर मध्यान भोजन के लिए उपयोग किया जा रहा है,तथा मध्यान भोजन में प्राप्त राशि का बंदरबांट किया जा रहा है विद्यालय मे गाँव के पूर्वजों द्वारा विद्यालय एवं वातावरण को शुद्ध रखने के लिए पेड़ को लगाया गया था लेकिन कुछ पैसों के चलते आज दर्जनों पेड़ को काट दिया जा रहा है, जो विभागीय जांच का विषय है आखिर किसके इशारे पर यह ये सभी पेड़ो को कटवाया जा रहा है इस मामला को गंभीरता से लेते हुए पंचायत के मुखिया प्रभाष प्रकाश सिंह के द्वारा प्रखंड के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को अवगत करा दिया गया है शिक्षकों की मिलीभगत से भारी किमती लकडियों की गबन का मामला है तथा उन्हें उच्च स्तरीय जांच करने की मांग की गई है।

# उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में हुआ बैठक का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** आगामी गर्मी के मौसम के दौरान जिलेवासियों को जलापूर्ति सुनिश्चित करने को लेकर बुधवार को उप विकास आयुक्त नागेंद्र कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल से ग्रामीण क्षेत्रों में गर्मी के दौरान जलापूर्ति सुनिश्चित करने को लेकर किए जा रहे कार्यो की जानकारी ली। इस दौरान कार्यपालक अभियंता के द्वारा जानकारी दी गई की सभी ग्रामीण क्षेत्रों में जलापूर्ति सुनिश्चित करने को लेकर जिला स्तर पर कंट्रोल रूम का गठन किया गया है प्राप्त शिकायतों के निष्पादन हेतु वाहनों द्वारा संबंधित क्षेत्र में जाकर जलापूर्ति योजनाओं की मरम्मती का कार्य किया जा रहा है। मौके पर श्री सिन्हा ने कार्यपालक अभियंता सहित अन्य अधिकारियों को कंट्रोल रूम में प्राप्त हो रही शिकायतों तथा अखबारों सहित विभिन्न माध्यमों से प्राप्त हो रही जलापूर्ति योजनाओं संबंधित शिकायतों को गंभीरता से लेने एवं उन पर त्वरित कार्य करते हुए उन्हें निष्पादित करने का निर्देश दिया वही उन्होंने ने कंट्रोल रूम के फोन नंबर का व्यापक प्रचार-प्रसार करने एवं संबंधित प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारियों सहित अन्य अधिकारियों के साथ समन्वय करते हुए कार्य करने का निर्देश दिया।


## MINOR IRRIGATION DIVISION, BOKARO

### e-Procurement Notice inviting Very Short Tender

**Very Short Tender Reference No DMFT/MID/BOKARO/F$_2$-25/2022-23 Date:- 14.03.2023**

(1) Date of Publication of Tender on website: 23.03.2023 12:30 P.M.
(2) Last date/time for receipt of bids online:- 28.03.2023 Up to 5:00 P.M.
(3) Last date for receipt of bid Fee, Security and other documents: 29.03.2023 Up to 5:00 P.M.
(4) Date of Opening of Tender on website : 31.03.2023 1:00 P.M.
(5) Name & address of office Inviting tender: Excutive Engineer, Minor Irrigation Division, Bokaro, Camp-II, Qr. No- D/1, B. S. city, Bokaro, Jharkhand, Pin code- 827001
(6) (a) Contact no of e-Procurement Officer: 6207014510
(b) E-mail of e-Procurement Officer : eemidbok-cemr-jhr@nic.in

| Gr. no | Name of the work | Estimated Cost ( Rs) | Time of Completion | Earnest Money ( Rs) | Tender fee | Helpline number of e-Procurement cell |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नावाडीह प्रखंड अंतर्गत पंचायत बिरनी में रामाकांत शर्मा के जमीन से लेकर पूर्णी पोखर तालाब तक 330 फीट गार्डवाल का निर्माण। | रु 1350800.00 | 6 माह | रु 27100.00 | रु 2500.00 | 6207014510 |
| 2 | नावाडीह प्रखंड अंतर्गत पंचायत भलमारा ग्राम सारुबेड़ा गंझुटोला के तालाब में दोनों साईड 300 फीट गार्डवाल का निर्माण। | रु 3803700.00 | 6 माह | रु 76100.00 | रु 5000.00 | |
| 3 | चंद्रपूरा प्रखड अंतर्गत पंचायत अलारगो में राजा बांध का जिर्णोधार। | रु 4017500.00 | 6 माह | रु 80400.00 | रु 5000.00 | |
| 4 | चंद्रपूरा प्रखड अंतर्गत ग्राम चंद्रपूरा पंचायत दुग्दा उतरी में आंगनबाडी केन्द्र संख्या–72 की चाहरदीवारी निर्माण। | रु 822300.00 | 6 माह | रु 16500.00 | रु 1250.00 | |
| 5 | नावाडीह प्रखंड अंतर्गत पंचायत कंजकिरो में पीपराबांध का जिर्णोधार। | रु 3072800.00 | 6 माह | रु 61500.00 | रु 5000.00 | |

Note:- Only e-Tenders will be accepted. The Tender amount may be changed at time of publication on website.

Futher details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer,
Minor Irrigation Division, Bokaro

PR 292631 Minor Irrigation(22-23)#D



## झारखण्ड सरकार
## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़

### ई–अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
### ई–निविदा सं० :–RDSD/RAMGARH/10/2022-23

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :– **HSC** मद अन्तर्गत।

| क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रू०) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू०) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | RDSD/RAMGARH /DMFT/01/2022 -23 | दुलमी | दुलमी प्रखण्ड के उसरा पंचायत अन्तर्गत ग्राम दांतु के बुद्ध मुण्डा के घर से बालेश्वर महतो के घर तक पी०सी०सी० पथ का निर्माण। | 54.21338 | 109000.00 | 10000.00 | 30.06.2023 तक होगी। |
| 2 | RDSD/RAMGAR H/DMFT/02/2022 | माण्डू | माण्डू प्रखण्ड अन्तर्गत माण्डूडीह के रामटहल प्रसाद के घर से बड़का बांध होते हुए रेलवे लाईन तक पी०सी०सी० पथ का निर्माण। | 141.27658 | 283000.00 | 10000.00 | 30.06.2023 तक होगी। |
| 3 | RDSD/RAMGAR H/DMFT/03/2022 | पतरातु | Construction of Boundarywall with gate for UPG P.S Pithorbera | 28.11897 | 57000.00 | 5000.00 | 30.06.2023 तक होगी। |
| 4 | RDSD/RAMGAR H/DMFT/04/2022 | पतरातु | Construction of Boundarywall with gate for UPG P.S karam Chamati | 49.15353 | 99000.00 | 5000.00 | 30.06.2023 तक होगी। |
| 5 | RDSD/RAMGAR H/DMFT/05/2022 | पतरातु | Construction of Boundarywall with gate for KKC H.S Sayal | 78.31028 | 157000.00 | 10000.00 | 30.06.2023 तक होगी। |
| 6 | RDSD/RAMGAR H/DMFT/06/2022 | रामगढ़ | Construction of Boundarywall with gate for UPG H.S Mara-II | 24.05209 | 49000.00 | 5000.00 | 30.06.2023 तक होगी। |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– दिनांक 17.03.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक 24.03.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथपत्र के मूलप्रति एवं Bank Certificate for credit Facility जमा करने की तिथि एवं समय दिनांक 25.03.2023 को अपराह्न 5.00 बजे तक, स्थान– जिला परिषद, रामगढ़ के सभागार कक्ष में लिया जायेगा।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 27.03.2023 अपराह्न 02:00 बजे
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० :– 8986791292, 8210703869
8. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़ के पदनाम से देय हो देना होगा। जो स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, मुख्य शाखा, रामगढ़ (Branch Code-00164) में भुगतेय होगा। प्राईवेट बैंक का D.D/ Bankas Cheque मान्य नहीं होगा।
9. अग्रधन की राशि राष्ट्रीय बचत पत्र **(NSC)** 05 वर्षीय/03 वर्षीय/डाकघर सावधि जमा पत्र/03 वर्षीय/05 वर्षीय/बैंक सावधि जमा पत्र **(F.D)** 05 वर्षीय/03 वर्षीय, कम्पनी के मामले में झारखण्ड राज्य के राष्ट्रीयकृत बैंक का **B.G** जो की कार्यपालक अभियंता के नाम से प्रतिज्ञिप्त होगा, मान्य होगा एवं प्राईवेट बैंक का मान्य नहीं होगा।
10. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है।, तदनुसार परिमाण विपत्र की राशि का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
11. विशेष परिस्थिति में बिना कारण बताए निविदा रद्द करने अथवा स्थगित करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट ***Jharkhandtenders.gov.in*** एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

नोट :– 50 (लाख) से ऊपर की निविदा के लिए दो लिफाफा पद्धति में लागु होगा।

ह०/–
कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़।

PR.NO.292618 Rural Work Department(22-23):D

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 10, अंक 72
# प्रभात मंत्र
गुरुवार
16.03.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**
माहोल से ज्यादा व्यक्ति के भीतर ही बदलाव की जरूरत होती है।

असर्फी हॉस्पिटल
आपका अपना सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB (Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

**रांची का तापमान**
अधिकतम 26°
न्युनतम 12°

## क्विक न्यूज

### लैंड फॉर जॉब घोटाला: लालू एंड फैमिली को कोर्ट से मिली राहत

**नई दिल्ली:** लैंड फॉर जॉब घोटाला मामले में बुधवार को लालू प्रसाद यादव और उनकी पत्नी राबड़ी देवी समेत बेटी मीसा भारती की जमानत दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट ने स्वीकार कर ली. कोर्ट ने 21 फरवरी को इस मामले में 16 लोगों को समन जारी कर कोर्ट में पेश होने के निर्देश दिए थे. जिसके बाद बुधवार को लालू प्रसाद यादव अपनी पत्नी राबड़ी देवी और बेटी मीसा के साथ कोर्ट पहुंचे. इस दौरान राज्यसभा सांसद मनोज झा भी थे. लालू यादव, राबड़ी देवी और मीसा भारती की तरफ से पेश वकील ने जमानत आवेदन कोर्ट में दाखिल किया, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया. बड़ी बात यह रही की सीबीआई ने किसी भी जमानत आवेदन का विरोध नहीं किया. जिसके बाद कोर्ट ने सभी आरोपियों को 50 हजार के निजी मुचलके पर जमानत दे दी. विशेष सीबीआई न्यायाधीश गीतांजलि गोयल ने अपने आदेश में कहा की सीबीआई ने आरोपियों को बिना गिरफ्तार किए आरोप पत्र दाखिल किया है. ऐसे में उन्हें दोबारा गिरफ्तार किए जाने की आवश्यकता नहीं है. कोर्ट जमानत आवेदन से सहमत है और सभी आरोपियों को जमानत दी जाती है. कोर्ट अब इस मामले में 29 मार्च को सुनवाई करेगा. कोर्ट में लालू यादव, मीसा भारती और राबड़ी देवी ने अपनी बारी आने पर हाथ उठाकर हाजिरी लगाई. बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो व्हील चेयर पर कोर्ट पहुंचे थे.

### पुणे में नाले के चैम्बर में दम घुटने से 4 लोगों की मौत, एक बेहोश

**मुंबई :** महाराष्ट्र के पुणे जिले के खंदाज इलाके में बुधवार को सुबह नाले के चैम्बर में दम घुटने से चार लोगों की मौत हो गई और एक बेहोश हो गया। इनमें से तीन एक ही परिवार के थे। इस घटना में बेहोश व्यक्ति को तत्काल बारामती के सिल्वर जुबली अस्पताल ले जाया गया। पुलिस के अनुसार आज सुबह बारामती के खंदाज इलाके में नाले के चैम्बर की सफाई 5 लोग कर रहे थे। अचानक इनमें से प्रकाश सोपान अटोले, प्रवीण भानुदास अटोले, भानुदास आनंदराव अटोले, बापुराव लहूजी गावने की मौत हो गई । इसका पता चलते ही एक अन्य व्यक्ति इन सबको बचाने के लिए चैम्बर में उतरा लेकिन वह बेहोश हो गया। इस घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग तत्काल मौके पर पहुंचे और बेहोश व्यक्ति को तत्काल सिल्वर जुबली अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

### सोन नदी में स्नान करते वक्त एक ही परिवार के 4 बच्चे डूबे

**पटना :** राज्य के भोजपुर जिले में अजीमाबाद थाना क्षेत्र स्थित नूरपुर गांव के पास बुधवार को सोन नदी में स्नान करने गए चार बच्चे डूब गए। जबकि दो अन्य बच्चों ने तैरकर अपनी जान बचा ली। स्थानीय लोगों ने बताया कि नदी में स्नान करते समय एक भाई गहरे पानी में चला गया, तो उसे बचाने की कोशिश दूसरे भाई ने की। इस तरह एक के बाद एक सभी गहरे पानी में चले गये, जिनमें चार बच्चों की डूबने से मौत हो गयी। ग्रामीणों की मदद से चारो बच्चों के शव को नदी से बाहर निकाला गया है। सभी बच्चे एक ही परिवार के थे और उनकी उम्र 08 से 12 साल के बीच थी। खबर के फैलते ही गांव में कोहराम मच गया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक बच्चों की पहचान रोहित कुमार (9), शुभम ठाकुर (10), रोहित (8) और अमित कुमार (12) शामिल है। वे सभी बच्चे नुरपुर गांव के निवासी थे।

### पलामू : जवान ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले के लेस्लीगंज स्थित जैप 8 परिसर में झारखंड जगुआर के जवान अनीश कुमार वर्मा (33 ) ने आज (बुधवार) सुबह ट्रेनिंग के दौरान फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इसके बाद साथी जवान एवं उसके भाई ने आईआरबी के डीएसपी दीपक कुमार और प्रशिक्षक पुलिसकर्मी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। इस घटना के बाद जैप 8 परिसर में हंगामा कर रहे जवानों ने डीएसपी का घेराव किया। उन्होंने पलामू एसपी सह जैप 8 के समादेष्टा चंदन कुमार सिन्हा से डीएसपी को हटाने की मांग की है।

### सीएम से मिले सांसद शिबू सोरेन, विधानसभा सत्र की कार्यवाही से हुए अवगत

# नियोजन नीति को लेकर सत्ता पक्ष व विपक्ष आमने-सामने

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** विधान सभा सत्र के दौरान मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मुख्यमंत्री कक्ष में पूर्व मुख्यमंत्री तथा वर्तमान राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने मुलाकात की। इस अवसर पर वे विधानसभा सत्र की विभिन्न कार्यवाही से संबंधित गतिविधियों से अवगत हुए। मौके पर झारखंड विधानसभा अध्यक्ष श्री रबींद्रनाथ महतो, मंत्री श्री मिथिलेश ठाकुर, मंत्री श्री हफीजुल हसन अंसारी आदि उपस्थित थे. इधर नियोजन नीति को लेकर सदन गरम रहा। सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने-सामने है। बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के विधायक हाथों में तख्तियां लेकर नियोजन नीति को लेकर मुख्यमंत्री से सदन के अंदर वक्तव्य देने की मांग पर अड़े रहे. भाजपा विधायक गेरुआ वस्त्र पहने विधानसभा सत्र में भाग लेने पहुंचे. भाजपा विधायकों ने इस दौरान सरकार को 60-40 नाय चलतो का नारा लगाते हुए इसे वापस लेने तक आंदोलन जारी रखने की बात कही.

विधायक रणधीर सिंह ने कहा कि 3 वर्षों में यहां के युवाओं को नौकरी देने में सरकार विफल रही है. ऐसे में सरकार ने 60-40 वाली नियोजन नीति लाकर बाहरी लोगों को प्रवेश कराने का काम किया है. ऐसे में यहां के मूलवासी लोगों को कहीं ना कहीं सरकार ने धोखा देने का काम किया है, जिसे चलने नहीं दिया जाएगा और भारतीय जनता पार्टी इस मामले में सरकार का विरोध तब तक करती रहेगी, जब तक की इसे वापस नहीं ले लिया जाता है.इस मामले पर सत्तापक्ष ने करारा जवाब देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के लोग राज्य में हंगामा खड़ा करके यहां नियुक्ति प्रक्रिया को बाधित करना चाहते हैं. फर्जी ट्विटर अभियान के जरिए राज्य के भोले भाले युवकों को बरगलाया जा रहा है, जिसे राज्य की जनता अच्छी तरह से समझ रही है. कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी ने कहा कि भाजपा के लोग ड्रामा कर रहे हैं. सदन में सरकार की खामियों को झूठे तरह से गिना कर बाहर निकल जाते हैं. स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने सरकार का बचाव करते हुए कहा है कि भाजपावालों से पूछिए कि गिरिडीह में बैकड्रॉप लोगों ने क्यों लगाया था.

### स्पीकर ने जताई आपत्ति

विधान सभा के बजट सत्र में भाजपा के विधायक गेरुआ रंग की प्रिंटेड टी-शर्ट पहन कर विरोध दर्ज करा रहे हैं. बुधवार को प्रश्नकाल के दौरान स्पीकर ने विपक्ष के रुख पर आपत्ति जताई और कहा कि इसको परिपाटी बनाना बिल्कुल गलत है. इसी दौरान आजसू विधायक सुदेश महतो ने कहा कि पिछले 3 दिन से विपक्ष एक ही मांग कर रहा है कि इस गंभीर मसले पर मुख्यमंत्री को जवाब देना चाहिए. उन्होंने स्पीकर से कहा कि विधानसभा की कार्यवाही का सीधा प्रसारण इसलिए किया जा रहा है ताकि जनता देख सके कि उनके जनप्रतिनिधि सदन में क्या कर रहे हैं. सुदेश महतो ने स्पीकर से कहा कि आपका फर्ज बनता है कि इस मसले पर सरकार से जवाब दिलाया जाए. सुदेश महतो ने कहा कि हल निकालने का काम आपका है. इस पर स्पीकर ने कहा कि पिछले दिनों संसदीय कार्य मंत्री इस पर कुछ कहना चाह रहे थे, लेकिन कोई सुनने को तैयार नहीं था. तब सुदेश महतो ने कहा कि कार्य मंत्रणा की बैठक बुलाकर इसका समाधान निकाला जाना चाहिए.



### पेसा नियमावली के गठन को लेकर लोबिन ने खड़ा किया सवाल

रांची- राज्य में पेसा नियमावली के गठन की मांग को लेकर प्रश्नकाल के दौरान झामुमो विधायक लोबिन हेंब्रम ने गंभीर सवाल खड़ा किया. उन्होंने सरकार से पूछा कि क्या यह बात सही है कि सभी विभागों को नियमावली बनाकर संवैधानिक रूप से पंचायतों को सुदृढ़ करना था, जिस पर अभी तक कोई पहल नहीं हुआ है. जवाब में संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि इस मसले को लेकर अब तक 12 विभागों का रिपोर्ट आ गया है. शेष तीन विभागों की रिपोर्ट आते ही पेसा नियमावली का गठन कर दिया जाएगा. इस जवाब पर असंतोष जताते हुए लोबिन हेंब्रम ने कहा कि सरकार को यह बताना चाहिए कि आखिर इसकी समय सीमा क्या होगी.

### कैबिनेट की बैठक में लगी 40 प्रस्तावों पर मुहर

# वृद्ध कलाकारों को मिलेगा मासिक मानदेय




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** हेमंत कैबिनेट की बैठक में 40 प्रस्तावों पर मुहर लगी है. इनमें झारखंड नगर पालिका संपत्ति कर निर्धारण संग्रहण वसूली संशोधन नियमावली 2022 के नियमों में बदलाव को स्वीकृति दी गई है. इसके अलावा राज्य के श्रेष्ठ और वृद्ध कलाकारों को मासिक मानदेय मिलेगा. पहले जिन्हें 1000 मिलता था अब 4000 मिलेगा. जिन्हें 4000 मिलता था, अब उन्हें 8000 मिलेगा. इसके अलावा, जेबीवीएनएल के ग्रामीण और शहरी घरेलू उपभोक्ताओं को जिनका खपत 5 किलोवाट तक है उन्हें राहत पर स्वीकृति दी गई है. वहीं निजी कृषि उपभोक्ताओं को भी वन टाइम सेटेलमेंट योजना का लाभ मिलेगा. मनरेगा मद से बिरसा सिंचाई उपसंवर्धन योजना शुरू करने की स्वीकृति. 1 साल में एक लाख कूप बनाने का लक्ष्य रखा गया. रांची सीवरेज परियोजना जोन-1 के अवशेष कार्य की योजना अब राज्य मद से करायी जाएगी. झारखंड राज्य अंतर्गत नेतरहाट आवासीय विद्यालय और इंदिरा गांधी बालिका विद्यालय हजारीबाग की तर्ज पर कोल्हान प्रमंडल (चाईबासा) और संताल प्रमंडल (दुमका) में दो आवासीय विद्यालय की स्थापना की जाएगी. इसमें 195.15 करोड़ रुपये खर्च होंगे.

इसके अलावा कैबिनेट ने झारखंड नॉलेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के गठन को स्वीकृति दी है. महाराष्ट्र नॉलेज कॉरपोरेशन लिमिटेड की तर्ज पर इसका गठन किया जाएगा. इसमें राज्य सरकार के आईटी डिपार्टमेंट का 45त्न, महाराष्ट्र नॉलेज कॉरपोरेशन का 15त्न और राज्य के विश्वविद्यालय का 40त्न शेयर होगा.

# संसद: तीसरे दिन भी गतिरोध जारी



एजेंसी

**नई दिल्ली :** संसद में बुधवार को भी सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच गतिरोध जारी रहा, जिसके चलते दोनों सदनों की कार्यवाही पहले दो बजे और फिर दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। इसी बीच लोकसभा में अंतर-सेवा संगठन (कमान, नियंत्रण और अनुशासन) विधेयक, 2023 पेश किया गया।दोनों सदनों में विपक्ष अडानी मामले को लेकर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) से जांच कराए जाने की मांग पर अड़ा रहा। वहीं सत्ता पक्ष राहुल गांधी से माफी मांगने की अपनी मांग दोहराता रहा। दोनों पक्षों में जारी गतिरोध के चलते बुधवार को तीसरे दिन भी दोनों सदनों की कार्यवाही नहीं चल सकी।लोकसभा में सुबह कार्यवाही की शुरुआत से ही विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया। अध्यक्ष ओम बिरला ने संसद को आस्था का केंद्र और लोकतंत्र का मंदिर बताते हुए कहा कि किसी भी सांसद को सदन के भीतर या बाहर इसकी आलोचना नहीं करनी चाहिए। इसके साथ ही अध्यक्ष ने विपक्षी सांसदों के सदन के बीचोंबीच आकर तख्तियां दिखाने के व्यवहार की भी आलोचना की। लोकसभा में सुबह केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण के तीसरे दिन विपक्ष के हंगामा कर रहे सदस्यों को निलंबित करने की मांग की। इसके बाद कार्यवाही दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। सदन के दोबारा शुरू होने पर केन्द्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने राहुल गांधी के विदेश में दिए बयान का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि सदन के नेता राहुल गांधी ने चेयर और देश का अपमान किया है। साथ ही उन्होंने तख्तियां लेकर सदन में आने वालों के खिलाफ कार्रवाई की भी मांग की।इसी शोर शराबे के बीच लोकसभा में केन्द्रीय रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट ने अंतर-सेवा संगठन (कमान, नियंत्रण और अनुशासन) विधेयक, 2023 पेश किया। फिर हंगामे के चलते कार्यवाही को दिनभर के लिए स्थगित कर दिया गया।

ऐसी ही स्थिति राज्यसभा में भी रही, जहां आवश्यक कार्य प्रक्रिया के बाद कार्यवाही को पहले दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया और बाद में हंगामे को थमता न देख कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई।राज्यसभा में संसदीय कार्यमंत्री प्रह्लाद जोशी ने जैसे ही अपनी बात रखनी चाही, विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया।

### लोकसभा में अंतर-सेवा संगठन विधेयक पेश

# अडानी समूह पर लगे कथित आरोपों की जांच के लिए कांग्रेस सहित 16 दलों ने ईडी को लिखा पत्र

एजेंसी

**नई दिल्ली :** कांग्रेस सहित 16 विपक्षी दलों ने बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को पत्र लिखकर अडानी समूह पर लगे आरोपों की जांच करने की मांग की। विपक्षी नेताओं ने उद्योगपति गौतम अडानी पर सरकार के साथ गठजोड़ कर अकूत संपत्ति अर्जित करने का आरोप लगाया है। विपक्षी दलों का कहना है कि जांच एजेंसी इन विषयों से मुंह नहीं फेर सकती और उसे अडानी मामले की जांच करनी चाहिए। विपक्षी दलों ने एक तरफ संसद में संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) से जांच कराए जाने की मांग की, वहीं दूसरी ओर उन्होंने प्रवर्तन निदेशालय के निदेशक को पत्र लिख पूर्ण जांच की मांग की। विपक्षी पार्टियों के नेताओं ने इस मांग को लेकर विजय चौक से ईडी दफ्तर तक मार्च निकालने की योजना थी। हालांकि पुलिस ने उन्हें बीच रास्ते में ही रोक दिया। अपने पत्र में विपक्ष के नेताओं ने अडानी पर कई तरह से आरोप लगाए हैं। विपक्ष का कहना है कि अडानी ने ऑफ्श और सेल कंपनियों के माध्यम से अपने शेयर की कीमतों को बढ़ाया और अपनी वित्तीय स्थिति को बेहतर दर्शाने की कोशिश की। विपक्ष ने कहा कि अडानी समूह ने गलत तरीके और प्रभाव का इस्तेमाल कर लाभ उठाया है। इसमें धारावी पुनर्विकास झारखंड पावर डिस्काउंट और विशेष आर्थिक गलियारे जैसी नीतियों का इस्तेमाल किया है। उल्लेखनीय है कि राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के लेटर-हेड पर ईडी को यह पत्र लिखा गया है। पत्र के साथ 16 विपक्षी दलों के नेताओं के हस्ताक्षर भी हैं। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने इस पत्र को ट्वीटर पर साझा करते हुए कहा कि कांग्रेस सहित 16 विपक्षी दलों के सांसदों ने अडानी समूह की जांच के लिए ईडी को पत्र लिखा है। इस पत्र को सभी नेता ईडी मुख्यालय जाकर सौंपना चाहते थे, लेकिन उन्हें रोक लिया गया। हालांकि पत्र ईडी को ईमेल के जरिए भेज दिया गया है।




### सड़क पर उतरे सांसद

अडानी समूह से जुड़े मामले में संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की जांच की मांग तेज करते हुए कांग्रेस व अन्य विपक्षी दलों ने बुधवार को विरोध मार्च निकाला। विपक्षी नेता संसद भवन से प्रवर्तन निदेशालय के कार्यालय तक मार्च करने जा रहे थे, तभी पुलिस ने उन्हें विजय चौक पर रोक लिया।

# खूंटी का कुदलूम पंचायत सुशासन वाली पंचायत अवार्ड के लिए हुआ नॉमिनेट

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची:** पंचायती राज व्यवस्था का प्रतिफल है कि आज इस पंचायत के गांव से कोई पलायन नहीं करता और ना ही बेरोजगारी है। यहां के अधिकांश ग्रामीण आत्मनिर्भर बन जीवन यापन कर रहें हैं। यहां ग्राम सभा ही सर्वोपरी है। तभी तो खूंटी का यह पंचायत भारत सरकार द्वारा दिए जाने वाले राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार के तहत बेहतर सुशासन वाली पंचायत अवार्ड के लिए नॉमिनेट हुआ है। हम बात कर रहें हैं। खूंटी के कुदलूम पंचायत की। खूंटी के कर्रा प्रखंड में अवस्थित इस पंचायत में कुल 11 गांव एवं 13 वार्ड है। यहां की कुल जनसंख्या 6337 है। यह एक आदिवासी बहुल क्षेत्र है, जहां अनुसूचित जनजाति की संख्या 90 प्रतिशत, अनुसूचित जाति 2त्न एवं अन्य 8त्न हैं। पंचायत अन्तर्गत शिक्षा संस्थान में एक उच्च विद्यालय, चार मध्य विद्यालय एवं 5 प्राथमिक विद्यालय है। 13 आँगनबाड़ी केंद्र एक स्वास्थ्य उप केन्द्र एवं तीन प्रज्ञा केन्द्र संचालित है।

### सुशासन का प्रतिफल ना पलायन और ना ही बेरोजगार.. ग्रामीण बन रहे आत्मनिर्भर

**बेहतर सुशासन के लिए नामित:** कुदलूम पंचायत अन्तर्गत सुशासन की व्यवस्था स्पष्ट परिलक्षित होती है। यहां पर प्रत्येक गांव में साप्ताहिक बैठक का आयोजन ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में होती है। जिसमें गांव के प्रत्येक परिवार के सदस्यों की सहभागिता होती है। ग्राम सभा द्वारा ही सर्वसहमति से सभी समस्याओं का निष्पादन किया जाता है। पंचायत अन्तर्गत सर्वाधिक आबादी वाला गांव सोनमेर है। यहां 1000 से अधिक की जनसंख्या है लेकिन यहाँ की ग्राम सभा इतनी सुशासित है कि यह अपने आप में एक मिशाल है। इस ग्राम सभा की सबसे बड़ी देन है सोनमेर मन्दिर।



**सभी का पूजा स्थल एक ही परिसर में:** सोनमेर गांव में सभी जाति, धर्म, समुदाय के लोग रहते हैं। यहां एक ही परिसर में मन्दिर, सरना स्थल एवं गिरजा घर अवस्थित है। यह अनेकता में एकता का एक उदाहरण है। सोनमेर मन्दिर के निर्माण में सभी समुदाय के लोगों का बराबर सहयोग रहा। ग्राम सभा द्वारा ही श्रम दान देकर मन्दिर का निर्माण कार्य किया गया है। प्रतिदिन 15-20 ग्रामीण मन्दिर को विधि व्यवस्था संचालन के लिए लगे रहते है इसकी दिनचर्या ग्राम सभा द्वारा तय किया जाता है। मन्दिर निर्माण के कारण आज गांव में बेरोजगारी पूर्णतः दूर हो गई है।

### राज्य सरकार द्वारा संचालित प्रायः सभी योजनाओं का लाभ पंचायत को हो रहा प्राप्त

**सरकार की योजनाओं का लेते हैं लाभ:** इस पंचायत को राज्य के अन्य पंचायतों की तरह की केंद्र और राज्य सरकार द्वारा सहायता दी जाती है। 15 वें वित्त आयोग के तहत उपलब्ध राशि का उपयोग ग्राम सभा के माध्यम से उचित कार्य के लिए किया जाता है।

> पंचायतों को सशक्त कर ही स्थानीय समस्याओं का स्थानीय लोगों की भागीदारी के साथ बेहतर ढंग से हल निकाला जा सकता है, कुद्लुम की ग्राम पंचायत ने योजनाओं के सहभागी, ससमय और पारदर्शी क्रियाव्यन एवं सेवा उपलब्ध कराने में किये गये सराहनीय कार्य को राज्य के अन्य पंचायतों में क्रियान्वित करने का प्रयास किया जायेगा।
>
> **निशा उरांव, निदेशक पंचायती राज।**

### हकीकत बन सकता है एक धरती,एक स्वास्थ्य मंडाविया

**नई दिल्ली :** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने बुधवार को कहा कि अब समय आ गया है कि भारत एक धरती, एक स्वास्थ्य के दृष्टिकोण को साकार करने में अग्रणी भूमिका निभाए और इसे वसुधैव कुटुंबकम के दर्शन के अनुरूप बनाए। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) भागीदारी शिखर सम्मेलन-2023 को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत के पास नए अनुसंधान और प्रौद्योगिकी समर्थित समाधानों का नेतृत्व करने की मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति है, जो सार्वभौमिक स्वीकार्यता के साथ व्यावसायिक रूप से व्यावहारिक हैं।

## टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन अध्यक्ष गुरमीत सिंह तोते का मना जन्मदिन



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आज टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष गुरमीत सिंह तोते का जन्मदिन वर्ल्ड ट्रक और प्राइमा ट्रिम लाईन के संयुक्त तत्वावधान में वर्ल्ड ट्रक यूनियन कार्यालय में मनाया गया। इस अवसर पर स्मृति चिन्ह, शॉल, और गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से यूनियन के महामंत्री आर के सिंह, अनिल शर्मा, हरदीप सिंह सैनी, आर आर दुबे, मनोज कुमार सिंह, जुगनू वर्मा, संजय मिश्रा, भोला सिंह, संतोष जायसवाल, डी जे घोष, उमेश सिंह, डी सिंह, असलम खान, के अलावा सभी पदाधिकारी एवं कमिटी मेंबर उपस्थित थे। संचालन मनोज कुमार सिंह, एवं धन्यवाद ज्ञापन आर आर दुबे ने किया।

## गम्हरिया इंग्लिश स्कूल के निदेशक सुब्रतो रॉय को पितृशोक



**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गम्हरिया इंग्लिश स्कूल के निदेशक सुब्रतो रॉय के पिता टिस्को ग्रोथ शॉप के सेवानिवृत फोरमैन सह क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी अरिजीत कुमार रॉय (83) का टीएमएच में इलाज के दौरान निधन हो गया। वे विगत कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे और टीएमएच के सीसीयू में भर्ती थे। उनके निधन की खबर सुनकर काफी संख्या में स्थानीय संमाजसेवी व शिक्षाविद उनके गम्हरिया के शिवपुरी कॉलोनी आवास पहुंचकर उनका अंतिम दर्शन कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। मंगलवार को ही पार्वती घाट में उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया जहां उनके बड़े पुत्र सुब्रतो रॉय ने मुखाग्नि दी। अपने पीछे वे दो पुत्र, दो पुत्रियां समेत भरापूरा परिवार छोड़ गए।

## अपने किस्म का पहला संगीतमय अनुभव आरएस बूमबॉक्स लॉन्च

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अपने स्कोप और साउंड, दोनों में एक अलग रिदम बनाते हुए, आर एस बूमबॉक्स का मकसद एक अनूठा अनुभव ऑफर करना है, जिसमें बॉलीवुड की सबसे ज्यादा पसंद की जाने वाली धुनों का संगम हिप-हॉप की बीट्स से होता। इस शानदार अनुभव में बादशाह, अरमान मलिक, अमित त्रिवेदी, धीमा चीता, निखिता गांधी, बाली, ईपीआर, नीति मोहन, जसलीन रॉयल, डीजे सुकेतु और डिनो जेम्स जैसे दिग्गज संगीतकारों का जादू दर्शकों के सिर चढ़ कर बोलेगा। लिविंग इट लार्ज की स्प्रिट को सेलीब्रेट करते हुए, सीग्राम का आर एस रॉयल लाया है अपने किस्म का पहला संगीतमय अनुभव, जिसका नाम है आर एस बूमबॉक्स। यह युवा पीढ़ी की आवाज है, एक ऐसा वर्ग जो पुराने ट्रेंड्स पर चलने के बजाय, खुद के ट्रेंड्स बनाने में विश्वास रखता है। आर एस बूमबॉक्स के अनावरण पर कार्तिक मोहिन्द्रा, सीएमओ, पनोर्ड रिकार्ड इंडिया ने कहा- संगीत और अनुभव लोगों को एक साथ लाते हैं, जो कोई और नहीं कर सकता और ये मस्ती के प्राकृतिक इनेब्लर हैं।

## सामुदायिक केंद्र इसी माह होगा पंचायत को समर्पित

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाटा स्टील लांग प्रोडक्ट्स कंपनी की ओर से छोटा गम्हरिया में दो करोड़ की लागत से बने सामुदायिक केंद्र को मार्च के अंतिम सप्ताह में पंचायत के लोगों को समर्पित किया जाएगा। इस बावत छोटा गम्हरिया पंचायत सचिवालय में ग्राम प्रधान सूरज लाल महतो की अध्यक्षता में एक बैठक कर निर्णय लिया गया। इस मौके पर मार्च के अंतिम सप्ताह में आयोजित उद्घाटन समारोह की रूपरेखा तैयार की गई। इससे पूर्व बैठक में शामिल पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा भवन में कई आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने समेत कई सुझाव वहां मौजूद टीएसएलपीएल के सीएसआर विभाग के अधिकारियों को दिया गया। उन सुझावों पर अमल करने का आश्वासन दिया। बैठक में मुखिया निरोला सरदार, पंसस विकास शर्मा, वार्ड सदस्य अनिता देवी, नेहा शर्मा, सुनीता देवी, सविता कुमारी, झामुमो प्रखंड उपाध्यक्ष अमृत महतो, संमाजसेवी माधव महतो, चंद्रनाथ महतो समेत कई स्थानीय जनप्रतिनिधि और टाटा स्टील लांग प्रोडक्ट के सीएसआर के अधिकारी उपस्थित थे।

## आमबागान मैदान में 'स्वस्थ वाहन स्वस्थ चालक' शिविर आयोजित



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुधवार को साकची स्थित आमबागान मैदान में थ्री व्हीलर निर्माता कंपनी बजाज ऑटो कंपनी के अधिकृत डीलर कृष्णा बजाज एवं रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर स्टील सिटी के संयुक्त तत्वधान में जमशेदपुर में पहली बार ऑटो चालकों के लिए दो दिवसीय मेगा हेल्थ कैंप स्वस्थ वाहन स्वस्थ चालक शिविर का आयोजन किया गया। जहां मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता एवं नाम्या स्माइल फाउंडेशन के संस्थापक कुणाल षाड़ंगी शामिल हुए। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर स्टील सिटी की अध्यक्ष निकिता मेहता, कृष्णा बजाज के संस्थापक विवेक रूंगटा, बजाज के रीजनल सेल्स हेड गिरीश पति, अमीश मेहता, गर्विता टोंग, नंदिनी रूंगटा, जितेश कुमार चौधरी व अन्य अतिथियों ने फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर मेगा हेल्थ कैम्प का विधिवत उद्घाटन किया। इस शिविर में आरोग्यम पैथोलॉजी द्वारा ऑटो चालकों (शुगर, बीपी एवं वजन) का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में पूर्णिमा नेत्रालय द्वारा सभी वाहन चालकों की आंखों की जांच की गई और जिन चालकों की आंखों में दोष पाया गया, उन्हें पावर चश्मा भी प्रदान किया गया। 107 से अधिक ऑटो चालकों ने इस शिविर का लाभ उठाया। मौके पर निर्मल कुमार, प्रतीक चौरसिया, आदित्य, अफीफा जन्नत, समीक्षा, साहबाज,शाहनवाज, रौशन समेत अन्य उपस्थित रहे।

## बहरागोड़ा में जिला डीएनटी का एक दिवसीय चर्मरोग जांच शिविर आयोजित



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बहरागोड़ा में एक दिवसीय निःशुल्क चर्मरोग जाँच शिविर का आयोजन किया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. उत्पल मूर्मू ने बताया कि कुष्ठ रोगियों से भी समान्य रोगी जैसा व्यवहार करने तथा नियमित रूप से एमडीटी दवा का सेवन करने से यह बिल्कुल ठीक हो सकता है। इसका इलाज सभी सरकारी स्वास्थ केन्द्रों में निशुल्क है तथा दवा एवं परामर्श भी निःशुल्क उपलब्ध है। डॉ. राजीव लोचन, जिला कुष्ठ परामर्शी ने बताया कि कुष्ठ रोग का जल्द इलाज कराने से दिव्यांगता से बचाया जा सकता है। काय चिकित्सक राज कुमार मिश्रा के द्वारा कुष्ठ रोग से दिव्यांग हुए मरीजों को सेल्फ केयर करवाया गया तथा सेल्फ केयर के महत्व की जानकारी भी दी गई। कुष्ठ रोगियों को गर्म चीजों को हाथों से न पकड़ने तथा ठण्डे मे आग सेकने मे सावधानी बरतने को बोला गया। डेमियन फाउंडेशन के दुर्योधन बागती के द्वारा रिकन्सट्रक्टिभ सर्जरी के बारे में बताया गया। इस दौरान डीएनटी टीम के द्वारा 03 नये कुष्ठ रोगियों को निश्शुल्क दवा तथा परामर्श दिया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक दुर्गा उराँव, एमपीडब्ल्यू चंदन कुमार मन्ना,एलटी दिनेश घोष तथा संजय चटर्जी का अहम योगदान रहा। बहरागोड़ा में आगामी चर्मरोग जाँच शिविर का आयोजन 12 अप्रैल को किया जाएगा ।

### भू माफियाओं द्वारा सरकारी जमीन पर स्थित ग्रामीणों के प्राचीन पूजा स्थल पर किया जा रहा है कब्जा

# सैकड़ों महिला-पुरुषों ने किया प्रदर्शन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** जमशेदपुर प्रखंड अंतर्गत देवघर मौजा के मुखिया डांगा टोला में बिहार सरकार खाता संख्या 202, प्लॉट संख्या 108, रकवा दो एकड़ से अधिक जमीन में विगत लगभग एक सौ साल से ग्रामीणों द्वारा गोट पूजा (गोवर्धन पूजा) किया जाता है। जिसे भू माफियाओं द्वारा घेराबंदी कर कब्जा किया जा रहा है। इस संबंध में मुखिया डांगा के ग्रामीणों द्वारा पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त, एसएसपी पूर्वी सिंहभूम, एसपी ग्रामीण, पुलिस उपाधीक्षक पटमदा, अंचल अधिकारी मानगो व थाना प्रभारी एम जी एम को आवेदन देकर जांच उपरांत जमीन माफियाओं पर आवश्यक कारवाई करते हुए निर्माण कार्य को अविलंब रोक लगाने का आग्रह किया। पत्र में लिखा गया है कि सरकारी जमीन पर स्थित गोट पूजा स्थल में कुछ वर्षो से भू माफियाओं द्वारा जबरन पार्किंग चलाया जा रहा है एवं पुराने घेरा को तोड़कर अपने लाभ के लिए ऊंची चारदीवारी निर्माण किया जा रहा है। भू माफिया आकाश गोप, पंकज सिंह मुंडा, संतोष सिंह मुंडा द्वारा कुछ बाहरी असामाजिक तत्वों के साथ मिलकर जमीन के कुछ अंश खरीद बिक्री किया गया है और आदिवासी समाज के प्राचीन प्राकृतिक आस्था एवं संस्कृति को क्षति पहुंचाने का काम किया जा रहा है। जिसके कारण ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। बुधवार को सैकड़ों महिला पुरुषों ने पुजा स्थल पर प्रदर्शन किया। मौके पर सुनील सिंह मुंडा, लखिंदर सिंह मुंडा, विश्वनाथ सिंह मुंडा, विकास महतो, राजु सिंह मुंडा, गुरुचरण गौड़, कामाख्या गौड़, राजकिशोर गौड़, ज्योतिंद्र सिंह, सुजीत प्रजापति, बलराम सिंह मुंडा, शांति नाग, चांदनी सान्या, बिनती भगत, आरती भगत, बासंती देवी, कांति देवी, लीलावती देवी, रीता सिंह मुंडा, बबिता सिंह मुंडा, गीता सिंह मुंडा, यशोदा सिंह मुंडा, मंजु सिंह मुंडा, नेहा सिंह मुंडा आदि उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनी आम जनता की समस्यायें



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** उपायुक्त के कार्यालय कक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनता दरबार में उपायुक्त विजया जाधव ने आमजनों से मिलकर सहानुभूतिपूर्वक उनकी समस्याओं को सुना। जनता दरबार में 33 लोगों ने अपनी समस्यायें रखी । शहर के एक निजी विद्यालय में बच्चे के फेल होने पर अगले कक्षा में प्रमोट नहीं करने की शिकायत, नवनीत कुमार ने जॉब की मांग की जिनके आवेदन को नियोजन पदाधिकारी को अग्रसारित किया गया। निजी विद्यालय में नामांकन, बिजली कनेक्शन काटने की शिकायत, स्कूल फीस माफ कराने का आग्रह, चाकुलिया के एक व्यक्ति ने जाहेर स्थान में बाउंड्री निर्माण व सौदर्यीकरण, जुगसलाई निवासी ने वृद्धा वस्था पेंशन, एक महिला ने जेएनएसी क्षेत्र में दुकान आवंटन, संपत्ति विवाद, भूमि अधिग्रहण का मुआवजा भुगतान, शहर के एक मॉल कर्मचारी ने लंबित बकाया भुगतान जैसी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा जिसपर उन्होने तत्काल संबंधित विभागीय पदाधिकारी को प्राप्त आवेदन अग्रसारित कर जांचोपरांत यथोचित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### केंद्रीय रामनवमी अखाड़ा कमेटी की बैठक

# मंत्री चंपई सोरेन बने मुख्य संरक्षक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**आदित्यपुर :** आदित्यपुर स्थित एस टाइप हनुमान मंदिर परिसर में केंद्रीय रामनवमी अखाड़ा कमेटी की मंगलवार की शाम बैठक हुई. बैठक में संरक्षक मंडली का पुनर्गठन किया गया. बैठक में मुख्य संरक्षक मंत्री चंपई सोरेन को चुना गया. जबकि संरक्षक मंडली में पूर्व विधायक अरविंद सिंह, धर्म रक्षा समिति के प्रदेश अध्यक्ष एके श्रीवास्तव, श्रीनाथ यूनिवर्सिटी के चांसलर सुखदेव महतो, बिल्डर एस भदानी को शामिल किया गया. जबकि अध्यक्ष श्रीराम ठाकुर, महासचिव देवांग चंद्र मुखी, उपाध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता, भगवान सिंह आदि चुने गए.

**बैठक में 14 अखाड़ा कमेटी के लोग हुए शामिल:** बैठक में ब्रजेश पति तिवारी, फूलन सिंह, बिशु महतो, पार्षद सुधीर सिंह सहित 14 अखाड़ा कमेटी के लोग शामिल हुए. केंद्रीय रामनवमी अखाड़ा कमेटी में आदित्यपुर के साथ गम्हरिया और कांड्रा के अखाड़ा कमेटी शामिल हैं. सभी ने सर्वसम्मति से 30 को रामनवमी पूजन और 31 मार्च को फुटबॉल मैदान में अखाड़ा कमेटियों द्वारा शौर्य प्रदर्शन का निर्णय लिया. प्रदर्शन में कुल 11 अखाड़ा कमेटी के खिलाड़ी शामिल होंगे. शौर्य प्रदर्शन शाम 7 बजे से रात्रि साढ़े 10 बजे तक आयोजित होगा. कमेटी ने जिला प्रशासन के सहयोग से रामनवमी त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने का निर्णय लिया.

### भूला में फैक्टशाला सूचना साक्षरता कार्यशाला आयोजित

# सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरों की पहचान करने के प्रति जागरुक हुए युवा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** फैक्टशाला इंडिया मीडिया लिटरेसी नेटवर्क एवं सामाजिक संस्था निश्चय फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में बोड़ाम प्रखंड के भूला पंचायत भवन में बुधवार को सूचना साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस संबंध में निश्चय फाउंडेशन के संस्थापक तरुण कुमार ने बताया कि इसमें डिजिटल माध्यमों से हम सभी तक लगातार पहुंच रही सूचनाओं की तरफ ग्रामीण युवाओं का ध्यान आकृष्ट कराने की कोशिश की गई। चर्चा के दौरान युवाओं ने महसूस किया कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से हम तक पहुंच रही सूचनाएं कई बार गलत या भ्रामक होती है, जिसपर भरोसा करना निजी या सामाजिक स्तर पर नुकसान हो सकता है। कार्यक्रम के दौरान युवाओं को डिजिटल हाइजीन के प्रति प्रेरित किया गया। इस दौरान तरुण कुमार ने बतौर फैक्टशाला प्रशिक्षक युवाओं को अहम जानकारियां दी। मौके पर बृंदावन महतो, कल्लोल कर्मकार, गोपेन महतो, अजय महतो, प्रदीप कुमार, सुजान रॉय, रजनी सिंह, देवाशीष मुखर्जी, गोविंद समेत लगभग 25 युवा उपस्थित थे। फैक्टशाला इंडिया मीडिया लिटरेसी नेटवर्क पत्रकारों, मीडिया प्रोफेशनल, प्रोफेसर्स, सामाजिक कार्यकर्ताओं का समूह है जो भारत के विभिन्न शहरों, कस्बों, गांवों, शैक्षणिक संस्थानों व सामाजिक संगठनों आदि में फैक्टशाला प्रशिक्षण आयोजित कर नकली खबरों के दुष्प्रभाव व बचाव के प्रति समाज को जागरूक करने का प्रयास कर रहा है।

## प्रत्येक पंचायतों में प्रज्ञा केंद्र खोलने की मांग पर विधायक ने विधानसभा में उठाई आवाज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** झारखंड विधानसभा बजट सत्र के अंतर्गत शून्यकाल के दौरान जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने बुधवार को सदन में आवाज उठाते हुए सभी पंचायतों में प्रज्ञा केंद्र खोलने की मांग की। विधायक ने कहा कि जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बोड़ाम, पटमदा एवं जमशेदपुर प्रखंड में प्रज्ञा केंद्रों (सीएससी) की संख्या काफी कम होने के कारण छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीणों को आधार, जाति, आवासीय, आय प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेजों के आवेदन करने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में सभी प्रकार के काम ऑनलाइन के माध्यम से किये जाने और प्रज्ञा केंद्र की संख्या कम होने के कारण ससमय दस्तावेज उपलब्ध नहीं हो पाता है। उन्होंने जनहित में प्रत्येक पंचायत में प्रज्ञा केंद्र खोलने हेतु सरकार से मांग की है।

# विधायक सविता महतो का प्रयास लाया रंग

### चांडिल अनुमंडल अस्पताल भवन को पुनर्विकसित करने हेतु साढ़े 17 करोड़ का मिली प्रशासनिक स्वीकृति

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**तिरुलडीह :** ईचागढ़ के विधायक सविता महतो के प्रयास से ईचागढ़ विधानसभा के जनता के बहुप्रतीक्षित मांग एवं दिवंगत उप मुख्यमंत्री सुधीर महतो के अधूरे सपने चांडिल अनुमंडल अस्पताल को पुनर्विकसित करने हेतु 17 करोड़ 51 लाख 56 हजार 7 सौ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति मिल गई है। विधायक ने चांडिल अनुमंडल अस्पताल को चालू करने को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व सूबे के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता को कई बार पत्राचार भी किए थे। वही विधायक ने विधानसभा के पटल पर भी गांगुडीह स्थित अनुमंडलीय अस्पताल बनाने की बात रखी थी। ईचागढ़ विधानसभा के जनता के विकास के लिए विधायक सविता लगातार प्रयासरत हैं। मामूल हो की विधानसभा के चुनावी घोषणा पत्र में भी विधायक ने अनुमंडल अस्पताल को चालू करने का वादा किया था जो पूरा किया। वही चौलीवासा व चौका प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में नए भवन एवं डॉक्टर की कमी व तिरुलडीह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर व स्वास्थ्य उपकरण के जो कमी हैं जल्द ही उसे भी पूरा कर लिया जाएगा।

# करीम सिटी कॉलेज: वूमेंस सेल का तीन दिवसीय वार्षिक प्रतियोगिता का समापन आज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** करीम सिटी कॉलेज के वूमेंस सेल द्वारा कॉलेज में चल रहे तीन दिवसीय वार्षिक प्रतियोगिता का समापन पुरस्कार समारोह के साथ कल होगा। आज दूसरे दिन कुकिंग विदाउट फायर - सैंडविच मेकिंग ऐंड सलाद ड्रेसिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इससे पूर्व कल निबंध लेखन- रिमेंबरिंग महाश्वेता देवी, कॉमिक स्क्रिप्टिंग - साईबर क्राइम अगेंस्ट वूमेन और कविता लेखन - यादें प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस प्रतियोगिता में कॉलेज के सभी विधार्थियों आमंत्रित थे। कार्यक्रम में करीब 150 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। वूमेंस सेल के विद्यार्थी प्रतिनिधियों द्वारा सुचारू रूप आयोजन निष्पादन किया गया। पूरा कार्यक्रम वूमेंस सेल की कोऑर्डिनेटर डॉ कौसर तसनीम के देखरेख में संपन्न हुआ। कल के कार्यक्रम का शीर्षक ओड टू स्ट्रेंथ है जिसमे महिला दिवस का आयोजन होगा साथ ही प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा।

# एसआईटीई कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर, एसआईटीई कॉलेज गम्हरिया में अंग्रेजी विभाग को ओर से एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत छात्र के स्वागत के साथ हुई। उसके बाद बीए अंग्रेजी सेमेस्टर एक के छात्रों द्वारा सामाजिक कुरीतियों पर आधारित सामूहिक गीत की प्रस्तुति की गई। इस मौके पर सेमेस्टर दो की छात्रा लिली बहा आइंद ने महिला दिवस के महत्व को बताया। तत्पश्चात मुंशी प्रेमचंद की क्लासिक कृति बड़े घर की बेटी पर आधारित एक लघु नाट्य की प्रस्तुति की गई। इस लघु नाटक में इशिका मिश्रा, आयुष्मान बोदरा, क्रिस्टीना वोलर, सादिया जहां और कशिश ठाकुर ने भाग लिया था। इस मौके पर अंग्रेजी विभाग की प्रो0 शालू कांत और प्रो0 रिया बसु ने छात्रों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन रितिका गुलाब केरकेट्टा ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन ऋषभ देवगम ने दिया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ0 फादर ईए फ्रांसिस एस.जे., उप-प्राचार्य डॉ0 फादर मुक्ति क्लेरेंस के अलावा सभी संकाय के सदस्य और काफी संख्या में छात्र उपस्थित थे।

# गर्मी में पेयजल समस्या के समाधान के लिए डेडिकेटेड टीम गठित

### पेयजल व स्वच्छता प्रमंडल के नियंत्रण कक्ष में भी 0657- 3560557 पर कॉल कर करायें पेयजल समस्या का समाधान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** गर्मी का मौसम शुरू है ऐसे में जिलेवासियों को पेयजल की समस्या नहीं हो इसके मद्देनजर उपायुक्त विजया जाधव के निर्देशानुसार पूरे जिले के लिए विशेष टीम का गठन के साथ-साथ नगर निकायों में भी टीमें गठित की गई है । इसके अलावा पेजयल एवं स्वच्छता प्रमंडल द्वारा एक नियंत्रण कक्ष भी स्थापित किया गया है जहां जिलेवासी प्रातः 8 बजे से संध्या 8 बजे तक दूरभाष संख्या 0657- 3560557 पर संपर्क कर पेयजल समस्या का समाधान करा सकते हैं । गर्मी को देखते हुए पूरे जिले में अभियान चलाकर खराब पड़े चापाकलों की मरम्मती का कार्य किया जा रहा है ।

#### पेयजल समस्या के समाधान के गठित जिला स्तरीय टीम व फोन नंबर निम्नवत है

प्रखंड/अभियंता का नाम/फोन नंबर : 1. जमशेदपुर- अनुज कुमार सिंह, सहायक अभियन्ता- 8002536460, 2. धालभूमगढ़- अखिलेश कुमार सिंह- कनीय अभियन्ता- 6201569128, 3. मुसाबनी- चैतन्य कुमार मिश्र- कनीय अभियन्ता- 7903911836, 4. डुमरिया- आकाश जायसवाल- कनीय अभियन्ता- 7007183961, 5. चाकुलिया- उदय नारायण शर्मा- कनीय अभियन्ता- 9431342932, 6. घाटशिला- कैलाश राम- कनीय अभियन्ता- 9204220106, 7. गुड़ाबांदा- सुनिल कुमार दत्त- सहायक अभियन्ता- 9386223101, 8. बहरागोड़ा- मनोज कुमार- कनीय अभियन्ता- 7982743430, 9. पोटका- डोमन रजक- कनीय अभियन्ता- 8789744066, 10. पटमदा एवं बोड़ाम- पंडित कुमार महतो- कनीय अभियन्ता- 9934173014, 11. मानगो नगर निगम क्षेत्र- पंडित कुमार महतो- कनीय अभियन्ता- 9934173014, 12. जुगसलाई नगरपालिका क्षेत्र- सत्यप्रकाश पाण्डेय- कनीय अभियन्ता- 7979080037.

#### जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति द्वारा गठित टीम एवं फोन नंबर निम्नवत हैं

1. सोनल सिंह चौहान- नगर प्रबंधक- सप्लाई लाइन द्वारा जलापूर्ति से संबंधित कार्य- 7979712424, 2. अमित आनंद- सहायक अभियंता- डीप बोरिंग द्वारा जलापूर्ति से संबंधित कार्य- 8603533700, 3. बीरेन्द्र कुमार हेम्ब्रम- कनीय अभियंता- चापाकल द्वारा जलापूर्ति से संबंधित कार्य- 8789976536, 4. संतोष कु. सिंह मुंडा- कनीय अभियंता- टैंकर द्वारा जलापूर्ति से संबंधित कार्य- 9693980596

#### मानगो नगर निगम द्वारा गठित टीम एवं फोन नंबर निम्नवत हैं

1. राहुल कुमार- नगर प्रबंधक- सप्लाई लाइन द्वारा जलापूर्ति से संबंधित कार्य- 7992318067, 2. जितेन्द्र कुमार- नगर प्रबंधक- डीप बोरिंग द्वारा जलापूर्ति से संबंधित कार्य- 8987586386, 3. संतोष कुमार- सहायक अभियंता- चापाकल द्वारा जलापूर्ति से संबंधित कार्य- 6203884203, 4. कुमार अंशुमन- सफाई पर्यवेक्षक- टैंकर द्वारा जलापूर्ति से संबंधित कार्य- 8789559592

#### जुगसलाई नगर परिषद द्वारा गठित टीम व फोन नंबर निम्नवत हैं

1. मुकेश कुमार मोदी- कनीय अभियंता- टैंकर से जलापूर्ति, चापाकल मरम्मती संबंधित कार्य- 8210100179, 2. सत्यप्रकाश पांडेय- कनीय अभियंता- 7979080037 एवं संदीप शर्मा- वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट इंचार्ज- 8340558001- जुगसलाई शहरी जलापूर्ति योजना से संबंधित कार्य।

## स्वास्थ्य शिविर में 132 ट्रक ड्राइवरों की हुई जांच

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सुपर सोनिक लॉजिस्टिक प्राइवेट लिमिटेड की ओर से बर्मामाइंस स्थित टाटा जे टी टी पार्किंग परिसर में स्वास्थ शिविर आयोजित की गयी। आईएचएमओ जिला अध्यक्ष सह कार्यक्रम संयोजक एसआरके कमलेश ने बताया शिविर में कुल 132 ट्रक चालकों की ब्लड शुगर , ब्लड प्रेशर , मोतियाबिंद की जांच की गयी. आनंद मार्ग के सुनील आनंद की ओर से स्वास्थ्य शिविर का संचालन किया गया। मौके पर सुपर सोनिक लॉजिस्टिक प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर कपिल अग्रवाल, प्रबंधक अखिलेश सिंह यादव, मैनेजर कृष्णा ओझा, सेफ्टी ऑफिसर बीके तिवारी, इंचार्ज राकेश कुमार सिंह सहित कंपनी के पदाधिकारी और कर्मचारी के अलावा मेडिकल टीम से अमन राज, अंजलि एवं पूर्णिमा नेत्रालय के विशेषज्ञों का योगदान रहा।

# सहेली की शादी में की गई नाबालिग की निर्मम हत्या, रेप के बाद गर्दन काटने की आशंका

➲घर से चंद गज की दूरी पर खेत से बरामद हुआ शव, धारदार हथियार से शरीर के अन्य भाग पर किये गए हैं कई वार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** शादी समारोह में शिरकत करने निकली 17 साल की नाबालिक बच्ची की निर्मम हत्या का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। शहर से सटे पुलिस लाईन के समीप स्थित सदर थाना क्षेत्र के छोटकी देवरिया गांव के खेत से संदेहास्पद स्थिति में पुलिस ने बच्ची का शव बरामद किया है। बच्ची की गला रेतकर व शरीर के अन्य भागों पर धारदार हथियार से बार-बार कर मौत के घाट उतारी गई है। घटना की सूचना पाकर एसडीपीओ अविनाश कुमार, प्रशिक्षु डीएसपी धनंजय राम व थाना प्रभारी मनोहर करमाली दल बल के साथ मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गए हैं। नाबालिग की रेप के बाद गला रेत कर हत्या की आशंका जताई जा रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जहां मौके पर मेडिकल व डॉग स्क्वायड की संयुक्त टीम को बुलाकर शव की पड़ताल की जा रही है। वहीं पुलिस घटना के हर संभावित पहलू की विजेता से पड़ताल में जुटी है। हालांकि पुलिस के कोई भी वरीय अधिकारी इस मामले में तत्काल कुछ भी कहने से कतरा रहे हैं। अधिकारियों ने चंद घंटों में हत्या की गुत्थी सुलझाते हुए हत्यारों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। नाबालिग बच्ची की हत्या की घटना से इलाके में सनसनी, वहीं गांव में शादी का जश्न पूरी तरह से मातम में बदल गया है। सूत्रों के अनुसार पुलिस इस ब्लाईंड मर्डर केश की गुत्थी सुलझाने को ले कई संदिग्धों से गहन पूछताछ कर रही है। गौरतलब है कि देर रात छोटकी देवरिया गांव में मृतिका की सहेली समेत तीन अन्य घरों में शादी समारोह था। इसी में शामिल होने की बात कहकर वह अपने घर से निकली थी। लेकिन जब सुबह तक वह घर वापस नहीं लौटी तब परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की। खोजबीन के दौरान ही परिजनों को उसका शव खेत में क्षत-विक्षत अवस्था में मिला। जिसके बाद ग्रामीणों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। रितिका के पिता ने गांव के ही लोगों पर पूर्व में बच्ची को उठा लेने की धमकी देने का आरोप लगाया है। परिजनों के बयान और मृतिका के मोबाइल की जांच के आधार पर पुलिस मामले की पड़ताल में जुटी है। मृतिका के पिता के अनुसार बच्ची हजारीबाग में रहकर दसवीं कक्षा की पढ़ाई करती थी। होली की छुट्टी मनाने वह घर आई थी।

# महुआडांड़ में हाथियों का कहर जारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ :** महुआडांड़ वन क्षेत्र के नेतरहाट पंचायत में दूसरे दिन भी हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया। नेतरहाट पंचायत के सिरसी ग्राम में पहुंचकर हाथियों के 1 जोड़ी ने रतिया किसान एवं बलराम किसान के घर को ध्वस्त कर दिया वही रतिया किसान के घर में रखा हुआ अनाज चट कर गए। जिसके बाद मौके पर वन विभाग के अधिकारियों ने पहुंचकर हाथियों को बम और मशाल जलाकर ग्रामीणों की सहायता से टुटुवा मोड़ के रास्ते बनारी के जंगलों में भगाया है। वन अधिकारियों ने कोतोरोकोना, सिरसी, करमखाड़ के ग्रामीणों में मोबाइल एवं पटाखों का वितरण किया साथ ही लोगों को एकत्रित होकर मशाल जलाकर रहने का निर्देश दिया ताकि हाथियों के द्वारा ग्रामीणों को और नुकसान ना हो।

## डीडीसी ने की मिशन अमृत सरोवर के कार्यों की समीक्षा

**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अमृत सरोवर के तहत हो रहे कार्यों की उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप की अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने कहा कि मिशन अमृत सरोवर के तहत कार्य जल्द पूरा हो इसके लिए यह बहुत जरूरी है। कि कार्यों को गंभीरता से लिया जाए। मौके पर उप विकास आयुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों से अब तक किये गए कार्यों की जानकारी ली ,वही उन्होंने जल्द से जल्द अन्य तालाबों के निर्माण व जीर्णोद्धार के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। समीक्षा के क्रम में उन्होंने वैसे सभी तालाब जिनका निर्माण एवं जीर्णोद्धार कराया जाना है। से संबंधित कार्यों का नियमित निरीक्षण कर ससमय कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिए।समीक्षा के क्रम में उप विकास आयुक्त द्वारा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों व संबंधित पदाधिकारी को नियमित रूप से क्षेत्र भ्रमण करते हुए, कार्यों की समीक्षा करने, जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने, जियो टैगिंग कराने संबंधित कई आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी,अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## श्रमदान शिविर का किया गया आयोजन

**महुआडांड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नेहरू युवा केंद्र लातेहार के जिला जिलाधिकारी सुश्री कंचन कुमारी के निर्देशानुसार ग्राम हामी, असनारी एवं औराटोली में तीन दिवसीय श्रमदान शिविर का आयोजन किया गया। इसके तहत औराटोली में पानी टंकी बदला गया, हामी में चापाकल मरम्मत एवं असनारी में कुआं की सफाई एवं मरम्मत किया गया। इस कार्यक्रम में स्वच्छता एवं जल संरक्षण के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। मौके पर ग्राम हामी के अगस्तुस मिंज, वर्षा मिंज, सुखन, दिलीप एवं असनारी से प्रमिला कुजुर, सोनू, जोय, पिंकी, सुरजीत, अंकित एवं औराटोली से सूबेदार एक्का, आसित मिज आदि उपस्थित थे। इस कार्यक्रम को नेहरू युवा केंद्र के प्रखंड स्वयंसेवक रवि रोशन कुमार एवं चांदनी गुप्ता के द्वारा आयोजित किया गया।

## कृषि ऋण माफी योजना को लेकर बैठक

**महुआडांड़ (लातेहार) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** महुआडांड़ प्रखंड के सभागार मे प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेन डांग की अध्यक्षता में बैंकर कमेटी का बैठक किया गया। बैठक में कृषि ऋण माफी, सुरक्षा बीमा, अटल बीमा से संबंधित योजनाओं पर चर्चा किया। जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक शांति प्रसाद टोप्पो ने भारतीय स्टेट बैंक शाखा प्रबंधक बिन्सेलास लकड़ा और झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक प्रबंधक अनुराग अग्रवाल को निर्देश दीया कि जल्द से जल्द सभी किसानों का किसी ऋण माफी योजना के तहत निबंधन कराएं ताकि सभी किसानों को कृषि ऋण माफी का लाभ मिल सके वही ग्रामीणों में बीमा योजनाओं के प्रति जागरूकता लाने का निर्देश दिया। सीएसपी संचालकों के संबंध में निर्देशित किया कि जो भी सीएसपी जिस पंचायत के लिए दिया गया है उन्हें वही कार्य करना होगा। बैठक में जिला परिषद सदस्य इस्तेला नगेसिया, प्रमुख कंचन कुजूर, उप प्रमुख अभय मींज, प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेन डांग, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी धनश्याम चौधरी झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक शाखा प्रबंधक अनुराग अग्रवाल, उदय कुमार गुप्ता, कृषक मित्र मौजूद थे।

## पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

**महुआडांड़ (लातेहार) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आए दिनों बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए लातेहार पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निर्देश पर महुआडांड़ थाना प्रभारी आशुतोष यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम के द्वारा शास्त्री चौक एवं बिरसा चौक में दोपहिया वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जहां चेकिंग अभियान के दौरान बिना हेलमेट मोटरसाइकिल चला रहे दर्जनों युवकों को पकड़ा गया जिसके बाद सभी के दोपहिया वाहनों को थाना परिसर लाया गया। यह अभियान शाम 5:00 बजे के करीब चली जिसमें मुख्य रूप से महुआडांड़ थाना प्रभारी आशुतोष यादव, पु0अनी रतन टुडू, एवं जिला पुलिस बल आईआरबी के जवान मौजूद रहे।

## अलग अलग सड़क दुर्घटना में दो घायल

**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के दो अलग अलग स्थानों के सड़क दुर्घटना में दो महिलाएं घायल हो गई। घायलों को सिमरिया रेफरल अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक अंकुर ने दोनों का प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग सदर रेफर किया गया। ज्ञात हो कि मोहननगर खलारी से राजकली देवी पति उदय चौहान मोटरसाइकिल पर सवार होकर सिमरिया की ओर आ रही थी कि धंगड्डा घाटी में महिला अनियंत्रित होकर मोटरसाइकिल से सड़क पर गिर गई।वहीं दूसरी घटना थाना क्षेत्र के दुंदुआ के पास हुई।जिस घटना में दम्पति के साथ दो बच्चे एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर बगर लुटीडीह से टंडवा सोपरन जा रही थी।इस दौरान बाइक सवार महिला अर्चना देवी पति विवेक कुमार राणा बाइक से गिर गई और गंभीर रूप से घायल हो गई। उक्त दोनों अलग अलग घटनाओं में सिर्फ दोनों महिलाएं ही गंभीर रूप से घायल हुई है।जबकि दोनों बाइक पर सवार अन्य लोग सुरक्षित हैं, उन लोगों को आंशिक चोटें आई हैं।

# जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त श्री अबु इमरान की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं अन्य सभी विकास तथा कल्याणकारी योजना, सामाजिक सुरक्षा, पेंशन, रूर्बन मिशन योजना इत्यादि कि समीक्षा बैठक की गई। जिसमें वीर सहीद पोटो हो खेल विकास योजना के लक्ष्य के विरूद्ध किए गए कार्य की समीक्षा करते हुए वैसे कार्य जिसका भूमि चिन्हित नहीं होने के कारण लंबित है। इस संदर्भ उपायुक्त ने शीघ्र भूमि चिन्हित करते हुए प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। जिससे योजनाओं को धरातल पर शत प्रतिशत उतारा जा सके। साथ ही उन्होने कहा कि वीर सहीद पोटो हो खेल विकास योजना जहां पूर्ण हो चुका है वहां पर शौचालय एवं चेंजिंग रूम का निर्माण कराना सुनिश्चित करें। मनरेगा की समीक्षा करते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि सभी कार्यों का जीयो टैगिंग हो। बैठक में उप विकास आयुक्त द्वारा जानकारी दी गई कि जॉब कार्ड सत्यापन का कार्य लगभग शत प्रतिशत पूर्ण करा लिया गया है। वहीं बिरसा हरित ग्राम योजना के बारें में उपायुक्त ने कहा कि यह योजना बहुत ही महत्वपूर्ण हैं। इस योजना के भी प्राप्त लक्ष्य को शत प्रतिशत पूर्ण करें। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण से प्रखण्डवार लाभान्वित सभी लाभुकों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया गया कि इस योजना के तहत अभी तक लंबित आवास के कार्य को पूर्ण नहीं किया गया है उसे जल्द से जल्द पूर्ण कराएं। साथ ही प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी (बीपीओ) द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए अपने कार्यों में एक माह के अंदर अपने कार्यों में सुधार लाएं। इस संदर्भ में संबंधित पदाधिकारी को भी निर्देशित किया गया कि इन सभी के कार्यों की समीक्षा करते हुए नियमानुसार कार्रवाई करें। भीम राव अम्बेडकर आवास योजना की समीक्षा कर निर्देशित किया गया कि योजनाओं को शत प्रतिशत पूर्ण करें। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना को लेकर ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमण्डल चतरा के कार्यपालक अभियंता शहनवाज खान द्वारा जिले में संचालित योजनाओं कि विस्तृत जानकारी दी गई।

# बुथ सशक्तिकरण अभियान पर भाजपा की बैठक सम्पन्न




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय स्थित बटेश्वर शिव मंदिर सामुदायिक भवन में भारतीय जनता पार्टी गिद्धौर मंडल के मतदान केंद्र सशक्तिकरण अभियान हेतु बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार एवं संचालन महामंत्री सह सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा ने किया।बैठक को मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी देश की संस्कृति को बचाने और भारत माता को परम वैभव पर पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रहें हैं। भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ देश के लिए कार्य करने की आवश्यकता है आने वाले लोकसभा चुनाव एवं विधानसभा चुनाव में पार्टी को प्रचंड बहुमत जीत दिलाने हेतु सभी अल्पकालिक विस्तारक अपने-अपने पंचायत में प्रवास कर उस पंचायत के प्रभारी, संयोजक सह संयोजक के साथ मिलकर बुथ समिति को सशक्त करें। बैठक में मुख्य रूप अल्पकालिक विस्तारक राजेन्द्र दांगी, लखन दांगी, महेंद्र राम, सुरेश प्रसाद राणा, प्रीतम यादव, अशोक गुप्ता, मंडल उपाध्यक्ष कविता देवी, विधायक प्रतिनिधि महादेव दांगी, संयोजक यशवंत दांगी, हिंमाशु पाठक, उपेंद्र साव, संजय यादव, राजु साव, दशरथ दांगी, प्रसादी पासवान, सुनील कुमार राणा, ब्रह्मदेव यादव, चमारी दांगी, प्रेमचंद यादव, दामोदर दांगी, कैलाश राणा, सुनील पांडेय, संजय यादव, अशोक यादव, विनोद पासवान, अनील कुमार समेत कई कार्यकर्ता एवं नेता शामिल थे।

# चापानल व जल मीनार खराब होने से बढ़ी जल समस्या



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** बारियातू प्रखण्ड अन्तर्गत टोटी पंचायत के टुन्डाहुटु गांव के कुसुम टोला में चापानल व जलमिनार खराब होने से ग्रामीणों के बीच जल संकट उत्पन्न हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि पेयजल सहित अन्य कार्यों के लिए चापानल व जलमिनार लगाया गया था जो बीते कई महीनों से खराब है। विभागीय उदासीनता के कारण ग्रामीण को जल संकट से जूझ रहे हैं। प्रतिदिन पेयजल व अन्य कार्यो के लिए दुर जाकर पानी लाना पड़ता है।इधर गर्मी के दस्तक के कारण ग्रामीण जल समस्या को लेकर बहुत ज्यादा चिंतित हैं। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग व प्रखण्ड प्रशासन से खराब पड़े चापानल व जलमिनार को अबिलंब ठीक कराने की मांग की है। इस मौके पर सुमन देवी, करुणा कश्यप, अनिषा कश्यप, मगडाली कश्यप, निराशो, गुड़िया, पवन, विजय, लवकुश समेत अनेकों ग्रामीण उपस्थित थे।

# बरवाडीह में चला वाहन चेकिंग अभियान, लगा जुर्माना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** जिले के कप्तान अंजनी अंजन के निर्देश पर थाना क्षेत्र के मुर्गीडीह स्थित सीआरपीएफ कैम्प के पास बुधवार को वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमे दर्जनों बड़ी छोटी वाहनों को जब्त किया गया जिसकी सूचना जिला परिवहन पदाधिकारी को दी गई। वही सभी जब्त वाहनो को जिला परिवहन पदाधिकारी के द्वारा ऑनलाइन एक- एक हजार रुपए का चालान काटा गया। इसके बाद सभी जब्त वाहनों को छोड़ा गया।वही चेकिंग अभियान के दौरान मेडिसिन की व्यवस्था के साथ नशा जांच मशीन से वाहन चालकों का फिजिकल टेस्ट किया गया। मौके पर थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह ने कहा कि थोड़ी सी लापरवाही की वजह से सड़क दुर्धटना में कितने लोगों की मौतें हो जाती है । इसे लेकर गाड़ी चलाते समय हेलमेट का इस्तेमाल करना जरूरी होता है साथ ही बड़ी वाहन चलाते समय सेफ्टी बेल्ट जरूर लगाएं। मौके पर पुलिस जवान मौजूद रहे।

# शांतिपूर्ण शुरू हुई परीक्षा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** झारखंड अधिविध परिषद द्वारा आयोजित इंटर की परीक्षा के लिए प्रखंड में बनाए गए दो परीक्षा केंद्र आदर्श मध्य विधालय बारियातू व राजकीय कृत मध्य विधालय साल्वे में बुधवार को द्वितीय पाली में अनुशासनबद्ध शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई।आदर्श मध्य विधालय बारियातू में इंटर इंग्लिश ए की परीक्षा में 182 परीक्षार्थी मे 1 अनुपस्थित उपस्थित रहे द्य जबकि हिन्दी ए में 112 में 109 उपस्थित रहे तीन अनुपस्थित रहे। इधर राजकीय कृत मध्य विधालय साल्वे के केन्द्राधीक्षक जयप्रकाश कुमार ने बताया कि 207 परीक्षार्थी में 206 उपस्थित एक अनुपस्थित रहे। इंग्लिश ए की परिक्षा में 160 परीक्षार्थी में 159 उपस्थित रहे एक अनुपस्थित रहे जबकि हिन्दी ए की परिक्षा में 47 परीक्षार्थी में सभी शामिल रहे द्य बनाए गए दोनों परीक्षा केंद्र मे दंडाधिकारी चंदन कुमार, प्रभात उरांव, केंद्राधीक्षक अनिता देवी, जयप्रकाश कुमार, वीक्षक संजिव कुमार, यमुनाधर मिश्र, शंभु राम, अमित कुमार, जयप्रकाश प्रसाद, नागेन्दर प्रसाद सहित कई वीक्षक अहम भूमिका निभा रहे थे।

## रोजगार सेवक पर लगा रिश्वत का आरोप, प्रखंड में नहीं करते हैं कोई घुस बगैर काम



**चतरा /कुंदा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के नवादा पंचायत अंतर्गत सिंदरी गाँव में मनरेगा योजना अंतर्गत डोभा निर्माण करा रही मोनी देवी के खेत में सरकारी रूपये उसे भुगतान कराने के एवज में लाभुक मोनी देवी के पुत्र कमल देव यादव से रोजगार सेवक क्रमशः पांच हजार एवं दो हजार रुपया फोन पे के माध्यम से लिया है। इस संदर्भ में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने कुंदा प्रखंड विकास पदाधिकारी को जांच कर कार्रवाई का निर्देश भी दे चुके है। क्या कहते है रोजगार सेवक अजय। उनका कहना है कि मेरी मां का तबियत दिसंबर में खराब हुआ था उस वक्त वे हमारे खाता में राशि डाले थे। जिसे मैं वापिस कर दिया हूँ। लाभुक पुत्र का कहना है कि मुझे भी एक डोभा निर्माण की अनुमति मिली थी, जिसे जियोटेग के नाम पर हमसे रिश्वत लिया गया है। अब सारा मामला कुंदा प्रखंड विकास पदाधिकारी के पास है वे मामला शांत कर रफा दफा करने के फिराक में जुटे है। जबकि इस पूरे प्रकरण में वरीय पदाधिकारी का कड़ी नजर बना हुआ है और अड़े हुए है। भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए उक्त रोजगारसेवक पर एफआईआर कराने की प्रक्रिया जारी है।

# हंटरगंज के मदरसा अशरफुल उलूम में जलसा दसतार बंदी का कार्यक्रम संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हंटरगंज :** प्रखंड के पंचायत डुमरी कलां के ग्राम गोडवाली देवरिया स्थित पवित्र निरंजना नदी के तट पर अवस्थित मदरसा अशरफुल उलूम के प्रांगण में एक भव्य जलसा दसतार बंदी का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मौलाना कारी मुहम्मद फजलुर्रहमान सरपरसत दारुल कुरान मदरसा अजमतिया कोलकत्ता बंगाल ने किया।जबकि संचालन उस्ताद ए हदीस दारुल उलोम शबील अरशादी बंगलौर कर रहे थे।जलसे का आगाज कुरान पाक की तलवार से कारी मो ओबैदुर्रहमान मदरसा अजमतिया कोलकत्ता ने किया। हमदिया कलाम मौलवी मो उमर फारूक रशादी और मौलवी मो सलीम अख्तर रशादी ने पढ़ी। इस मौके पर 55 हाफिजों को दसतार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस जलसे में हिंदू,मुस्लिम सिख की उपस्थित आपसी।मुहब्बत का पैगाम दे रहा था। अध्यक्षी संबोधन में कारी मो फजलुर्रहमान कोलकत्ता ने कहा की आज अशिक्षा के कारण ही पुरी इंसानियत का ताना बाना टूट रहा है। समाज में जो शिक्षा दी जा रही है वह काफी नहीं है।शिक्षा से ही मनौवत और भाईचारगी का पैगाम दिया जा सकता है।शिक्षा के बगैर भाई चारे का संदेश देना संभव नहीं है।उन्होंने कहा की कुरान सिर्फ मुसलमानों का धार्मिक ग्रंथ नहीं है बल्कि पुरी दुनियां के मानव के लिए ईश्वर ने अवतारित किया है।कुरान का संदेश और उपदेश धरती पर रह रहे सभी मनुष्यों के लिए पैगाम लेकर आया है। यह ग्रंथ भाई, पड़ोसी, बहन, पत्नी, मां और पिता के अधिकार और हुकूक का जो संदेश दिया है काश लोग अमल करलें तो जीवन जीने का सैली बदल जायेगा।इतना ही नहीं बल्कि पेड़, पौधे, पानी, पहाड़ और पशुओं के अधिकार का जो ग्रंथ संदेश देता हो उस ग्रंथ के मानने वाले लोग कैसे बदल जाते हैं यह चिंता का विषय है।कुरान में जहां विज्ञान का जिक्र है वहीं भूगोल और इतिहास भी सिखाता है। जलसे को संबोधित करते हुए अल्हाज मुफ्ती अनिसुर्रहमान कासमी उपाध्यक्ष ऑल इंडिया मिलली काउन्सिल सह सदस्य आल इंडिया मुस्लिम पर्सनलॉ बोर्ड ने कहा की आज समाज का हर एक व्यक्ति आपसी घृणा और भेद भाव का शिकार हो गया है जिस से बेहतर समाज का निर्माण नहीं हो पा रहा है।मानव प्रेमऔर एक दूसरे के दुख सुख में शामिल हो कर ही दूरियों को मिटाया जा सकता है।इस्लाम धर्मावलंबियों पर यह फर्ज है की मानव संदेश को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं तभी पुरी दुनियां में अमन और शांति का पैगाम देना सार्थक होगा।उन्होंने यह भी कहा की आज मदरसे के विद्यार्थी कहीं भी चिन्हित किए जाते हैं क्योंकि उनका जीवन सैली का तौर तरीका अलग होता है। आज मदरसे के विद्यार्थी डॉक्टर इंजीनियर, वकील आईएएस और आईपीएस अधिकारी बन रहे हैं। उन्होंने आगे ने कहा की मदरसे के बच्चो को अब शोध के क्षेत्र में भी लगाया जा रहा है ताकि हर एक पहलू पर सत्त्यता की परख होनी ही चाहिए।जीवन के किसी भी क्षेत्र से मदरसे के विद्यार्थी अनभिज्ञ न रहे।मदरसों की शिक्षा प्रणाली में जहां धार्मिक पाठ पढ़ाए जा रहे हैं वही आधुनिक शिक्षा से भी जोड़ कर टेक्नालॉजी के क्षेत्र में भी बढ़ाने का प्रयास किया जाना चाहिए। बंगलौर से आए मौलाना मो ताहिर हुसैन कासमी ने बड़े सभा को संबोधित करते हुए कहा की अपने छोटे छोटे बच्चों को काम पर लगा कर उन पर शोसन न करें यह मानवीय शोसन है अपनी जरूरतों को कम कर के बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करें तभी आपका जीवन सफल होगा और मानव जीवन सफल हो सकेगा।

# गार्डवाल नहीं बनने से हो रही दुर्घटनाएं



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** बरवाडीह प्रखंड अंतर्गत चुंगरु पंचायत के ग्राम नावाडीह, परबजरवा नदी में पुल का निर्माण कार्य किया गया है। जिसमें उच्चे गार्डवाल नहीं बनने से अक्सर आए दिन दुर्घटनाएं घटती जा रही है। करोड़ों रुपए की लागत में बनाए जाने वाले पुल बिना शिलापट्ट लगाए निर्माण कार्य पूरा कर दिया गया ।जबकि वहीं ग्रामीणों का कहना है यह गढ्ढा संवेदक के ही द्वारा बनाई गई है एप्रोच सड़क बनाने में प्रयोग में लाई गई मिट्टी इसी गड्ढे से निकाला गया था।जो गढ्ढा आज खतरों कि दावत दे रही है। यह पुरा-पुरा संवेदक कि लापरवाही का परिणाम है। वहीं स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि यह पुल ओपाग? और नावाडीह के गांव को जोड़ा जरुर परंतु उच्चे गार्डवाल नहीं रहने से खतरे का दावत? देते आ रही है।तिखा मोड़ होने एवं उच्चे गार्डवाल नहीं होने,कि वजह से ओपाग से आने के क्रम में पुल पार करते ही गड्ढे में जा गीरती है। गाड़ीयां। यह पुल तो याहां के लोगों का वर्षो का एक सपना है। बहुत सही जगह पर बनायी गयी है। परंतु गुणवत्तायुक्त मटेरियल नहीं लगाने से लगता है,हमलोगों? का सपना बहुत जल्द ही टूट जाएगी। चुकीं निर्माण कार्य में लगाए गए मिट्टी युक्त बालु इसी नदी के थी।जो आज भी मृत पत्थर साफ़ साफ़ दिखाई दे रही। और सावित कर रही है। की निर्माण कार्य में कैसा मटेरियल का प्रयोग किया गया है। निर्माण कार्य में नदी के सारे पत्थर चुनकर लगा दिए गए।

## शांतिपूर्ण तरीके से चल रही है मैट्रिक और इंटर की परीक्षाएं



**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय के परीक्षा केंद्रों में इंटर और मैट्रिक की परीक्षाएं शांतिपूर्ण ढंग से चल रही है। प्रखंड मुख्यालय में उक्त परीक्षाओं के संचालन लिए 4 केंद्र बनाए गए हैं जिसमें राज्य संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय सिमरिया, इंटर महाविद्यालय सिमरिया, बुनियादी विद्यालय सिमरिया और मध्य विद्यालय बगरा शामिल है। इस वर्ष पहली बार मध्य विद्यालय बगरा को परीक्षा केंद्र बनाया गया है जिसमें मैट्रिक की परीक्षा चल रही है। बगरा मध्य विद्यालय को परीक्षा केंद्र बनाए जाने का वहां के ग्रामीणों ने स्वागत किया है और जिला प्रशासन के प्रति आभार जताया है। प्लस टू उच्च विद्यालय और इंटर महाविद्यालय में दोनों पारियों में परीक्षाएं संचालित की जा रही है। पहली पारी में मैट्रिकी तथा दूसरी पारी में इंटर की परीक्षाएं संचालित हो रही है। परीक्षाओं का संचालन दंडाधिकारियों की देखरेख में हो रहा है। परीक्षाओं की सुरक्षा व्यवस्था स्थानीय पुलिस प्रशासन संभाल रही है। इन परीक्षाओं के चलते चौक चौराहों की रौनक बढ़ी हुई है और होटलों, खेलों और खोमचों की चांदी कट रही है। परीक्षाएं शुरू होने और समाप्त होने के दौरान मुख्य सड़कों पर काफी भीड़ उमड़ रही है जिसके कारण आवागमन में थोड़ी कठिनाई उत्पन्न हो रही है। बुधवार को राज्य संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय में कुल 559 परीक्षार्थी शामिल हुए जबकि 16 अनुपस्थित रहे। मजिस्ट्रेट नीतीश कुमार और एसआई बिरसा उरांव के उपस्थिति में शांति पूर्ण तरीके से परीक्षा संपन्न हो रही हैं। एसडीओ सुधीर कुमार दास ने बताया कि सभी परीक्षाएं शांतिपूर्ण और कदाचार मुक्त हो रही है। परीक्षाओं के सफल संचालन के लिए सभी आवश्यक उपाय किए गए हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### बसपा ने मनाया स्व काशीराम का जन्मदिन



**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुधवार को बहुजन समाजवादी पार्टी ने अपने संस्थापक काशीराम का जन्मदिन मैरिज हॉल कृष्णा नगर में मनाया, जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष शीला देवी ने की। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चंद्रिका राम बैंक एसोसिएशन झारखंड एससी एसटी ओबीसी अध्यक्ष,विशेष अतिथि जिला उपाध्यक्ष मुन्ना राम पासवान एवं विनोद सिंह उपस्थित थे इस कार्यक्रम में जिला विधानसभा बूथ कमेटी के कार्यकर्ता भी उपस्थित थें। मुख्य अतिथि ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के चित्र पर फूल माला अर्पण करते हुए कांशीराम के चित्र पर भी फूल माला चढ़ाकर उन्हे श्रद्धा सुमन अर्पित किया। जिलाध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि स्व काशीराम ने बहुजन समाज पार्टी को एक धागे में पिरोने का काम किया। बहुजन समाज के हित के लिए प्रण लेने वाले काशीराम ने समाज के हित के लिए घर बार तक छोड़ दिया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से बड़कागांव प्रभारी सूरज कुमार, नगर सचिव पप्पू खान, राजेश कुमार, इंद्रदेव पासवान, विनोद सिंह, चंद्रिका रविदास, बिनाई दास, हीरा माझी, आरती सिन्हा, कौशल्या देवी, गणेशी देवी, सौरभ गुप्ता, शिवशीष गुप्ता, तारा रजक समेत कई अन्य बसपाई मौजूद थें।

### सन ऑफ चंद्रवंशी का हुआ गठन, प्रदेश संयोजक मनोनीत हुए अजित

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड में सामाजिक कार्यों में सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए सन ऑफ चंद्रवंशी का गठन बुधवार को किया गया। संस्थापक सदस्य अमित चंदेल, ब्रह्मदेव सिंह चंद्रवंशी, अनुज सिंह चंद्रवंशी एवं समाज के तमाम लोगों द्वारा सर्वसम्मति से सामाजिक गतिविधियों में एक अलग पहचान रखने वाले तेज तर्रार युवा अजीत चंद्रवंशी को सन ऑफ चंद्रवंशी के प्रदेश संयोजक का दायित्व सौंपा गया। प्रदेश संयोजक अजीत चंद्रवंशी ने लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुझे जो दायित्व सौंपा गया है उसे मैं पूरी निष्ठा से पूर्ण करूंगा। मैं ऐसा कोई भी कार्य नही करूंगा जिससे संगठन को किसी भी प्रकार की आंच आए। मैं तमाम सामाजिक संगठनों के साथ कदम से कदम मिलाकर चलूंगा तथा समाज को आगे बढ़ाने के लिए कार्य करूंगा। उन्होंने बताया कि सन ऑफ चंद्रवंशी का मुख्य कार्य जमीनी स्तर पर लोगों के साथ जुड़कर अपनी सेवा प्रदान करना है। सरकार द्वारा प्रदान किए जाने वाले विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को लोगो तक पहुंचाना तथा उसका पूर्ण लाभ उपलब्ध कराना है। संस्थापक सदस्य अमित चंदेल ने बताया कि स्वास्थ्य, शिक्षा से संबंधित कार्य के लिए संस्था तत्पर रहेगी। बैठक मेंअमित चंदेल, ब्रह्मदेव सिंह, अनुज सिंह चंद्रवंशी, सतीश चंद्रवंशी, सिंगर मुकेश चंद्रवंशी, अजय चंद्रवंशी, विक्की चंद्रवंशी, हरेंद्र चंद्रवंशी, अमित चंद्रवंशी, पंकज चंद्रवंशी, कमलेश चंद्रवंशी, विजय चंद्रवंशी, दुर्गेश चंद्रवंशी, विकाश चंद्रवंशी समेत प्रदेश भर के विभिन्न जिलों के प्रतिनिधि उपस्थित थें।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** अवैध खनन के विरुद्ध हो रहे कार्यों को लेकर बुधवार को उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान उपायुक्त माधवी मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक श्री पीयूष पांडे ने खनन टास्क फोर्स की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देशों के आलोक में हुए कार्यों की समीक्षा की। अवैध खनिजों के परिवहन, अवैध मुहानों से हो रहे खनन आदि के विरुद्ध हो रहे कार्यो कि थानावार समीक्षा के क्रम में उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को नियमित रूप से जांच अभियान चलाने वह किसी भी तरह के अवैध खनन पर रोक लगाने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सीसीएल सहित सभी एजेंसियों के प्रतिनिधियों को उनके क्षेत्र में कहीं पर भी अवैध खनन ना होने देना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके लिए उपायुक्त ने पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से संवेदनशील क्षेत्रों, एंट्री-एग्जिट प्वाइंट की मॉनिटरिंग करने व अन्य उपबंध करने के संबंध में कई निर्देश दिए वही उपायुक्त ने सभी को नियमित रूप से अवैध मुहानों की पहचान कर उन्हें अच्छे तरीके से बंद करने का निर्देश दिया। अवैध रूप से हो रहे खनिजों के परिवहन संबंधित मामलों को लेकर उपायुक्त ने जिला परिवहन पदाधिकारी से किए जा रहे कार्यो की जानकारी ली। मौके पर उन्होंने नियमित रूप से जांच अभियान चलाकर अवैध खनिजों के परिवहन, ओवरलोडेड वाहनों आदि की जांच करते हुए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। अवैध रूप से हो रहे बालू के उठाव पर रोक लगाने के उद्देश्य से तैयार किए जा रहे डिस्ट्रिक्ट सर्वे रिपोर्ट के तहत अब तक हुए कार्यो की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारियों को उनके उनके क्षेत्रों में बालू घाटों से संबंधित स्थलों का निरीक्षण कर डीएसआर संबंधित प्रतिवेदन जल्द से जल्द जिला खनन कार्यालय को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने रेलवे के अधिकारियों को बिना परिवहन चालान के किसी भी तरह से खनिजों का परिवहन रेलवे साइडिंग से नहीं होने देने का निर्देश दिया। इन सबके अलावा बैठक के दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने जिले में अवैध रूप से संचालित हो रहे ईट भट्टों, वन क्षेत्रों में अवैध खनन पर रोक लगाने सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर संबंधित अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

## डीजे पर प्रतिबंध से बढ़ जायेगा पूजा पंडालों का बजट : राजेश गुप्ता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** गरीब फुटपाथ दुकानदार संघ के अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने प्रशासन से हजारीबाग के ख्याति लब्ध रामनवमी में डीजे पर प्रतिबंध नहीं लगाने मांग की है कि एक पूजा समिति रामनवमी जुलूस अगर ताशा ढोल नगाड़े के साथ निकलती है तो कम से कम खर्च 3 लाख का होगा,जबकि डीजे का खर्च लाख रुपए हीं पड़ेगा। श्री गुप्ता यह भी मानते हैं की आजकल चंदा बमुश्किल मिल पाता है,प्रशासन को सहयोगात्मक रवैया अपना कर हजारीबाग की रामनवमी के क्रेज को बरकरार रखने में आगे आना चाहिए।

## श्रीरामनवमी महासमिति के निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए छोटू वर्मा, पदाधिकारियों ने किया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** श्रीरामनवमी महासमिति रामगढ़ के अध्यक्ष छोटू वर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार अपराह्न किला मंदिर के प्रांगण में महासमिति के पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में महासमिति के अध्यक्ष पद के लिए नामों पर चर्चा के साथ रामनवमी को भव्यता और धूमधाम से मानने पर चर्चा हुई। उक्त बातों की जानकारी एक विज्ञप्ति के माध्यम से महासमिति के मिडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी ने जारी करते हुए कहा कि नए अध्यक्ष पद के चुनाव हेतु आयोजित इस बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने एकमत होकर अध्यक्ष पद के लिए छोटू वर्मा के नाम का मनोनयन किया था। जिसपर सभी ने एक स्वर में अपनी सहमती जताते इसका स्वागत किया ।इस प्रकार एक बार पुनः छोटू वर्मा को महासमिति का निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया, जिनका स्वागत बैठक में उपस्थित प्रो.संजय सिंह,छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष सरदार अनमोल सिंह,दीपक मिश्रा,रविंद्र शर्मा,धर्मेंद्र साव भोपाली,विशाल जायसवाल सहित अन्य पदाधिकारियों द्वारा अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर किया गया।

## रामगढ़ पुलिस अधीक्षक ने मासिक अपराध समीक्षा गोष्ठी का आयोजन किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे द्वारा रामगढ़ पुलिस अधीक्षक कार्यालय में मासिक अपराध समीक्षा गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अपराध गोष्ठी समीक्षा के क्रम में लंबित वारंट/कुर्की-जप्ती/स्थाई वारंट,पर्यवेक्षण हेतु लंबित कांड पिछले अपराध गोष्ठि में दिए गये लक्ष्य के अनुरूप प्रतिवेदित कांड के निष्पादन हेतु दिशा निर्देश दिया गया। इस बैठक में जिले के सभी वरीय पुलिस पदाधिकारी , सभी थाना , सभी ओपी एवं एसपी कार्यालय के पुलिस कर्मचारी हुए शामिल। पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे ने सभी पुलिस कर्मचारियों को अपने थाना ओपी क्षेत्र में अपराध को कम करने की दिशा निर्देश दिए। मुख्य रूप से एसडीपीओ रामगढ़ किशोर कुमार रजक एसडीपीओ पतरातू वीरेंद्र चौधरी डीएसपी संजीव कुमार आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे ।

## हेसला में बाईक व स्कॉर्पियो की सीधी टक्कर में मोटरसाईकिल सवार एक घायल, रेफर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** नईसराय- अरगड्डा मुख्य सड़क के हेसला बॉयोजेनेटिक फैक्ट्री के समीप बुधवार सुबह करीब 10 बजे लाल हौंडा साहिन जेएच 02एजी 9651 और सफेद स्कॉर्पियो जेएच01डीएच 9005 के बीच सीधी जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें बाईक सवार मनुवां निवासी वारिस अंसारी उम्र करीब 18 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को लोगों की मदद से उपचार के लिए नईसराय केंद्रीय अस्पताल ले जाया गया। जहां से प्राथमिक चिकित्सा के बाद घायल को रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। टक्कर में बाईक के परखच्चे उड़ गए। जबकि स्कॉर्पियो भी क्षतिग्रस्त हुआ हैं। राहगीरों की माने तो अरगड्डा की ओर से नईसराय स्कार्पियो जा रहा था। जबकि बाईक हेसला से अरगड्डा की ओर जा रही थी। तभी यह घटना पेट्रोल पंप के आगे मोड़ पर घटी।

## आत्मा ने जेएसपीएल कृषक महिला समूहों के बीच गरमा सब्जी बीज का वितरण किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** बुधवार को प्रखंड मुख्यालय सभागार विष्णुगढ़ में परियोजना निदेशक कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण आत्मा हजारीबाग के आलोक में वित्तीय वर्ष 2022.23 के सब मिशन ऑफ़ एग्रीकल्चर एक्सटेंशन(कृषि उन्नति योजना) योजनातर्गत द्वारा गरमा मौसम में सब्जी बीज प्रत्यक्षण उपादान का जेएसपीएल के आठ महिला कृषक समूहों के बीच वितरण किया गया। जिसमें मुख्य रूप से प्रखंड प्रमुख जैबून निशा, प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार कोंगारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी अभय कुमार, जेएसएलपीएस बीपीएम रामगिरी उरांव आत्मा के प्रखंड तकनीकी प्रबंधक उमेश राणा, सहायक तकनीकी प्रबंधक सुशील कुमार, एफटीसी सुनील कुमार, किसान मित्र महेश यादव, सुरेश महतो, प्रमुख प्रतिनिधि बेलाल अंसारी, गुरु प्रसाद साव समेत कई पदाधिकारी, प्रतिनिधिगण, कर्मीगण एवं महिला कृषक उपस्थित थे।

## बरही व उसके आसपास क्षेत्र में निकला पहला मंगला जुलूस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** रामनवमी के अवसर पर चैत्र महीने के प्रत्येक मंगलवार को मंगला जुलूस निकाला जाता है। रामनवमी के अवसर पर विभिन्न अखाड़ों द्वारा इस वर्ष का पहला मंगला जुलूस 14 मार्च की रात्रि 8 बजे के बाद शान के साथ निकाला गया। मंगला जुलूस गया रोड़ बजरंग अखाड़ा रामनवमी पूजा समिति, बाराटांड का श्री राम अखाड़ा रामनवमी पूजा समिति, पटना रोड़ अंजनी अखाड़ा, धनबाद रोड बरही बाजार का महावीर मंडल रामनवमी पूजा समिति, रसोइया धमना, बरसोत पूजा समिति सहित अन्य रामनवमी पूजा समिति द्वारा अलग अलग भव्य रूप से मंगला जुलूस निकला गया। जुलूस में भक्तों का काफी भीड़ उमड़ी थी। जुलूस के दौरान जय श्रीराम के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। पहला मंगला जुलूस शांतिमय वातावरण में करीब 8 बजे बाद निकाला जो करीब मध्य रात्रि में सम्पन्न हुआ। जुलूस के दौरान डीजे साउंड का इस्तेमाल कहीं भी नहीं किया गया। तासा- ढोल, बैंजो बाजा के भक्ति गीतों के धुन और भगवा पताकों के साथ राम भक्त शामिल हुए। जुलूस में बरही प्रशासन काफी मुस्तैद दिखा। बरही एसडीओ पूनम कुजुर, एसडीपीओ नाजिर अख्तर, थाना प्रभारी इंस्पेक्टर ललित कुमार, सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो आदि प्रशासनिक पदाधिकारी दल बल के साथ बरही चौक पर मौजूद रहे। चौक पर ट्राफिक व्यवस्था दुरुस्त रखने में भी योगदान दिया।

## शिवपुरी चौक पर हुआ नवयुवक दल के रामनवमी कार्यालय का उद्घाटन

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुधवार को शिवपुरी नवयुवक दल के रामनवमी कार्यालय का उद्घाटन वार्ड पार्षद रसिका लाल एवं रामनवमी संरक्षण समिति के अध्यक्ष प्रशांत प्रधान के हाथों फीता काटकर हुआ । शिवपुरी नवयुवक दल के सभी सदस्यों ने आयोजन में भाग लिया । वही प्रशांत प्रधान ने नवयुवक दल के सभी सदस्यों को धन्यवाद एवं बधाई दिया। उन्होंने सभी हिंदुओं को यह जानकारी देते हुए कहा कि भगवान श्री राम के सपने को पूरा करने के लिए इस त्योहार को शांति, आनंद और नशामुक्त होकर मनाएं। वही वार्ड 22 की वार्ड पार्षद रशिका लाल ने शिवपुरी के सभी युवा भाई बहनो को रामनवमी की अग्रिम बधाई देते हुए कहा कि इस बार की रामनवमी में ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए की महिलाएं भी बढ़ चढ़कर हिस्सा ले सकें । मौके पर पूर्व मुखिया चंदन कसेरा , निशांत प्रधान, सौरव दुबे,रोहित कुमार,आदर्श सिंह,नंदू कुमार,ऋषि कुमार ,अंकुश कसेरा , अभिनय सिन्हा ,रिकी कुमार,चुन्नू कुमार ,विकी कुमार,विकाश कुमार समेत क्लब के दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थें।

## आगामी रामनवमी पर्व की तैयारी को लेकर आयुक्त ने की समीक्षात्मक बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हज़ारीबाग :** आयुक्त उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल हजारीबाग चंद्र किशोर उरांव की अध्यक्षता में आगामी रामनवमी पर्व के अवसर पर विधि व्यवस्था संबंधित आहूत समीक्षात्मक बैठक आयुक्त के सभागार कक्ष में बुधवार को संपन्न हुई। बैठक के दौरान आयुक्त ने जुलूस का रूट लाइन, रूट लाइन का मुख्य पड़ाव बिंदु, लोकेशन के साथ प्रतिनियुक्त बल एवं दंडाधिकारी की संख्या, हजारीबाग से बाहर के पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति का स्टेटस, रूट लाइन के अतिरिक्त भवनों एवं अन्य स्थानों पर प्रतिनियुक्त बल एवं दंडाधिकारी की स्थिति, जुलूस में शामिल होने वाले कुल अखाड़ों की संख्या, संग अन्य मामलों की जानकारी उपस्थित अधिकारियों से हासिल कर संबंधित आदेश दिए। हजारीबाग उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने आयुक्त एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक को रामनवमी पर्व शांतिपूर्ण संपन्न कराने हेतु किए जा रहे तैयारियों से अवगत कराया। बताया कि पर्व शांतिपूर्ण संपन्न हो, इसके लिए व्यापक तैयारी की जा रही है। संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जायेगी। गड़बड़ी की संभावना वाले स्थानों पर बैरिकेडिंग भी की गई है। पुलिस बल एवं दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। पर्व को लेकर जिला क्षेत्र में विशेष चौकसी की जा रही है। हरेक गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है, ताकि शांति व्यवस्था बनी रहे।

## विश्रामपुर रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष बने बालेश्वर महतो

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता):** महावीर मंडप विश्रामपुर के प्रांगण में रामनवमी पर्व को लेकर ग्राम अध्यक्ष जागेश्वर महतो की अध्यक्षता में विशेष बैठक की गई। बैठक का संचालन ग्राम सचिव दिनेश्वर कुमार के द्वारा किया गया। जिसमें ग्राम विश्रामपुर के समस्त ग्रामीण भारी संख्या में उपस्थित हुए। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी राम जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से एवं जुलूस झांकी के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से रामनवमी पर्व को लेकर चर्चा किया गया। समाज के प्रबुद्ध लोगों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में चुनाव संपन्न हुआ। पूजा शांति पूर्ण रूप से संपन्न कराने को लेकर पुणः नए सिरे से कार्यकारिणी कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्व समिति से अध्यक्ष बालेश्वर महतो, सचिव जगदीश कुमार, कोषाध्यक्ष सुधीर कुमार एवं कार्यकारिणी सदस्य मनोज कुमार, भारत कुमार, विजय कुमार, पवन कुमार, अजय कुमार, कपील कुमार, दीपक कुमार, संतोष कुमार, नरेश राम, तिलानाथ कुमार, कुलदीप कुमार, नागेंद्र कुमार, विनोद कुमार, अनिल प्रजापति, तुलसी कुमार एवं चिंतामणि महतो को बनाया गया।मौके पर पूर्व मुखिया अशोक महतो, मुखिया प्रतिनिधि अजीत महतो, बड़कागांव पूर्वी भाजपा मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, वार्ड सदस्य नारायण महतो, ग्राम कोषाध्यक्ष प्रमोद कुमार एवं समाज के बुद्धिजीवीगण एवं युवा भारी संख्या में उपस्थित थे।

## झारखंडी एकता संघ के संस्थापक असलम अंसारी पहुँचे चुरचू के झारखण्ड बिरसा इंटर कॉलेज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चरही :** मसहूर समाजसेवी और प्रवासी मजदूरों के मसीहा और झारखंडी एकता संघ के संस्थापक असलम अंसारी बुधवार को चुरचू के झारखण्ड बिरसा इंटर कॉलेज पहुंचे। कॉलेज के सभागार में कॉलेज के निदेशक चंद्रदेव कुमार शर्मा ने माल्यार्पण कर एवं गमछा भेंटकर मुख्य अतिथि को सम्मानित किया। तत्पश्चात उन्होंने प्रवासी के रूप में अपने क्षेत्र और लोगो के प्रति योगदान को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि कोरोना काल जैसे भयानक समय में उन्होंने हजारों लोगों की मदद पहुंचाई। उन्होंने अपने झारखंडी एकता संघ के बारे में बतलाया कि जब वो सालों पहले मुंबई गए तो मारवाड़ी, गुजराती, मराठी आदि जैसे संगठन को देखा जिसके माध्यम से वो अपने लोगो को मदद पहुंचाने का काम करते थे। तभी उन्हें अपने झारखण्ड के लोगो को साथ लेकर संगठन बनाने पर विचार आया। उन्होंने बताया कि आज उनके संगठन से लोक सेवक से लेकर नवरत्न कंपनियों के अधिकारी जुड़ गए है। उन्होंने बतलाया कि बाहर हमारे राज्य को आमलोग नही जानते केवल उद्योगपतियों के मुह से ही झारखण्ड राज्य सुनने को मिलता है। उन्होंने बतलाया कि हम शिक्षा के क्षेत्र में बहुत पीछे हैं। चंद्र देव शर्मा आज अपने गांव के विकास और समाज के विकास के लिए जी जान से मेहनत कर रहे हैं। वर्तमान समय में ऐसा कम ही देखने को मिलता है की कोई सफल व्यक्ति अपने गांव और समाज के लिए सोचे। उन्होंने दहेज प्रथा को लेकर भी अपने विचार साझा किए। इसके पश्चात निदेशक चंद्रदेव शर्मा ने कहा कि छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन एवं उत्साहवर्धन किया जाना कॉलेज के लिए बड़े गौरव एवं सम्मान की बात है।

## विद्यालय मानव को महामानव बनाने वाली संस्था : डॉ आरसी प्रसाद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** एसडी मेमोरियल हाई स्कूल के संस्थापक स्वर्गीय तालेश्वर महतो की पुण्यतिथि पर उनके पुत्र जितेश्वर प्रसाद मेहता के द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन बुधवार को किया गया। मुख्य अतिथि कांग्रेस के प्रमंडलीय अध्यक्ष हेल्थ एवं पूर्व उपविजेता हजारीबाग विधानसभा के डॉआर सी प्रसाद मेहता एवं विद्यालय परिवार, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं दानदाताओं द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई। डॉ मेहता ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा की विद्यालय स्कूल कॉलेज मनुष्य को मानवता सिखाने वाला मंदिर है ,उन सभी विद्यालय निर्माताओं एवं विद्यालय निर्माण में दानदाताओं भाइयों बहनों को मैं नमन वंदन करता हूं। जिस तरह हमारे देश में लोग स्वेच्छा से मंदिर मस्जिद गुरुद्वारे गिरजाघर बनाने में तन मन धन से सहयोग एवं तत्पर रहते हैं इस तरह विद्या के मंदिर स्कूल, कॉलेज, मदरसा बनाने में श्रद्धा से सहयोग करना चाहिए।उन्होंने गुरु की महिमा में कबीर के दोहे का उद्धरण देते हुए कहा कि गुरु गोविंद दोनो खड़े है तो पहले गुरु का पांव छूना चाहिए क्योंकि बलिहारी गुरु आपने हमें ईश्वर के बारे में बताया है। पुण्यतिथि समारोह में स्व तालेश्वर महतो के पुत्र जितेश्वर मेहता, राजेश कुमार दास, अभिषेक कुमार ,लालेश्वर मेहता, वसंत नारायण मेहता, कमलेश्वर मेहता, भूपेंद्र कुमार ,रेशमी देवी, चंचला देवी, किरण देवी, रेणु देवी, रिना कुमारी, किशोरी कुमार, प्रभात प्रसाद ,सुषमा कुमारी समेत दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## झामुमो जिलाध्यक्ष ने प्रखंड कार्यालय का निरीक्षण किया

**बरकट्ठा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झामुमो जिलाध्यक्ष शंभुलाल यादव ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय बरकट्ठा का जायजा लिया। बीस सूत्री कार्यालय में जिला अध्यक्ष शंभुलाल यादव ने प्रखंड क्षेत्र से आए लोगों की विभिन्न समस्याओं से अवगत हुए और प्रखंड विकास पदाधिकारी कृतिबाला लकड़ा से मुलाकात कर जनता की समस्याओं से अवगत कराया। बरकट्ठा बीडीओ ने विभिन्न समस्याओं का त्वरित निष्पादन करने का आश्वासन दिया है।मौके पर झामुमो जिला उपाध्यक्ष यासीन खान, बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप कुमार प्रसाद,बीस सूत्री उपाध्यक्ष कुदूस अंसारी,प्रखंड सचिव राजाराम मांझी, कोषाध्यक्ष महेश मांझी,पंचायत शीलाडीह मुखिया निजाम अंसारी, लालमणि मांझी,तालो मरांडी, प्रकाश मंडल,शाहिद खान, कौशर अंसारी,राजू मांझी, ईसाद अंसारी, बदरूद्दीन अंसारी,मुमताज अंसारी, वसीम अंसारी आदि लोग मौजूद थे।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## पारा शिक्षक का हुआ निधन

**सरिया/गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरिया थाना क्षेत्र के चिरुवां पंचायत की करम्बा गांव निवासी पारा शिक्षक प्राथमिक विद्यालय पार करमबा रविंद्र कुमार की लंबी बीमारी के बाद आज 15 मार्च 2023 को निधन हो गया। रविंद्र कुमार अपने पीछे तीन पुत्री एक पुत्र संग पत्नी रिका देवी को छोड़ गए। घटना के बाद परिजोनों का रो रो कर बुरा हाल हैं। वही पूर्व मुखिया प्रतिनिधि पंकज प्रकाश ने बताया कि इनकी उम्र 42 वर्ष थी। जो, उक्त विद्यालय में 20 वर्षों तक सेवा दिया। घटना की जानकारी होते ही, असामयिक निधन से संकुल के सभी सहायक शिक्षकों के बिच शोक की लहर दौड़ पड़ी। घटना की सूचना मिलते ही सहायक अध्यापक प्रसादी कुमार ठाकुर, रणधीर भाई पटेल, दुलारचंद महतो,भेख लाल प्रसाद, रवि सिंह, सुलेमान अंसारी,राजेंद्र महतो, आदि लोग, पहुंचकर शोकाकुल परिवार को अपनी संवेदना प्रकट की।

## क्लस्टर स्तरीय महिला सशक्तिकरण कार्यशाला का आयोजन

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिरिडीह ज़िले के गांडेय प्रखण्ड के उदयपुर पंचायत अंतर्गत क्रिस्चन विद्यालय चेंगरबाद में क्लस्टर स्तरीय महिला सशक्तिकरण कार्यशाला का आयोजन संवाद झारखंड के द्वारा किया गया। इस अवसर पर संवाद सुपरवाइजर वीणा वर्मा ने कहा कि पंचायती राज व्यवस्था में महिलाओं को पच्चास प्रतिशत आरक्षण मिला है जबकि पच्चास प्रतिशत से अधिक पदों पर जीत कर आई है। अब कार्य रुप से भी उन्हें दक्ष बनने की आवश्यकता है। महिलाएं खेती किसानी में पुरुषों की अपेक्षा ज्यादा काम करती है फिर भी महिलाओं को किसान का दर्जा नहीं दिया गया है। किसान का मतलब सिर्फ पुरुष नहीं होता है महिलाएं भी होती है। इसलिए हर खेती बाड़ी करने वाली महिला किसान है। कार्यकर्ता रविन्द्र प्रसाद वर्मा ने कहा कि अपने गांव में अपना राज्य स्थापित करने के लिए ग्राम सभा को मजबूत करना होगा। ग्राम सभा की मजबूती हेतु हर गांव में ग्राम सभा की स्थाई समितियों का गठन कर मजबूती प्रदान करनी होगी। साथ ही साथ ग्राम सभा सचिवालय की नियमित संचालन भी जरूरी है। ग्राम सभा की बैठकों में महिलाएं बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले और अपनी जरूरत के अनुरूप योजना चढ़वाएं। महिलाओं को किसान का दर्जा मिले इसके लिए महिला किसान का संगठन बनना चाहिए।

## सदर अस्पताल में अब हर दिन करा सकेंगे आंखों की जांच

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शहर में कोर्ट मोड़ स्थित सदर अस्पताल में अब हर दिन नेत्र रोग से जुड़े लोग अपने आंखों की जांच करा सकेंगे। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से नेत्र जांच के लिए फोरोप्टर मशीन की खरीदारी की गई है। मशीन नहीं होने की वजह से पिछले कई माह से नेत्र रोग के डॉक्टर और कर्मचारी बैठकर ड्यूटी बजा रहे थे। पूर्व मे भी इससे संबंधित खबर प्रकाशित हुई थी। अब मशीन आने से प्रतिदिन मरीजों की रेटिनोपैथी की जांच की जाएगी। मोतियाबिंद से ग्रसित मरीजों के लिए अब सदर अस्पताल में ही ऑपरेशन की व्यवस्था होगी।

## धूमधाम से मनाई गई मां मथुरासिनी का पुजा

**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बुधवार को माहुरी वैश्य मंडल भरकट्टा, माहुरी वैश्य नवयुवक समिति भरकट्टा एवं माहुरी वैश्य महिला समिति के द्वारा सुबह में कलश यात्रा सह शोभायात्रा निकाली गई तत्पश्चात मां मथुरासिनी की पूजा हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया, तत्पश्चात प्रसाद वितरण एवं स्वजातीय बंधुओं के लिए भंडारा का आयोजन किया गया इस वर्ष पूजा के मुख्य पुजारी आनंद राम तर्वे एवं उनकी धर्म पत्नी निधि देवी के द्वारा अनुष्ठान को संपन्न कराया गया. पूजा के पूर्व संध्या में बाईक रैली निकाला गया जो पुजा स्थल सामुदायिक भवन तुलाडीह से जुठाहाआम, सरंडा होते हुए भरकट्टा बस स्टैंड से वापस तुलाडीह सामुदायिक भवन के समक्ष संपन्न हुआ इस दौरान जय मां मथुरासिनी ,जय श्री राम, आदि नारे लगाए गए इस अवसर पर भरकट्टा मंडल अध्यक्ष अजीत चरणपहाडी, उपाध्यक्ष सुरेश राम, सचिव रामचंद्र प्रसाद, कोषाध्यक्ष अरूण तर्वे, संगठन मंत्री प्रेमसागर राम, नवयुवक समिति केंद्रीय उप संगठन मंत्री जितेंद्र सेठ, भरकट्टा मंडल नवयुवक समिति अध्यक्ष राकेश तर्वे, सचिव प्रेम तर्वे, कोषाध्यक्ष अमरजीत वैश्कियार, मीडिया प्रभारी चंदन तर्वे, संगठन मंत्री गोलू तर्वे, अमित तर्वे, उपाध्यक्ष सुमन वैश्कियार, निरंजन राम, रितेश माथुर, शंभू सेठ, भोला राम, सदानंद राम, दीपक तर्वे, राजीव सेठ, शंकर वैश्कियार, अनिकेत तर्वे एवं महिला समिति के सभी सदस्यों के साथ ही सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## सरिया में दो दिवसीय मां मथुरासनी पूजा आरम्भ

**सरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरिया में माहुरी समाज द्वारा मां मथुरासनी की दो दिवसीय पूजा कार्यक्रम बुधवार से आरंभ हो गई जो गुरुवार तक चलेगी जबकि शुक्रवार को माँ की प्रतिमा का विसर्जन व शोभायात्रा होगी। बुधवार को आरम्भ हुए पूजनोत्सव की शुरुआत प्रभात फेरी व भजनों के साथ कि गई सुबह साढ़े छह बजे माहुरी समाज के सैकड़ो महिला पुरुषो व अन्य सदस्य पीले वस्त्र धारण कर हाथों में झण्डा लिए गणेश मंदिर रोड स्थित तर्वे मैदान के पूजा पंडाल से नगर भर्मण के लिए निकले इस क्रम में उक्त प्रभात फेरी विवेकानन्द रोड, स्टेशन रोड व एफ सी आई रोड होते हुए वापस पंडाल पहुचे इस दौरान लोगो ने मां मथुरासनी के भजनों पर जमकर झूमे नाचे व जयकारे लगाए। इसके बाद माहुरी नवयुवक समिति ने बाइक जुलूस निकाला। पूजा पंडाल में 11 बजे से पूजा आरम्भ की गई व आरती के बाद लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया ततपश्चात समाज के अग्रणी श्याम सुंदर राम, रविंद्र चरण पहाड़ी, सुनील तर्वे, संदीप तर्वे,आशीष तरवे, सुजीत चरनपहाडी, संजय तरवे,अमितेश कुटरियार ने झंडोतोलन किया। पूजा के सफल संचालन के लिए एक कमिटी बनाई गई है जिसमे अभय तर्वे, नीलेश, दीपक एवं जयंत को कार्यभार सौपा गया है। कमिटी के सदस्यों ने बताया कि बुधवार को देर रात से जागरण का कार्यक्रम है जबकि दूसरे दिन गुरुवार होने के कारण विसर्जन नही किया जा सकता इसलिए गुरुवार को पूजा के बाद भंडारा एवं रात्रि में महिलाओं का डांडिया एवम बच्चो के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया जबकि शुक्रवार की शाम शोभायात्रा के साथ माँ की प्रतिमा विसर्जित की जाएगी।

## कंप्यूटर लैब का उद्घाटन

**जमुआ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड के कुरहो बिन्दो पंचायत अंतर्गत गोविंदाटाड़ में स्थित इंडियन पैराडाइज स्कूल में बुधवार को कंप्यूटर लैब का उद्घाटन कुरहोबिन्दो पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि राजेंद्र यादव, बीजेपी नवडीहा मंडल अध्यक्ष शंकर साव, कूरहोबिंदु पंचायत समिति सदस्य ठाकुर महतो, कोडरमा बीजेपी सांसद प्रतिनिधि धनेश्वर वर्मा, सेवानिवृत्त शिक्षक योगेश्वर महतो, लालजित पंडित एवं राजकुमार वर्मा द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। इस दौरान विद्यालय के डायरेक्टर विनोद महतो, भीम वर्मा, सुरेश वर्मा, दिलीप वर्मा ने संयुक्त रूप से बच्चों को बताया कि अब हमारे स्कूल के बच्चे तकनीक के नए युग में प्रवेश करेंगे और बच्चों को कंप्यूटर की बेहतर शिक्षा में कंप्यूटर लैब का महत्वपूर्ण भूमिका होगा। वही फाइनल एग्जाम का रिजल्ट भी आज जारी किया गया जिसमें प्रत्येक क्लास के प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को कुछ गणमान्य लोगों, विद्यालय के डायरेक्टर, प्रिंसिपल एवं शिक्षकों के द्वारा बच्चों को रिपोर्ट कार्ड दिया गया एवं शेष छात्रों को उनके वर्ग अध्यापक के द्वारा रिपोर्ट कार्ड दिया गया।

## रानी रोड में 25 वर्ष पुराना शीतला मंदिर का पुनः उद्धार भक्तजनों ने किया श्रमदान

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रानी रोड, भुदा, शीतला मंदिर का पुनरुद्धार किया जा रहा है। प्रथम तल की ढलाई में मजदूरों के साथ मोहल्ले के लोगों ने श्रम दान किया। विदित हो कि करीब 25 वर्षो से पुरानी करकट की छत के नीचे शीतला माँ विराजमान थी। मंदिर कमेटी के सदस्यों और आसपास के लोगो के आर्थिक सहयोग से मंदिर का पुनरुद्धार किया जा रहा है। मंदिर के निर्माण कार्य में महत्वपूर्ण सहयोग करने और मंदिर निर्माण देखने के लिए सैकड़ों भक्तजन उपस्थित हुए। शीतला माँ मंदिर कमेटी के सत्येंद्र शर्मा, मनोज शर्मा, धीरज शर्मा, बी. पी. सिंह, रमेश सिंह राणा दा, सुनील झा, रामाशीष शर्मा, श्रीकांत तिवारी, अनिल राय,मेघनाद महतो समेत अन्य सदस्य एवं भक्तजन उपस्थित थे।

# डेंटल इंस्टिट्यूट, रिम्स को मान्यता दिया जाना ऐतिहासिक : डॉ विवेक कुमार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** डेंटल कौंसिल ऑफ इंडिया कार्यकारिणी समिति के सदस्य सह झारखंड स्टेट डेंटल काउंसिल के अध्यक्ष डॉ विवेक कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा की डेंटल काउंसिल ऑफ इंडिया के अनुशंसा पर डेंटल इंस्टिट्यूट रिम्स को भारत सरकार के द्वारा मान्यता मिली जो ऐतिहासिक है।

आगे डॉ विवेक कुमार ने कहा कि डेंटल काउंसिल के एज्क्यूटिव कमेटी के मीटिंग गत 24 दिसंबर 2022 को कोलकाता में हुई थी,उक्त मीटिंग में डेंटल इंस्टीट्यूट रिम्स को भारत सरकार से मान्यता म दिलाने के लिए अनुशंसा कर सर्वसम्मति से प्रस्ताव लिया गया था और उक्त कार्य के लिए डॉ विवेक कुमार को डेंटल काउंसिल ऑफ इंडिया के द्वारा अधिकृत किया गया था, डॉ विवेक कुमार ने पूरी तत्परता के साथ ईमानदारीपूर्वक सफल कार्यो का निर्वहन करते हुए भारत सरकार के द्वारा डेंटल इंस्टीट्यूट रिम्स को मान्यता दिलाने में उल्लेखनीय भूमिका निभाने का काम किया है।

आगे डॉक्टर विवेक कुमार ने कहा कि डेंटल इंस्टीट्यूट रिम्स को भारत सरकार के द्वारा मान्यता मिली जिसमें झारखंड सरकार के माननीय स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता एवं झारखंड सरकार के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह सहित स्वास्थ्य विभाग ने महत्वपूर्ण व उल्लेखनीय योगदान रहा है। डॉ विवेक कुमार ने भारत सरकार के द्वारा डेंटल इंस्टीट्यूट रिम्स को मान्यता दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान एवं सहयोग करने के लिए माननीय स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता एवं झारखंड सरकार के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह सहित पूरे स्वास्थ्य विभाग के प्रति आभार प्रकट करते हुए डेंटल काउंसिल की ओर से उन्हें शुभकामनाएं दी।

आगे डॉक्टर विवेक कुमार ने कहा कि डेंटल इंस्टीट्यूट रिम्स को भारत सरकार से मान्यता मिलने पर दंत चिकित्सकों सहित लोगों में खुशी है और रिम्स में जल्द ही मास्टर ऑफ डेंटल सर्जरी में स्नातकोत्तर की पढ़ाई का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

ज्ञात रहे कि डॉ विवेक कुमार डेंटल इंस्टीट्यूट रिम्स को भारत सरकार से मान्यता दिलाने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के साथ-साथ देश के सभी 316 डेंटल कॉलेजों में बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली को सुचारू रूप से कार्यान्वयन कराने के साथ-साथ डेंटल सर्जरी कोर्स की सीटों को मान्यता देने की बात हो या फिर रिम्स के सभी विभागों में MDS (मास्टर ऑफ डेंटल सर्जरी) में स्नातकोत्तर की पढ़ाई की मांग जैसे अनेकों महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक कार्य जो इन्होंने डेंटल कौंसिल के लिए पूरी तत्परता के साथ इमानदारीपूर्वक कार्य करने का काम किया है और डेंटल कौंसिल के हित में एवं कौंसिल के बेहतरी के लिए इन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## बाराती गाड़ी की ट्रक से टक्कर एक की मौत, 5 घायल




**धनबाद( प्रभात मंत्र संवाददाता ) :** शहर के भूली क्षेत्र से तोपचांची गए बाराती गाड़ी की राजगंज थाना क्षेत्र में बुधवार की अहले सुबह ट्रक से टक्कर हो गई। जिसमें एक युवक की मौत तथा 5 लोग घायल हो गए। घटना के संबंध में बताया जाता है कि तोपचांची से लौटने के क्रम में अल्टो कार की कोरकोट्टा राजगंज में ट्रक से भिड़ंत हो गई। जिससे कार में सवार 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद पुलिस ने सभी घायलों को धनबाद के शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। जबकि अन्य गंभीर लोगों का इलाज चल रहा है। घटना में घायल लोगों का कहना है कि वह लोग भूली आने के लिए अहले सुबह लौट रहे थे। इसी दौरान ट्रक से टक्कर हो गई। वही गंभीर रूप से घायल दो लोगों को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है।

## अवैध कोयला खनन पर पूर्ण रूप से लगा प्रतिबंध



**कुल्टी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) चांच विक्टोरिया क्षेत्र दामगोड़िया कोलियरी परियोजना के बोरीरा खदान में अवैध कोयला खनन पर पुरी तरह से प्रतिबंध लगाने को लेकर अवैध खनन की भराई के लिये एक अभियान चलाया गया। मिली जनकारी के मुताबिक बोरीरा खदान के भू-धंसान क्षेत्रों में अवैध कोयला खनन किया जा रहा था। सूचना मिलने के बाद त्वरित कार्यवाई करते हुए बोरीरा बेंच 01 में डोजर आदि मशीन लगाकर 03 अवैध खनन का भराई तथा एक रास्ता को मिट्टी पत्थर से जाम किया गया। जिससे कोयला चोरों में हड़कंप मचा हुआ है। इस अवसर पर कोलियरी के मैनेजर आरके नायक, खान सुरक्षा अधिकारी प्रबीर कुमार पाल, सीआईएसएफ निरीक्षक, पोस्ट कमांडर, क्राइम सिपाही तथा चौरंगी फांड़ी पुलिस बल उपस्थित थे।

# रेलवे महाप्रबंधक ने किया स्टेशन का निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता



**महुदा :** धनबाद जिले के महुदा में दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक अर्चना जोशी का बुधवार को आद्रा मंडल के महुदा जंक्शन सहित कई स्टेशनों का दौरा किया। महाप्रबंधक अर्चना जोशी ने बतायी कि उन्होने सर्वप्रथम राधागाँव तालगड़िया, खानुडीह महुदा भागा एवं भोजूडीह के तमाम क्षेत्रों का निरीक्षण के पश्चात डिवीजन के संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया है। इस दौरान सुश्री जोशी महुदा पहुँची जहाँ नव निर्मित चिल्ड्रेन पार्क का उदघाटन की। उदघाटन पश्चात उन्होने डीआरएम को पार्क में लाईटिंग समेत अन्य आवश्यक सुविधा बहाल करने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों द्वारा पुछे गये जनहीत के ज्वलंत सवालों का जवाव देते कहा कि यद्यपि एन एच ए आई द्वारा आर ओ बी निर्माण के साथ ही ग्रामिणों के लिये वैकल्पिक सब- वे का निर्माण करना था, लेकिन अब रेल प्रबंधन इस कार्य को अपने अधीन ले ली है,जल्द ही कार्य किया जायेगा। महुदा स्टेशन होकर दिल्ली को जाने वाली ट्रेनों के ठहराव और कोरोना काल से बंद पड़े ट्रेन को चालू करने और महुदा से सीधे रांची तक ट्रेन चलने के सवाल पर उन्होंने कहा कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामिणों के समर्पित माँग पर वो गंभीरता से विचार करते रेलवे वोर्ड को आवगत करायेंगी।

निरीक्षण पश्चात उन्होने क्षेत्र में उत्कृष्ट साफ-सफाई एवं रखरखाव हेतू आई ओ डब्लू को 20 हजार, मेडिकल विभाग को 10 हजार तथा बुकिंग ऑफिस संबंधित विभाग को 5 हजार का नकद जी एम एवार्ड से पुरष्कृत की।

## मैट्रिक व इंटरमीडिएट की परीक्षा कदाचार मुक्त संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** मंगलवार से शुरू हुई मैट्रिक व इंटरमिडिएट परीक्षा कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। इसकी जानकारी देते हुए अनुमंडल पदाधिकारी सह बज्रगृह-सह-जिला नियंत्रण कक्ष के प्रभारी प्रेम कुमार तिवारी ने बताया कि आज सभी परीक्षा केंद्रों पर मैट्रिक व इंटरमीडिएट की परीक्षा निर्धारित समय से शुरू हुई। किसी भी सेंटर से कदाचार करने या अन्य किसी प्रकार की शिकायतें प्राप्त नहीं हुई। जिला शिक्षा पदाधिकारी भूतनाथ रजवार ने बताया कि आज जिले के 103 सेंटर पर वोकेशनल सब्जेक्ट्स (व्यावसायिक विषय) के लिए आयोजित मैट्रिक की परीक्षा में 1023 छात्र उपस्थित हुए व 22 छात्र अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार इंटरमीडिएट के 88 सेंटरों में 971 छात्र उपस्थित रहे तथा 16 छात्र अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी ने सेंट एंथोनी स्कूल, अभय सुंदरी, बीएसएस महिला कॉलेज, झरिया गुजराती स्कूल तथा झरिया एकेडमी का भ्रमण किया। परीक्षा के दौरान पर्यवेक्षक सह स्टैटिक मजिस्ट्रेट तथा उड़नदस्ता सह गश्ती दल दंडाधिकारी भी अपने निर्धारित स्थल पर उपस्थित रहे। परीक्षा समाप्ति के बाद उड़नदस्ता सह गश्ती दल दंडाधिकारियों ने परीक्षा केंद्र से ओएमआर शीट एवं उत्तर पुस्तिकाओं के पैकेट प्राप्त कर अपनी देखरेख एवं पुलिस अभिरक्षा में बज्रगृह सह जिला नियंत्रण कक्ष (राजकीय पॉलिटेक्निक धनबाद) में हस्तगत कराए। वहीं बुधवार, 15 मार्च 2023, को मैट्रिक के लिए वाणिज्य / ग्रह विज्ञान तथा इंटरमिडिएट के लिए कंपलसरी कोर लैंग्वेज - आइए, हिन्दी ए, हिन्दी बी, मातृभाषा तथा इंग्लिश ए की परीक्षा हुई।

## टुंडी : बैंक ऑफ इंडिया ने सहायक अध्यापकों के लिए कम ब्याज दर पर ऋण शिविर का किया आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता



**टुंडी :** टुंडी प्रखंड के लोधरिया स्थित बैंक ऑफ इंडिया संग्रामडीह शाखा ने आज बुधवार को प्रखंड के सभी सहायक अध्यापकों के साथ बैठक किया और कम ब्याज दर पर ऋण लेने हेतु प्रेरित किया और सभी सहायक अध्यापकों के बीच ऋण पुस्तिका का वितरण किया एवं यथाशीघ्र आवेदन जमा करने की बात कही आवेदन जमा करते ही ऋण मंजूर करने पर बल दिया। अपने संबोधन में ऋण विभाग धनबाद के त्रिदीप चक्रवर्ती ने कहा कि वेतनमान के हिसाब से चौबीस गुणा की ऋण दिया जाएगा। एवं एम आई भी बहुत कम रखा गया है 10.35 ब्याज दर रखीं गई है जो अन्य बैंकों से काफी कम है। मौके पर आंचलिक बैंक प्रबंधक समीर कुमार चट्टोपाध्याय,वरीय प्रबंधक ऋण विभाग के रवि शंकर सिंह, त्रिदीप चक्रवर्ती, संग्रामडीह शाखा प्रबंधक गौतम प्रसाद वहीं सहायक अध्यापकों में नवीन चन्द्र सिंह, राजेश कुमार गोस्वामी, रंजीत चौधरी, शत्रुघ्न चौधरी, राजनारायण गोस्वामी, कोमेश हांसदा, मनोज महरा, अनिल राजवंशी, ईश्वर बास्की।समेत सैकड़ों सहायक अध्यापक उपस्थित थे।

# भारत बना दुनिया में तेजी से बढ़ती हुई बड़ी अर्थव्यवस्था : जाकिर हुसैन

प्रभात मंत्र संवाददाता



**गिरिडीह :** बुधवार को भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष जाकिर हुसैन खान ने एक वार्ता के क्रम में बताया कि भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए यह एक ऐतिहासिक पल है। पस्त पड़ चुकी विकास दर, भारी महंगाई और उत्पादन में कमी के दौर से उबरते हुए एनडीए सरकार ने ना सिर्फ मैक्रो-इकनॉमिक फंडामेंटल्स को मजबूत किया बल्कि अर्थव्यवस्था को एक तेज रफ्तार के साथ विकास पथ पर ले आई।

भारत की जीडीपी विकास दर जो दुनिया की सभी बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे अधिक है। विभिन्न रेटिंग एजेंसी और थिंकटैंक ने अनुमान जताया है कि एनडीए सरकार के तहत अगले कुछ वर्षों में भारत दुनिया का सबसे मजबूत अर्तव्यवस्था वाली देश बन जाएगा वहीं भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य संजय जयसवाल ने बताया कि कृषि को तेजी से बढ़ावा देने के लिए कई ठोस कदम उठाए जा रहे हैं एनडीए सरकार इनोवेशन और कुछ ठोस उपायों के जरिए देश के इस आधार को मजबूत बनाने की कोशिश कर रही है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना सिंचाई की सुविधाएं सुनिश्चित कर उपज को निश्चित ही बढ़ाएगी।

मौके पर इरफान अंसारी महामंत्री अल्प0 मोर्चा, इस्लाम चिस्ती उपस्थित थे।

## दो बाइक में टक्कर, एक की मौत, दो घयाल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खलारी :** खलारी थाना क्षेत्र के राय निर्मल महतो चौक व दिनेश होटल के बीच दो बाइक आपस में भिड़ंत हो जाने से तीन युवक गंभीर रूप से घयाल हो गया. घटना लगभग 7:30 की बतायी जाती है. जानकारी के अनुसार घयाल महेंद्र महतो (35वर्ष) बचरा के तरफ से डुन्डु अपना घर आ रहा था. उसी क्रम नाबालिक युवक अपने बाइक पर ट्रिपल लोड होकर दोस्तो के साथ तिरु फॉल के तरफ से बचरा अपने घर की ओर जा रहा था. इसी क्रम में दिनेश होटल के पास आपस मे भिड़ंत हो गया. दो बाइक आपस मे भिड़ंत हो जाने से तीन युवक गंभीर रूप से घयाल हो गये. घटना की सूचना मिलते ही खलारी पुलिस एसआई संदीप कुमार ने अपने दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुँचकर आनन फानन व स्थानीय युवक पंकज महतो के मदद से क्षेत्रीय हॉस्पिटल बचरा पहुँचाया गया. सूचना के अनुसार दुर्घटना में एक युवक की मौत हॉस्पिटल में इलज कर क्रम हो गया. वही एक और युवक हालात दैनीय है।

## अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ की 106 वीं कार्यसमिति की दो दिवसीय बैठक




प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** बुधवार को धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ के महामंत्री सक्रिय सलाहकार समिति के सदस्य रामधारी ने बताया कि भारतीय मजदूर संघ की औद्योगिक ईकाई अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ की 106 वीं कार्यसमिति की दो दिवसीय बैठक झारखंड के देवघर में संपन्न हुई। जिसमें महासंघ के पदाधिकारी के अलावे कोल इण्डिया के समस्त कम्पनियों के अध्यक्ष एवं महामंत्री उपस्थित हुये। इस कार्यक्रम का उदघाटन भाषण भा.म.संघ के राष्ट्रीय मंत्री सह जे.बी.सी.सी.आई. सदस्य सुरेन्द्र पांडेय ने की। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप भा.म.संघ के कोल उद्योग प्रभारी सह जे.बी.सी.सी.आई. सदस्य के.लक्ष्मा रेडडी के अलावे भा.म.संघ झारखंड प्रदेश के महामंत्री बृजबिहारी शर्मा भी उपस्थित थे। के. लक्ष्मा रेड्डी ने अपने भाषण में जी-20 एवं एल-20 पर विस्तृत रूप से जानकारी देते हुये बताया कि जी 20 में भारत देश एल20 में भारतीय मजदूर संघ को अध्यक्षता करने का मौका मिला जो गौरव की बात है।

उन्होंने संगठन की सदस्यता बढ़ाने एवं मजबूती करने पर बल दिया। उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता महासंघ के अध्यक्ष टीकेश्वर सिंह राठौर एवं संचालन महामंत्री सुधीर घुरडे ने किया।

## जरीडीह में हुए अमानवीय पुलिसिया कार्रवाई पर जांच की मांग

प्रभात मंत्र संवाददाता



**बिरनी :** बीते रात 09 मार्च को गिरिडीह के बिरनी थाना अंतर्गत जनता जरीडीह में हुए अमानवीय पुलिसिया कार्यवाई पर संज्ञान लेते हुए नेशनल ह्यूमन राइट्स एंड क्राइम कंट्रोल ब्यूरो (एन एच आर सी सी बी ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रणधीर कुमार ने निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जांच हेतु गृह मंत्रालय भारत सरकार, मुख्यमंत्री झारखंड, राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं महिला आयोग भारत सरकार नई दिल्ली को पत्र लिखा है । उपरोक्त पत्र में डॉ कुमार ने उल्लेख किया है कि बिते 09 मार्च को बिरनी पुलिस के द्वारा जनता जरीडीह में ग्रामीणों के साथ पुलिसिया कार्यवाई का विभस्त चेहरा देखने को मिला जो किसी भी रूप में न्यायसंगत नहीं है । जिस प्रकार से पुलिस द्वारा देर रात मुखिया समेत सैकड़ों ग्रामीणों बच्चों एवं महिलाओं पर बेरहमी से पुलिसिया कार्यवाई किया थाना प्रभारी के मौजूदगी में हुई यह प्रशासन को कतई शोभा नही देता है । देर रात बिना महिला पुलिस बल के महिलाओं के साथ बुरा बर्ताव एवं घरों में उत्पात मचाया जो बेहद ही शर्मनाक है । घटना घटित होने के लगभग आज 6 दिनों से भी ग्रामीणों का जनजीवन सामान्य नहीं हो पाई है ,भय के माहौल में जीवन आपन कर रहे हैं । गिरफ्तार छात्रों में 2 ऐसे छात्र हैं जिनकी परीक्षा आगामी माह में संभावित है , पुलिस के द्वारा 48 निर्दोष ग्रामीणों को नामजद अपराधी बनाया है एवं 150 ग्रामीणों को अज्ञात अभियुक्त बनाया है ,जो कई सवालों को उत्पन करती है । डॉ कुमार ने उपरोक्त पत्र में मांग करते हुए लिखा की आम जनमानस के भावनाएं एवं अधिकारों की रक्षा का ध्यान को रखते हुए इस अमानवीय पुलिसिया करवाई में गिरफ्तार निर्दोष ग्रामीणों को तत्काल रिहा किया जाए ,एवं इस संपूर्ण मामले का निष्पक्ष जांच केंद्रीय जांच एजेंसी से करते हुए दोषी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों पर उचित कठोर कारवाई करें ताकि ऐसे घटना की पूर्णावृति ना हो उक्त जानकारी गिरिडीह जिलाध्यक्ष योगेश कुमार पाण्डेय ने दिया।

# उपायुक्त ने विकास मेला को लेकर की पदाधिकारियों के साथ बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज बुधवार को जिला प्रशासन लोहरदगा द्वारा दिनांक 17.03.2023 को आयोजित होने वाले रोजगार-सह-विकास मेला को लेकर जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक समाहरणालय सभागार में की गई। बैठक में पदाधिकारियों द्वारा अपने-अपने स्टॉल व अन्य प्रेजेंटेशन की जानकारी दी गयी। मेला में जिला पशुपालन कार्यालय की ओर से स्टॉल व प्रेजेंटेशन में विभाग से सम्बंधित योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। सहकारिता विभाग द्वारा सहकारिता समितियों के गठन व लाभ की जानकारी दी जाएगी। इसी प्रकार जिला उद्योग केंद्र द्वारा पीएमईजीपी, नाबार्ड द्वारा किसान समितियों के गठन व कार्य, समाज कल्याण विभाग द्वारा विभागीय योजनाओं व तेजस्विनी परियोजना, आपूर्ति कार्यालय द्वारा एनएफएसएम व अन्य योजना की जानकारी दी जाएगी। कौशल और नियोजन कार्यालय द्वारा रोजगार के लिए ऑन द स्पॉट युवक-युवतियों के रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। जिला खेल कार्यालय द्वारा डे-बोर्डिंग कोच के 03 पदों (फुटबॉल-01, एथलेटिक्स के 02) लिए आवेदन लिए जाएंगे। विभिन्न खेल प्रतियोगिता के लिए तकनीकी स्टाफ व वोलेंटियर का रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। उपायुक्त द्वारा डॉ एपीजे अब्दुल कलाम कम्प्यूटर सेंटर में नए बैच के लिए एनरोलमेंट का कार्य जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी को कराये जाने का निदेश दिया गया। साथ ही मेला के लिए तय विभिन्न सेशन के बीच में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन करने का निदेश दिया गया। कार्यक्रम का आयोजन को लेकर अनुमण्डल पदाधिकारी लोहरदगा द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा की जानकारी देते हुए बताया गया कि रोजगार-सह-विकास मेला का आयोजन समाहरणालय मैदान परिसर लोहरदगा में दिनांक 17.03.2023 को पूर्वाहन 10.30 बजे से अपराह्न 4.30 बजे तक किया जाएगा। मेला में कृषि, किसान उत्पादक समूहों, उद्यान, पशुपालन एवं गव्य विकास, कौशल विकास (श्रम), नियोजनालय, मत्स्य, सहकारिता, उद्योग, समेकित जनजाति विकास अभिकरण,समाज कल्याण, झारखण्ड शिक्षा परियोजना, खेल, आपूर्ति कार्यालय के साथ-साथ, नाबार्ड, आरसेटी, युवा सद्भावना मंच, आईएचएम,झारखंड टूल रूम द्वारा स्टॉल लगाया जाएगा। पुस्तक पब्लिशर्स द्वारा पुस्तकों का भी एक स्टॉल में मेला में लगाया जाएगा जिसमें प्रतियोगी परीक्षाओं समेत अन्य तरह की किताबें उपलब्ध रहेंगी। मेला में आए युवक-युवतियों को कौशल एवं रोजगार, स्वरोजगार से संबंधित व अन्य विभागीय जानकारियां पावर प्रेजेंटेशन के माध्यम से दी जाएगी।

## जोन स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न, मिलजुलकर शांति सौहार्द के साथ मनाएं त्योहार : करमाली



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** रामनवमी और सरहुल पर्व को क्षेत्र में शांतिपूर्वक संपन्न कराने को लेकर थाना क्षेत्र मे जोन स्तरीय शांति समिति की बैठक किया गया। इसी अवसर पर 15 मार्च बुधवार को थाना के पुलिस अवर निरीक्षक हरिऔध करमाली के अगुवाई मे ग्राम खरता हनहट, गितिलगढ़ और तोडांग गांव के प्रतिष्ठित, सामाजिक एवं जनप्रतिनिधियों के अलावे पहान-पुजार के साथ मिलकर हनहट -सढ़ावे जोन स्तरीय शांति समिति की बैठक ग्राम हनहट गांव स्थित राजकीय बुनियादी विद्यालय प्रांगण में रखी गई। मौके पर हरिऔध करमाली ने कहा कि त्योहार एक दूसरे के बीच प्रेम और भाई चारगी संबधो को और मजबूत बनाता है, त्योहार मे शांति व्यवस्था पर व्यवधान पहुँचाने वाले व्यक्ति पर कानून की धारा अधिनियम के तहत सीधी कारवाई होगी। वही बैठक मे प्रखंड प्रमुख श्रीराम उराव ने कहा कि आप सभी लोग त्योहार को एक दुसरे के साथ मिल जुल कर मनाये। क्षेत्र मे अमन शांति व्यवस्था बनाये रखना हम सबका नैतिक दायित्व है। मौके पर उपरोक्त लोगो के अलावा पुर्व मुखिया श्याम सुन्दर उराँव, मोहन साहू, बाबुलाल पहान, अशोक पहान, लच्छू उराँव, अतिकुल रहमान, नौशाद आलम इत्यादि लोग उक्त शांति समिति के बैठक मे उपस्थित थे।

## महिला दिवस पर महिलाओं को अभिनन्दन, व पंजीयन प्रमाण पत्र का किया गया वितरण



**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 15 मार्च बुधवार को प्रखंड कार्यालय सभागार मे प्रखंड उप-प्रमुख मधुलिका रानी की अध्यक्षता व एवं प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी कमलेश उराँव व प्रखंड कर्मियों की उपस्थिति मे महिला दिवस के उपलक्ष्य पर एक दिवसीय समारोह आयोजित कर नवनियुक्त महिला मेट का पंजीयन प्रमाण पत्र का किया गया वितरण एवं अभिनन्दन। जिसमे योजना स्वीकृति प्रमाण पत्र, वित्तीय वर्ष 2022-23 में मानव दिवस सृजन के आधार पर महिला मुखिया सुमित्रा उरांव, सुमन उरांव, चंद्रमणि उरांव, का अभिनदंन किया गया। वही मानव दिवस में शत प्रतिशत का लक्ष्य हासिल करने वाले महिला ग्राम रोजगार सेवक राजमणि मिंज का अभिनदंन किया गया नए तरीके से कार्य करने वाले महिला मेटो ने अपना अनुभव साझा किया। साथ ही मनरेगा में महिलाओं की भागीदारी और योगदान कैसे बढाया जाय इसपे चर्चा किया गया। उपरोक्त्त कार्यक्रम मे उपरोक्त्त लोगों के अलावा मुख्य रूप से, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मृणाल प्रकाश, पंचायत सचिव गुहा उराँव, सुहैल अहमद जेएसएलपीएस के बिनीता तिर्की, सभी जनसेवक, सभी ग्राम रोजगार सेवक, सभी मुखिया, सभी मेठ, आदि उपस्थित थे।

## पर्यटको के लिए 65 डी0 में बनेगा रिसोर्ट भवन संयुक्त सचिव ने किया स्थल का निरक्षण



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड सरकार के कला संस्कृति पर्यटक खेलकूद विभाग के संयुक्त सचिव जिले के आला अधिकारियों के साथ प्रखंड क्षेत्र के बक्सीडीपा जंगल पहुंचकर स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने कहा कि मुख्य सड़क के किनारे स्थित जंगल में रिसोर्ट सेंटर का निर्माण 65 डिसमिल भूमी में कराया जाएगा। पहला चरण में रिसोर्ट का कार्य किया जाएगा स्थान बेहतर है। यहां पर नेतरहाट, धरधरिया जलप्रपात नंदगांव, 27 नंबर पुल,आदि पर्यटक स्थल है। जिसे दूर दूर से देखने आने वाले पर्यटकों को ठहराव की व्यवस्था हो जाने से पर्यटकों को काफी लाभ मिलेगा। झारखंड सरकार खेलकूद एवं पर्यटन क्षेत्र में काफी रुचि लिए हुए हैं। इस योजना का डेढ़ साल पहले प्रस्ताव जिला से भेजा गया था। जिसके आलोक में आगे का कार्य किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रथम चरण में रिसोर्ट का निर्माण होगा पार्क बनने की बात पूछने पर कहा संबंधित योजना बाद में देखा जाएगा उन्होंने स्थल के निरीक्षण के दौरान अधिकारियो के साथ मिलकर नक्शा का भी सत्यापन किया। मौके पर एसडीओ अरविंद कुमार लाल, जिला दंडाधिकारी अमित बेसरा एवं अन्य अधिकारी शामिल थे।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर नारी सशक्तिकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 50 महिलाओं को मिला नारी शक्ति सम्मान 2023 प्रशस्ति पत्र



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जलडेगा :** जलडेगा महिला आजीविका संकुल संगठन के तत्वाधान में और लीड्स संस्था के सहयोग से जलडेगा एस एस हाई स्कूल खेल मैदान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस आयोजित कर नारी सशक्तिकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 50 महिलाओं को नारी शक्ति सम्मान 2023 प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुवात अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। तत्पश्चात नारी सशक्तिकरण से संबंधित नारा लगाकर नारी एकता का परिचय को दिखलाया गया। महिला समूहों की दीदियों ने अतिथियों को फूल माला और पुष्प गुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती रोस प्रतिमा सोरेंग ने कहा की आज की नारी आगे आ चुकी है बस जरूरत है तो हिम्मत की और साथ चलने की, एकता का परिचय हर जगह देकर नारी ने आज समाज में अपनी एक अलग पहचान बना ली है। घर हो या बाहर आज महिला ही सबको चला रही हैं उन्होंने महिलाओं को शराब नहीं बनाने और न ही बेचने की सलाह दी। इसके अलावा उन्होंने सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी फूलो झानो योजना से जुड़कर खुद को स्वावलंबी बनाने की बात कही। कार्यक्रम को प्रमुख जुसाफ लुगुन, जिला परिषद सदस्य शांता रोजालिया कंडूलना, जलडेगा मुखिया बालमुनी लुगुन, पूर्व मुखिया जयमिला लुगुन, उप प्रमुख शशि सत्यभामा बडिंग, लीड्स संस्था के परियोजना समन्वयक आलोक कुमार सहित मिशन बदलाव संस्था के भूषण भगत आदि ने भी संबोधित किया। मंच संचालन जयंती देवी ने किया। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में सीसी बेलमति बोदरा, बीआरपी ललिता हेमरोम, सीएलएफ का अध्यक्ष अमृता देवी एवं सचिव पुष्पा देवी, कोषाध्यक्ष बिमला चीक बड़ाईक, मंच संचालन कर्ता जयंती देवी, बी ए पी ललिता हेमरोम, रेणु देवी, संगीता कुमारी, सरस्वती देवी, मार्सेला तिग्गा, राधा देवी बासमती देवी, सुखमती देवी, सुबरदानी लुगुन, प्रभा देवी आदि महिलाओं का विशेष रूप से सहयोग रहा।

# सेन्हा प्रखंड के सभी केंद्रों पर शांतिपूर्ण और कदाचार मुक्त हुआ परीक्षा संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहतदगा :** झारखण्ड अविविद्य परिषद द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा दूसरे दिन नन्दलाल प्लस 2 उच्च विद्यालय अरु तथा कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा में हुआ। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र स्थित संचालित नन्दलाल प्लस 2 उच्च विद्यालय अरु और कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा को मैट्रिक परीक्षा को लेकर केंद्र बनाया गया है। जिस निमित परीक्षा के दूसरे दिन बुधवार को नन्दलाल प्लस 2 उच्च विद्यालय अरु और कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा दोनों ही केंद्र में ही शांतिपूर्ण ढंग से कॉमर्स एवं गृह विज्ञान का परीक्षा हुआ। वही नन्दलाल प्लस 2 उच्च विद्यालय अरु में 96 छात्र छत्राओ में से 95 परीक्षार्थी उपस्थित हुए 01 छात्र अनुपस्थित रहा। तथा कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा में सभी 26 छात्र छात्राएँ उपस्थित हो परीक्षा दिया। परीक्षा कदाचारमुक्त व शांतिपूर्ण तथा सुकरु ढंग से सम्पन्न हो जिसके लिये प्रखंड कृषि पदाधिकारी रघुनंदन वैद्य और प्रखंड पशुपालन पदादिकारी डॉ मनोज कुमार को दंडाधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया। जिनके द्वारा अपने दायित्व का निर्वाह्न करते हुए पुलिस प्रशासन का सहयोग से शांति व्यवस्था बहाल किया गया। केंद्राधीक्षक अभिषेक गौरव, सहायक मेराज आलम के अलावे शिक्षक, शिक्षिकाएँ तथा ए एस आई आयता खेस, जमशेद खान दल बल के साथ परीक्षा केंद्र में मुस्तैद नजर आए। केंद्राधीक्षक सीमा नैन्सी लकड़ा और अभिषेक गौरव ने बताया कि मैट्रिक परीक्षा के दूसरे दिन भी सभी परीक्षार्थीयॉ ने शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा दिया जिसे परीक्षा शांतिपूर्वक और कदाचार मुक्त सम्पन्न हुआ।

## साई नर्सिंग होम के आई यूनिट में एक दर्जन लोगों का हुआ सफल इलाज



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोहरदगा शहरी क्षेत्र में स्थित चेकनाका के समीप,सांई नर्सिंग होम के आई यूनिट में बुधवार को प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत के सौजन्य से डॉक्टरों की टीम के द्वारा एक दर्जन आंखों के मरीजों का निःशुल्क मोतियाबिंद इलाज एवं फेको विधि से सफलता पूर्वक लेंस प्रत्यारोपण किया गया। इस मोतियाबिंद इलाज एवं फेको विधि से सफलता पूर्वक लेंस प्रत्यारोपण में आई सर्जन डॉक्टर लखन राठी, हॉस्पिटल प्रभारी डॉक्टर अजय कुमार,डॉक्टर एसके गुप्ता,आई तकनीशियन पूजा कुमारी,आयुष्मान भारत के स्टाफ राजू सिंह शामिल थे।जबकि डॉक्टरों और मरीजों की सहयोग में नीलू कुमारी, अनुराधा कुमारी, वर्षा कुमारी, सावित्री कुमारी, संदीप सिंह आदि शामिल थे। लाभान्वित होने वाले मरीजों में बिपता उरांव, बुदीयां उराइन, बिजय कुमार, ब्रजेश वर्मा, जमील अंसारी,लोकनाथ राम, जागेश्वर लेहरी, मंगरा उरांव, मदन मोदी, नेयामुद्दीन अंसारी, रामवृक्ष साहू, रंथु उरांव शामिल हैं। मौके पर साई नर्सिंग होम के प्रोपराइटर आशीष कुमार सिंह (पिंटू सिंह) ने कहा कि हमारे आई यूनिट के जरिए प्रतिदिन लगातार इस तरह के गरीब मरीजों को मोतियाबिंद इलाज एवं फेको विधि से सफलता पूर्वक लेंस प्रत्यारोपण का लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत गरीब तबके के अलावे मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए भी वरदान साबित हुआ है। श्री सिंह ने कहा कि मरीजों को ग्रामीण क्षेत्रों से आई यूनिट तक लाने के लिए सुविधा भी दी जाती है। वाहन भी उपलब्ध कराये जाते हैं।आर्थिक रूप से कमजोर ग्रामीण आंखों का इलाज नहीं करा पाते थे,लेकिन अब आयुष्मान भारत से इलाज आसान व बेहद सस्ता हो गया है।

## ग्रामीणों ने पेयजल समस्या से जीप सदस्य को कराया अवगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र भ्रमण के दौरान सेन्हा बांधटोली के ग्रामीणों ने पेयजल समस्या से जिला परिषद को कराया अवगत खराब जलमीनार को सुचारू रूप से संचालित करवाने का किया मांग। सेन्हा प्रखंड के सेन्हा बांधटोली ग्राम में वर्षो पूर्व पेयजल व स्वच्छता विभाग लोहरदगा के अन्तर्गत लघु ग्रामीण जलापूर्ति योजना डी एम एफ टी के द्वारा संवेदक के माध्यम से जलमीनार का निर्माण कराया गया था। परंतु जलमीनार निर्माण कार्य वर्षो पूर्व निर्मित होने के बावजूद आज तक सुचारू ढंग से जलमीनार संचालित नही हुआ है। जिससे ग्रामीणों के बीच पेयजल आपूर्ति का समस्या वर्षो से बना हुआ है। उक्त बातें क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्रामीणों ने जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की को अवगत कराते हुए जलमीनार संचालित करवाने का मांग किया। पेयजल समस्या की बात सुन जिला परिषद सदस्य बांधटोली स्थित जलमीनार का निरीक्षण कर ग्रामीणों को आश्वसन देते हुए अविलम्ब निदान करवाने के दिशा में कदम उठाने तथा जिला के उपायुक्त से बात कर अवगत कराने की बात कही। साथ ही उन्होंने कहा ग्रामीण विकास योजना हो या पेयजल योजना जनता के हित के लिए धरातल पर लाया जाता है। और जिस योजना से जनता को लाभ नही वैसे योजना से संवेदक द्वारा अपना पैकेट मनी बनाने का कार्य किया जाता है। जो बर्दाश्त नही किया जाएगा। ग्रामीणों को पेयजल समस्या से जल्द निजात दिलाने की बात कही गई।

## महिलाएं आज हर क्षेत्र में आगे : अशोक कुमार चोपड़ा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा की अध्यक्षता में महिला दिवस मनाया गया। महिला दिवस कार्यक्रम के मौके पर बीडीओ श्री चोपड़ा ने कहा कि समाज गतिशील है। जिसे कुरीतियां बदलते रहेंगे परेशानी होगी ही उसे मजबूती के साथ लड़ने की क्षमता आपको रखना है। जब महिलाएँ सशक्त और मजबूत बन कर सामने आएंगी तब हर बुराई और परेशानी दूर हो जायेगा। साथ ही कहा कि सभी चीज में आज के दौर मे महिलाएँ पूर्ण हैं। महिलाओं के बिना कोई काम सम्भव नही है। मौके पर जेई आकांक्षा, मन्नू कुमारी,पंचायत समिति सदस्य प्रीति देवी, अनूपा लकड़ा, मुखिया शोभा देवी, राजश्री उराँव, बसन्ती देवी, पार्वती उराँव, कमला देवी के द्वारा भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया गया। साथ ही समाजिक स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने के लिये प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके प्रखंड कर्मी कमला देवी, रोजगार सेवक,अंजू कुमारी, रेखा कुमारी,अंजू तिर्की के अलावे पूजा कुमारी, सरिता देवी, संगीता कुमारी, सोनम कुमारी, शांति कुमारी सहित सैकड़ो महिलाएँ उपस्थित थी।

## मुखिया सुमंती तिग्गा की अध्यक्षता में विशेष ग्राम सभा का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** भंडरा प्रखंड के भौंरो पंचायत सचिवालय में बुधवार को मुखिया सुमंती तिग्गा की अध्यक्षता में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम स्तर से चयनित योजनाओं का अनुमोदन किया गया। साथ ही प्राथमिकीकरण योजना के क्रियनवयन का चयन किया गया। जिसमें प्रखंड के शिक्षा, बाल विकास परियोजना, कल्याण, पीएचईडी, मनरेगा व कृषि विभाग के अधिकारी भी शामिल हुए। मौके पर मुखिया सुमंती तिग्गा ने कहा कि पंचायत के सर्वांगीण विकास को लेकर जीपीडीपी योजना के तहत प्राथमिकता के आधार पर योजना का चयन कर अनुमोदन किया गया। जिसे 15 वीं वित्त योजना के तहत क्रियनवयन किया जाना है। उन्होंने कहा कि पीसीसी, आंगनबाड़ी मरम्मती, सिंचाई कूप मरम्मती,नया सिंचाई कूप, सरकारी विद्यलाय में पढ़ रहे बच्चों का मानसिक और शारीरिक विकास हेतु योजना के चयन को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। मौके पर पंचायत सचिव रउफ अंसारी, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी नीता सरकार, बाल विकास परियोजना की पर्यवेक्षिका नीलम मिंज, पीएचईडी के प्रखंड समन्वयक प्रभा कुमारी, वंदना कच्छप सहित पंचायत के जनप्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद थे।

## विधायक भूषण बाड़ा ने दो सड़कों को दुरुस्त कराने की रखी मांग



**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विधायक भूषण बाड़ा ने विस सत्र में जिले के दो सड़कों को दुरुस्त कराने की मांग की है। सत्र के माध्यम से विधायक ने केरसई ठेसुटोली से आरसी उवि टैंसेर तक जर्जर सड़क एवं कोचेडेगा के बांसपहाड़ होते हुए कायोटोली तक के पथ को दुरुस्त कराने की मांग की है। विधायक ने कहा है कि दोनों पथ में केवल ग्रेड-1 का कार्य हुआ है। सड़क में बिछाए गए बोल्डर भी उखड़ने लगा है। बोल्डर उखड़ जाने से लोगों को अवागमण में काफी परेशानी हो रही है। बोल्डर उखड़ने से सड़क दुर्घटना भी बढ़ गई है। विधायक ने सड़क मरम्मत के संबंध में सवाल पूछा है। जिसके जवाब में बताया गया है कि प्राथमिकता आधारित अनुशंसा प्राप्त होने पर विभागीय नीति एवं बजटीय उपबंध के अलोक में सड़क मरम्मत का निर्णय लिया जाएगा।

### कैरो पोस्टमास्टर का पुत्र कल्याण कुमार ने रचा इतिहास

# ऑस्ट्रेलिया में बेस्ट बुक ऑफ ईयर और बेस्ट राईटर ऑफ द ईयर से हुए सम्मानित

➲ **पिछले वर्ष कल्याण कुमार को न्यूयॉर्क में मिला था बेस्ट बुक ऑफ ईयर में दूसरा स्थान**




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** लोहरदगा जिला अंतर्गत कैरो प्रखंड के कैरो उतका गांव निवासी पोस्टमास्टर जगदीश प्रसाद यादव व सुनीता देवी के 17 वर्षीय पुत्र कल्याण कुमार की 10वीं पुस्तक बिग एंड बेटर का रिजल्ट 15 मार्च को ऑस्ट्रेलिया में प्रकाशित किया गया जिसमे कल्याण को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। साहित्य के क्षेत्र में ऑस्ट्रेलिया में बेस्ट बुक ऑफ ईयर और बेस्ट राईटर ऑफ द ईयर 2023 से सम्मानित हुए। कल्याण कुमार भारत के अलावे विदेशों में भी जिले का नाम रौशन किया है। कल्याण कुमार के द्वारा अबतक कुल 10 पुस्तके लिखी गई है। अंग्रेजी भाषा की पुस्तक पॉवर्टी इन इंडिया का पब्लिकेशन न्यूयार्क में हुआ। इसके अलावे उन्होंने मैजिक ऑफ वड्स, मेरी मंजिल, दी जर्नी टू फ्रीडम, दी आर्ट ऑफ पोएट्री, दी असेंड फीलिंग्स, एक हसीन सफर, दी रीयूनियन, फ्रेम ऑफ इमेजिनेशन व बिग एंड बेटर नामक पुस्तक लिखी गई है। बिग एंड बेटर पुस्तक बेस्ट बुक ऑफ द ईयर का अवार्ड के लिए आस्ट्रेलिया में नॉमिमेट किया गया था। कल्याण को भारत सरकार की ओर से शानदार प्रदर्शन के लिए साहित्य के सबसे बड़े रबिन्द्रनाथ टैगोर अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है। इसके अलावे कल्याण को और भी कई पुरस्कार व अवार्ड मिल चुके हैं। कल्याण द्वारा लिखी गई पुस्तक हिमाचल प्रदेश के संत फ्रांसिसी स्कूल के सिलेबस में शामिल किया जा चुका है। वर्तमान समय मे न्यूयॉर्क पब्लिशिंग एजेंसी के साथ काम करने वाले अकेले भारतीय लेखक कल्याण कुमार लोहरदगा जिला को विश्व में पहचान दिलाया। सफलता का श्रेय कल्याण अपने परिवार और दोस्तो को देते हैं। कल्याण फिलहाल रांची कपिलदेव स्कूल में 12वीं का छात्र है। कल्याण बताते हैं कि जब पूरा देश कोरोना जैसे महामारी के दौर से जूझ रहा था स्कूल कॉलेज एवं सभी सार्वजनिक संस्थाने बन्द थी। तब कल्याण ने लॉकडाउन जैसी परिस्थिति में घर के अंदर समय बिताना काफी मुश्किल था। मन ही मन सोचा अपने अंदर की प्रतिभा को निखारने का सही समय आ गया। और लगभग 6 महीने की मेहनत रंग लाई। और अब कल्याण को पुस्तक लिखना मानो उसकी सबसे ज्यादा पसंदीदा शौक हो गया

## जलडेगा प्रखंड अंतर्गत पतिअम्बा पंचायत में कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित हुआ हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जलडेगा :** जिला के जलदेगा प्रखंड अंतर्गत पतिअंबा पंचायत के खरवागढ़ा टोली में कांग्रेस पार्टी द्वारा हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम का हुआ आयोजन मौके पर सम्मिलित रहे कोलेबिरा विधानसभा के विधायक नमन विक्सेल कोंगाड़ी कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सुशील जाडिया ने की उन्होंने कहा हमारी कांग्रेस पार्टी जिस तरह केंद्र में राहुल गांधी के नेतृत्व में सभी जाति धर्म और संप्रदाय के लोगों को सभी राज्य के लोगों को एक साथ जोड़ने का काम कर रही है उसी तरह हम लोग भी इस झारखंड में और इस सिमडेगा जिले में सभी लोगों को एक साथ जोड़ने का काम कर रही है बीजेपी द्वारा जाति धर्म के नाम पर एक दूसरे को धर्म के नाम पर नफरत फैलाने के खिलाफ हमारी कांग्रेस पार्टी सबको आपसी मेल मिलाप और भाईचारा के साथ जोड़ने का कार्य कर रही है । कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अल्पसंख्यक अध्यक्ष रावेल लकड़ा, जिला विधायक प्रतिनिधि समी , अवध कुमार साहु, अर्जुन होरो, अनिल डांग, रहीम खान, सुनील सुरीन, पंकज कुमार साहु, शिशिर लुगुन आदी उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर क्षेत्र में अलर्ट जारी संक्रमित से बचने का किया अपील

**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेन्हा प्रखंड क्षेत्र में बर्ड फ्लू खतरा को लेकर स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सा प्रभारी ने किया अलर्ट जारी कहा बर्ड फ्लू संक्रमित पक्षियों के मांस खाने से फैलता है। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र में बर्ड फ्लू संक्रमण का खतरा होने की सूचना नही होने के बावजूद स्वास्थ्य विभाग एवं पशुपालन विभाग अलर्ट मोड पर हैं। वहीं चिकित्सा प्रभारी दिव्या निशि ने अलर्ट जारी करते हुए प्रखंड वासियों से अपील किया है। कि संक्रमित पक्षी या मुर्गा मुर्गी का मांस न खाएं हालांकि अभी तक प्रखंड क्षेत्र के किसी भी हिस्से में पक्षी या मुर्गो की मरने की सूचना नहीं है। और ना ही बर्ड फ्लू का मामला प्रकाश में आया है। उसके बावजूद भी चिकित्सा कर्मियों को बर्ड फ्लू जैसा संक्रमित बीमारी से निपटने की दिशा में पूर्व से अलर्ट जारी कर दिया गया है।

## चलते चलते एक नजर

### मजलिस चेहल्लुम का हुआ आयोजन

**रांची:** मस्जिद जाफरिया रांची में मजलिस चेहल्लुम का आयोजन किया गया। मजलिस के मुख्यातिथि मौलाना नाजिम अली खैराबादी ने अपने संबोधन में कहा कि आज देश राज्य और समाज को एकता के लिए एक ऐसे लीडर की जरूरत है, जो हर मैटर्स को कुरआन पाक और पैगंबर के द्वारा एकता और भाईचारे की दावत दे। मुसलमानों में जो बिखराव पैदा हो गया है उसे कुरान व हदीस के रौशनी में दूर करे। मुसलमानों को चाहिए कि कुरान और अहल ए बैत का दामन से जुड़े रहे। ताकि दीन व दुनिया दोनो में सफल हो। वहीं मस्जिद जाफरिया के इमाम व खतीब हजरत मौलाना सैयद तहजीबुल हसन रिजवी ने मजलिस को संबोधित करते हुए हजरत अली की शान और उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। साथ ही शिक्षा की महत्व को बताया। यह मजलिस सैयद अकील रजा, सैयद नासिर हुसैन, सैयद अमीर हुसैन ने अपने सवर्गीय पिता सैयद अबुल हसन इब्न निआमत हुसैन की याद में किया था। कार्यक्रम का संचालन ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड झारखंड के चेयरमैन मौलाना सैयद तहजीबुल हसन रिजवी ने किया, सोजखानी सैयद अता इमाम रिजवी और पेश खानी सैयद निहाल हुसैन, कासिम अली, अमूद अब्बास,बुलंद अख्तर ने किया। मौके पर सैयद हसनैन जैदी, अशरफ हुसैन, जावेद हैदर, अली हसन फातमी, मेहंदी इमाम, सैयद काजिम हुसैन, इकबाल हुसैन, यादगार नकवी, इकबाल फातमी, सैयद यावर हुसैन, सैयद समर अली समेत सैकड़ों लोग थे।

### झारखंड विधानसभा : लंबोदर महतो ने बिना मीटर लगाए बिजली बिल देने का मुद्दा उठाया

**रांची :** गोमिया विधायक लंबोदर महतो ने हजारीबाग, कोडरमा सहित झारखंड के ग्रामीण इलाकों में बिना बिजली मीटर लगाए उपभोक्ताओं को बिजली बिल देने का मामला बुधवार को सदन में उठाया। लंबोदर महतो ने कहा कि ऐसे उपभोक्ताओं का बिल माफ किया जाए। इसके जवाब में प्रभारी मंत्री बन्ना गुप्ता ने बताया कि हम उपभोक्ताओं को वन टाइम सेटलमेंट का विकल्प दे रहे हैं। ऐसा करने वाले उपभोक्ताओं से सर चार्ज नहीं ले रहे हैं। इसके अतिरिक्त हम उपभोक्ताओं को बिजली मीटर लगाने पर एक सौ यूनिट बिजली फ्री देने का ऑफर भी दे रहे हैं। सरकार इस मामले में गंभीर है। गोमिया विधायक डॉ. लंबोदर महतो ने गोमिया प्रखंड में विगत कई वर्षों से बनकर तैयार राजकीय डिग्री कॉलेज की त्रुटियों का निराकरण करते हुए इसका उद्घाटन करने व आगामी शैक्षणिक सत्र से शिक्षण कार्य प्रारंभ करने की मांग की है। उन्होंने यह मांग बुधवार को झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान शून्यकाल में की। उन्होंने कहा कि यह डिग्री कॉलेज का भवन विगत कई वर्षों से बनकर तैयार है, जिसमें प्राक्कलन अनुरूप गुणवत्ता पूर्वक कार्य नहीं है। यह तथ्य राज्यपाल द्वारा गठित समिति द्वारा भी किया गया है तथा कई त्रुटियों का निराकरण नहीं होने के कारण भवन का उद्घाटन नहीं हो पाया है। शैक्षणिक सत्र अभी तक प्रारंभ नहीं हो पाया है। इसके कारण हजारों छात्र-छात्राएं उच्च शिक्षा से वंचित हो रहे हैं। हमारी सदन के माध्यम से सरकार से यह मांग है कि उक्त त्रुटियों का निराकरण करते हुए डिग्री महाविद्यालय का उद्घाटन करते हुए आगामी शैक्षणिक सत्र से शिक्षण कार्य प्रारंभ कराया जाये और निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने वाले संवेदक एवं दोषी पदाधिकारियों का चिह्नित कर उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाए ।

# संत मरियम स्कूल में वार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** नावाटोली स्थित शहर के प्रतिष्ठित स्कूल संत मरियम के छात्रावास के बच्चो का वार्षिक परीक्षा परिणाम गुरुवार को घोषित किया गया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य कुमार आदर्श ने कहा कि छात्रावास परिसर का परिणाम घोषित किया गया है। आज कजरी और नावाहाता परिसर का परीक्षा परिणाम घोषित किया जाएगा। सभी अभिभावक प्राप्त सूचना के आधार पर तय की गई समय में विद्यालय आकर अपने बच्चों का रिजल्ट प्राप्त कर लें। साथ ही प्राचार्य ने सभी अभिभावकों को सूचित किया कि स्कूल के नए सत्र की शुरूआत 20मार्च से होगी। सभी अभिभावक अपने बच्चों को स्कूल भेजने से पहले संबंधित यूनिफॉर्म और पुस्तक ससमय ठीक कर ले। उक्त मौके पर विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि अपने अथक परिश्रम और असीमित ऊर्जा का प्रयोग करते हुए विद्यार्थियों ने पूरे दमखम के साथ वार्षिक परीक्षा में बेहतर परीणाम हासिल किया है। विद्यार्थियों को अपनी ऊर्जा को बरकरार रखते हुए लक्ष्य प्राप्ति तक अनवरत मेहनत करने की आवश्यकता है। बेहतर मार्गदर्शन और शिक्षकों के सफल सामूहिक प्रयास से स्कूल के बच्चे पढ़ाई के साथ साथ विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर परिणाम हासिल कर रहे है। मौके पर उपस्थित अभिभावकों ने भी उत्कृष्ट शिक्षा के लिए स्कूल का आभार प्रकट किया।




## मुख्यमंत्री से मिले कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव बल्लभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से बुधवार को झारखंड विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव बल्लभ ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी। इस अवसर पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर सहित अन्य उपस्थित थे।

## महावीर मंडल व श्री महावीर मंडल डोरंडा ने डीआईजी के साथ की बैठक

**बैठक में प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि सभी अखाड़ो एवं मंदिरों में साफ सफाई एवं बिजली व्यवस्था की जाए ।**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** श्री रामनवमी महोत्सव को सफल बनाने के लिए श्री महावीर मंडल राँची एवं श्री महावीर मंडल डोरंडा पदाधिकारियों एवं नेतृत्वकर्ताओ का प्रतिनिधि मंडल डीआईजी राँची अनूप बिल्थरे के साथ बैठक संपन्न हुई ।

बैठक में सभी अखाड़ाधारियों ने वर्तमान में श्री रामनवमी महोत्सव में होने वाली समस्याओं से अवगत कराया। बैठक में प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि सभी अखाड़ो एवं मंदिरों में साफ सफाई एवं बिजली व्यवस्था की जाए ।शोभायात्रा के मुख्य मार्ग में ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त एवं ब्रैकेटिंग की जाए ।अस्त्र-शस्त्र प्रतियोगिता के आयोजन में भाग लेने जा रहे खेलाड़ियो के लिए सुरक्षा का इंतजाम की जाए । डीआईजी राँची ने सभी अखाड़ाधारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना एवं समस्याओं के समाधान का विश्वास दिलाया। बैठक में राजीव रंजन मिश्रा, रामधन बर्मन, ललित ओझा, अशोक पुरोहित, संजय पोद्दार, राज किशोर, अर्जुन गिरी, नकुल तिकी, गोपक पारीक राज किशोर, कैलाश केसरी, लंकेश सिंह, राहुल सिन्हा चंकी,डॉ जीवधन प्रसाद, सुनील सहाय, प्रकाश चंद्र सिन्हा, मुन्ना अग्गरवाल, सुरेश यादव, युवराज पासवान, ज्योति शंकर साहू, बजरंग वर्मा, अमरदीप साहू, प्रकाश साहू , प्रदीप साहू,पप्पू सिंह, सहित दर्जनों अखाड़ाधारी उपस्थित थे.

# पेयजल समस्या को लेकर महापौर अरुणा शंकर आज करेगी मैराथन बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** मेदिनीनगर की महापौर अरुणा शंकर निगम क्षेत्र में पेयजल की समस्या से निगमवासियों को निजात दिलाने हेतु आज मैराथन बैठक करेगी। बैठक में पीएचडी एवं निगम के पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि इस वर्ष पेयजल की समस्या विशेष होने की संभावना है। जिसके लिए निगम और पीएचडी को पहले से ही तैयारी रहना होगा। महापौर ने पार्षदों से कहा है कि आप बैठक में अपने वार्ड की जानकारी के साथ आएं ताकि तत्काल समाधान निकाला जा सके। बैठक में पार्षद यह जानकारी देंगे कि वार्ड में कितने चापानल है। उसमें कितने चल रहे हैं, कितने खराब है तथा कितने चलने योग्य नहीं है। दूसरा, वार्ड में कितने जीवित सरकारी कुए हैं, जिसे सफाई कर पीने योग्य बनाया जा सकता है। तीसरा वर्तमान व्यवस्था में पानी का वैकल्पिक व्यवस्था और क्या क्या किया जा सकता है ? चौथा, वार्ड में प्रमुख लोगों की राय से 5 पॉइंट निर्धारित करें, जहां टैंकर से पानी सुबह और शाम दिया जा सके। महापौर ने पार्षदों से वार्ड के 5 गणमान्य लोगों का भी नाम और मोबाइल नंबर बैठक में उपलब्ध कराने को कहा है, जो अपने वार्ड में पार्षदों के साथ मिलकर वार्ड के पानी की व्यवस्था में निगम को सहयोग करेंगे। तथा मैं स्वयं जरूरत पड़ने पर उन सबों के साथ वार्ड में जाकर बैठक करूंगी। महापौर ने सभी सामाजिक संस्थानों से विशेष अनुरोध किया है की इस वर्ष ज्यादा से ज्यादा निगम क्षेत्र में पनशाला खोलें। यह एक पुण्य का कार्य है और समाज की जरूरत भी। महापौर ने कहा कि पनशाला के लिए पानी की चिंता ना करें। निगम अलग से शुद्ध पेयजल का टैंकर चलाएगा। सभी पनशाला जहां पानी उपलब्ध नहीं होगा वहां प्रतिदिन पानी उपलब्ध कराया जाएगा द्य महापौर ने पीएचडी को भी हिदायत दी है कि निगम क्षेत्र अंतर्गत आने वाले अपने सभी पंप हाउस को पीएचडी दुरुस्त रखे। अगर कोई समस्या है तो बैठक में बताएं। निदान किया जाएगा लेकिन लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।बता दें कि निगम क्षेत्र में पेयजल की समस्या को लेकर संवेदनशील हैं महापौर। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि पेयजल की किल्लत किसी भी स्थिति में वरदाश्त नहीं की जाएगी।

# मंत्री जोबा मांझी ने किया प्रथम ई पत्रिका पोषण धारा का शुभारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा मंत्री श्रीमती जोबा मांझी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लाभुकों को ससमय मिले, इस हेतु हर संभव प्रयास किया जाये। साथ ही योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं एवं शिकायतों का त्वरित निष्पादन करें। वह आज विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक में पदाधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रही थीं। श्रीमती जोबा मांझी ने विभाग एवं यूनिसेफ के तकनीकी सहयोग से संपादित विभाग की प्रथम ई-पत्रिका पोषण धारा का शुभारंभ किया। पत्रिका का उद्देश्य झारखण्ड के सुदूर एवं दुर्गम क्षेत्र से कुपोषण से ग्रसित महिलाओं एवं बच्चों को बाहर निकाल लाने के प्रयासों की सफलता को इस पत्रिका के माध्यम से प्रकाशित करना है। यह पत्रिका क्षेत्र में



कार्यरत कर्मियों, सहयोगियों, लाभार्थियों, किशोरी बालिकाओं एवं बच्चों को साझा मंच देने का प्रयास है। साथ ही जनमानस को पोषण विषय पर ज्यादा से ज्यादा जागरूक कर झारखण्ड को कुपोषण मुक्त बनाना है। उन्होंने सभी जिले को वर्ष 2023 में आयोजित होनेवाले पोषण पखवाड़ा एवं पोषण माह में भाग लेने हेतु प्रोत्साहित किया। बैठक में जोबा मांझी ने विभाग द्वारा संचालित महत्वपूर्ण योजनाओं यथा आइसीसी अन्तर्गत वेतन, संविदा भत्ता, मानदेय एवं मकान किराये के भुगतान की स्थिति, आँगनबाड़ी केन्द्रों में सेविका एवं सहायिका के चयन की प्रगति, आँगनबाड़ी केन्द्रों में पूरक पोषाहार कार्यक्रम का संचालन, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का क्रियान्वयन, आँगनबाड़ी केन्द्रों के भवन, बिजली, चापाकल शौचालय निर्माण की स्थिति, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री लक्ष्मी लाडली योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, सामाजिक कुरीति निवारण योजना, ओल्ड एज होम, मूक बधिर विद्यालय, नारी निकेतन, तेजस्विनी योजना, कौशल प्रशिक्षण, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, वन स्टॉप सेन्टर, उज्ज्वला योजना, महिला हेल्पलाईन 181, कामकाजी महिला छात्रावास योजना, मिशन वात्सल्य के तहत संचालित महत्वपूर्ण योजनाओं की भी समीक्षा की।

बैठक में महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के सचिव कृपानंद झा, निदेशक समाज कल्याण छवि रंजन, निदेशक झारखण्ड राज्य बाल संरक्षण संस्थान बी. राजेश्वरी, सचिव संयुक्त अभय नंदन अम्बष्ठ, संयुक्त सचिव श्रीमती अर्चना मेहता, संयुक्त सचिव श्री राजेश प्रजापति, सहायक निदेशक और अन्य कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## तीन दिवसीय इंट्रा क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन 17 से

**रांची।** कंट्री क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित तीन दिवसीय इंट्रा क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन जेएससीए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में 17 मार्च से 19 मार्च तक होगा।इस टूर्नामेंट में चार टीमें भाग ले रही है जिसका नाम हैः ग्लैडिएटरस (कैप्टन अनुपम देव) जायंट्स (कैप्टन अमित गिल) डायनामाइट (कैप्टन विक्रम सिंह) सुपरकिंग्स (पुरुषोत्तम कुमार )इस टूर्नामेंट के ट्राफी का अनावरण जेएससीए अध्यक्ष संजय सहाय और कंट्री क्रिकेट क्लब के सचिव अजय नाथ शाहदेव द्वारा संयुक्त रूप से किया गया साथ ही साथ भाग लेने वाली चारों टीमों को ड्रेस भी दिया गया।इस टूर्नामेंट में 17 और 18 मार्च को तीन तीन मैच खेले जाएंगे तथा दिनांक 19 मार्च को सेमीफाइनल और फाइनल मैच खेला जाएगा। ट्रॉफी अनावरण कार्यक्रम के अवसर पर जेएससीए और सी सी सी सीमा

# काले धन का असली मालिक कौन है : गौरव वल्लभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के प्रवक्ता प्रो. गौरव वल्लभ ने कांग्रेस भवन, रांची में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। इस अवसर पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद, राकेश सिन्हा, डॉ एम तौसीफ, सतीष पॉल मुंजनी, गजेन्द्र सिंह उपस्थित थे। पत्रकारों को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के प्रवक्ता प्रो. गौरव वल्लभ ने कहा कि देशवासी जानना चाहते हैं कि कैसे एक संदिग्ध साख वाला समूह, जिस पर टैक्स हेवन देशों से संचालित विदेशी शेल कंपनियों से संबंधों का आरोप है, भारत की संपत्तियों पर एकाधिपत्य स्थापित कर रहा है। और इस सब पर सरकारी एजेंसियां या तो कोई कार्यवाही नहीं कर रही हैं या इन




सब संदिग्ध गतिविधियों को ही सुगम बनाने में जुटी है। देश जानना चाहता है कि प्रधानमंत्री ने एक मित्र पूंजीपति को विश्व के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति बनाने में मदद क्यों की और वे इस गंभीर अंतरराष्ट्रीय खुलासे पर चुप क्यों हैं? हम किसी व्यक्ति के दुनिया के अमीरों की सूची में 609वें से दूसरे स्थान पर पहुँचने के खिलाफ नहीं है। विशेष तौर पर हम टैक्स हेवन देशों से आपत्तिजनक संबंधों, धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे एक खास व्यक्ति द्वारा हमारी अंतर्राष्ट्रीय सद्भावना और राष्ट्रीय संसाधनों का लाभ उठाते हुए एकाधिपत्य स्थापित करने के खिलाड़ हैं।हम जानना चाहते हैं कि मोदी सरकार इस मुद्दे पर जाँच के लिए एक संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) बनाने से क्यों डर रही है जबकि संसद के दोनों सदनों में उसका अच्छा बहुमत है। स्विट्जरलैंड के केंद्रीय बैंक के पिछले वार्षिक डेटा के मुताबिक 2021 में स्विस बैंकों में जमा भारतीय व्यक्तियों और कंपनियों का पैसा 14 वर्षों के उच्चतम स्तर 3.83 बिलियन स्विस फ्रैंक्स (30,500 करोड़ रु. से अधिक) पर पहुँच गया है।

## रिम्स के डेंटल कॉलेज को मिली मान्यता ये गर्व का क्षण : डॉ कामेश्वर प्रसाद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भारतीय दंत परिषद से रिम्स डेंटल कॉलेज को मान्यता मिल गयी है। इसपर रिम्स निदेशक डॉ कामेश्वर प्रसाद ने कहा कि यह हम सभी के लिए गर्व का क्षण है। इस उपलब्धि के लिए उन्होंने डेंटल कॉलेज के सभी शिक्षकों, पूर्व डीन डॉ एनएन सिंह और पूर्व प्राचार्य डॉ आशीष जैन को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इससे न केवल मौजूदा छात्रों को बल्कि आने वाली पीढ़ी को भी लाभ होगा। मान्यता नहीं होने की वजह से हर साल बीडीएस में दाखिले के लिए जद्दोजहद करनी पड़ती थी, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। हर साल डेंटल कॉलेज में नियमित प्रवेश होंगे।दन्त चिकित्सा के छात्रों को सम्बोधित करते हुए प्रो कामेश्वर प्रसाद ने कहा कि निजी प्रैक्टिस से डॉक्टर पैसे जरूर कमा लेंगे लेकिन उन्हें अपने क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल नहीं होगी। उन्होंने दोहराया कि छात्र अलग तरह से सोचने के लिए खुद को चुनौती दें तभी वह बुलंदियों को छू पाएंगे। मौके पर प्रभारी प्राचार्य डॉ एम बी जयप्रकाश ने बताया की भारतीय दन्त परिषद के निरीक्षण से पहले मान्यता प्राप्त करने के लिए परिषद की ओर से तय की गयी सभी आवश्यकताओं को पूरा किया गया और अब डेंटल कॉलेज में सभी प्रकार की अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं।

युवा सद्भावना | पुस्तक | पुस्तकालय | खेल-कूद | रोजगार | स्वरोजगार

रोजगार सह विकास मेला

17 मार्च 2023 (10:30 AM to 4:30 PM)

स्थान - समाहरणालय मैदान परिसर, लोहरदगा

PR NO-292676 (Lohardaga) 22-23

आयोजक - जिला प्रशासन लोहरदगा